प्रस्तावना

We will face evil days... (and) 'power' will outstrip ability unless we destroy corruption in high places.

Dr.S.Radhakrishnan

राजस्थान में मंत्रियों तथा लोक-सेवकों के विरूद्ध अकर्मण्यता, पद के दुरूपयोग तथा भ्रष्टाचार के आरोपों का अन्वेषण करने के प्रयोजनार्थ आज से 42 वर्ष पूर्व राजस्थान लोकायुक्त तथा उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1973 के द्वारा लोकायुक्त संस्था की स्थापना की गई थी। मेरे द्वारा दिनांक 25.03.2013 को लोकायुक्त का पद सम्भालने के प्रथम दिवस से ही सतत प्रयत्नशील रहते हुए उक्त प्रयोजन की पूर्ति हेतु कार्य करने का सद्‌भावी प्रयास किया गया ताकि उक्त प्रयोजन को सिद्ध कर राज्य की शासन व्यवस्था की गुणवत्ता में अभिवृद्धि एवं सुधार हेतु यह संस्था इससे अपेक्षित योगदान दे सके। राजस्थान लोकायुक्त तथा उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 12(4) के प्रावधानानुसार वर्ष 2014-15 में सम्पादित कार्यों के सम्बन्ध में यह वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए मुझे प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है। यह लोकायुक्त संस्था का 29वाँ एवं मेरे कार्यकाल का द्वितीय वार्षिक प्रतिवेदन है। इसमें संस्था द्वारा सम्पादित कार्यों का आँकड़ों सहित विवरण अंकित किया जा रहा है।

भ्रष्टाचार-मुक्त पारदर्शी नीति पर आधारित ऐसा प्रशासन जो जन-आकांक्षाओं पर खरा उतर सके, आज के समय की माँग और समाज की महती आवश्यकता है। जब कर्त्तव्य भावना तथा सत्यनिष्ठा को त्याग कर लोक-सेवक कानून तथा नियमों की अवहेलना कर निरंकुश, स्वच्छन्द और

बेखौफ हो, सत्ता का दुरूपयोग करने लगते हैं तो समाज इस दुराचरण से त्रस्त हो व्यथित हो जाता है। उदाहरणार्थ पत्रावलियों के निस्तारण में सोची-समझी अनावश्यक देरी, निर्णय लेने की प्रक्रिया में बदनियतिपूर्ण उद्देश्य से विलम्ब तथा पत्रावलियों की साशय अनुपलब्धता की बनावटी दलील आदि उनकी मनमानी, अन्यायपूर्ण तथा अनुचित कार्यवाहियों के महत्त्वपूर्ण कारक हैं। व्यवस्था में महामारी के रूप में फैल रही इन बुराइयों की जड़ में, भ्रष्टाचार और कदाचार ही मूल कारण है।

प्रशासन में शुचिता, कर्त्तव्यनिष्ठा और उत्तरदायित्व का विशेष महत्व है। लोक-सेवक की कार्यप्रणाली में राज्यहित, राष्ट्रहित और जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए। इसके परिप्रेक्ष्य में प्रत्येक लोक-सेवक की कथनी और करनी में अंतर नहीं होना चाहिए। यदि विषमता और भिन्नता होगी तो ऐसा प्रशासन लम्बी अवधि तक जनता की श्रद्धा व विश्वास का पात्र नहीं रह सकता। भारतीय संविधान में राज्य के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिये 'लोक-सेवक' शब्द प्रयुक्त किया गया है, अतः सभी लोक-सेवकों का यह दायित्व है कि वे आमजन के साथ शासक जैसा नहीं बल्कि सेवक जैसा ही व्यवहार कर सत्यनिष्ठा के साथ अपने पदीय कर्त्तव्यों का समुचित निर्वहन करें। इसी लक्ष्य की प्राप्ति हेतु राजस्थान में 'लोकायुक्त संस्था' पिछले चार दशकों से भ्रष्टाचार, पद के दुरूपयोग एवं कुशासन की शिकायतों पर कार्यवाही कर सुशासन के उद्देश्यों की प्राप्ति में सतत प्रयत्नशील है। किन्तु जैसा कि मैंने अपने प्रथम प्रतिवेदन में उल्लेख किया था कि इस 'संस्था' की स्थापना को इतनी लम्बी अवधि व्यतीत हो जाने के बाद भी लोक-सेवकों के भ्रष्टाचार, पद के दुरूपयोग एवं उनकी अकर्मण्यता से उत्पीड़ित व्यक्तियों के पास इस 'संस्था' एवं इसके क्रियाकलापों के बारे में यथेष्ट जानकारी नहीं पहुँच पाई है। आम आदमी की इस 'संस्था' तक पहुँच हो, इसके लिए यह आवश्यक है कि उसे इस संस्था के बारे में समुचित जानकारी उपलब्ध हो।

उक्त उद्देश्य से तथा इस सचिवालय के कार्य को वांछित गति देने हेतु मेरे द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में यथासम्भव शिविर आयोजित कर जनसाधारण को इस संस्था के क्षेत्राधिकार, शिकायतों के प्रस्तुतीकरण एवं इनके निस्तारण की प्रक्रिया आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस सचिवालय में लम्बित जाँच एवं अन्वेषण कार्यवाहियों के बारे में परिवादी तथा सम्बन्धित लोक-सेवकों से वस्तुस्थिति की जानकारी ली गई। विचाराधीन जांच एवं अन्वेषण कार्यवाहियों को आगे बढ़ाते हुए ऐसे शिविरों के माध्यम से गतिशील किया गया। मुझे इन शिविरों के दौरान हर स्तर पर अनेकों लिखित व मौखिक शिकायतें मिलीं जिनका नियमानुसार शीघ्र निस्तारण करने का प्रयास किया गया। समस्याओं के निराकरण की दिशा में, संस्था के द्वारा किये गये ऐसे प्रयासों से आम जनता में एक नवीन आशा और उत्साह का संचार हुआ है।

लोकायुक्त सचिवालय के सम्बन्ध में और अधिक जानकारी उपलब्ध करवाने हेतु आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए हमारे द्वारा एक बेबसाइट lokayukta.rajasthan.gov.in भी प्रारम्भ की गई है। लोकायुक्त सचिवालय में परिवादों के प्रस्तुतीकरण को आम जन के लिये सरल और सुलभ बनाने हेतु उनके द्वारा लोकायुक्त सचिवालय के ई-मेल पते lokayukta@rajasthan.gov.in पर भी परिवाद प्रेषित करने की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। अब ई-मेल पते पर परिवाद प्रेषित कर, शपथ-पत्र डाक द्वारा अलग से भेजे जा सकते हैं। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी हमारे द्वारा प्रकाशित विवरणिका में भी उपलब्ध है जिन्हें संस्था द्वारा जगह-जगह पर आवश्यकतानुसार वितरित कराया जा रहा है।

मैंने पदभार ग्रहण करने के बाद इस संस्था के संस्थापन, कार्यालयी प्रबंधन एवं परिवादों की जांच प्रक्रिया के सम्बन्ध में अनेक आधारभूत परिवर्तन व सुधार करने का प्रयास किया किन्तु आज भी वास्तविक स्थिति यह है कि हम इस सचिवालय के लिए मध्यप्रदेश एवं कर्नाटक आदि राज्यों जैसा आधारभूत संस्थागत ढ़ांचा स्थापित नहीं कर पाये हैं। इन राज्यों की तुलना में संस्था के पास काफी कम संख्या में

अधिकारी/कर्मचारी और संसाधन उपलब्ध हैं। इसके बावजूद भी हमने इन्हीं सीमित संसाधनों से, इस सचिवालय में लम्बित मामलों एवं प्राप्त शिकायतों का द्रुतगति से निस्तारण करने में कीर्तिमान स्थापित किया है। यह विगत वर्ष में प्राप्त एवं निस्तारित किए गए परिवादों के विवरण, जो इस प्रतिवेदन के अध्याय-2 में उपलब्ध है, के अवलोकन से स्पष्ट हो सकेगा। इस अवधि में लोकायुक्त संस्था द्वारा 96 प्रकरणों में कार्यवाही के उपरान्त प्रथमदृष्टया दोषी पाए गये 194 लोक-सेवकों के विरूद्ध सम्बन्धित विभागों द्वारा विभागीय जाँच प्रारम्भ की गई एवं कतिपय मामलों में अपचारी अधिकारियों/कर्मचारियों को दण्डित भी किया गया। इसी प्रकार 203 प्रकरणों में परिवादीगण की अपेक्षाओं के अनुरूप, उनकी परिवेदनाओं का विधिसम्मत व संतोषजनक निवारण करवाकर, उन्हें वांछित अनुतोष प्रदान करवाया गया है।

इस प्रतिवेदन के साथ प्रस्तुत विवरण के अवलोकन से स्पष्ट होगा कि लोकायुक्त सचिवालय जन साधारण से प्राप्त परिवादों के तार्किक, त्वरित एवं सारवान निस्तारण में प्रभावी कार्यवाही सम्पन्न कर रहा है। परिणामस्वरूप जनसाधारण की संस्था के प्रति विश्वास और निष्ठा में अभिवृद्धि हुई है। इसी कारण सचिवालय में प्राप्त होने वाले परिवादों में भी दिन-प्रतिदिन बढ़ोतरी हो रही है। क्षेत्राधिकार के अनुरूप प्राप्त परिवादों में जन आकांक्षाओं को पूरा करने हेतु यह सचिवालय सचेत व सतर्क रहते हुए इस हेतु प्रतिबद्ध है कि संस्था के प्रयासों से आम आदमी को यथोचित अनुतोष प्राप्त हो और उसकी व्यथा का समुचित निराकरण हो सके। यह आगाज है, हम और आगे बढ़ना चाहते हैं, इस संकल्प के साथ कि हमारा हर कदम भ्रष्टाचार और पदीय दुरूपयोग को रोकने की दिशा में सफल और उपयोगी सिद्ध हो।

गत वर्ष की अवधि में सर्वाधिक शिकायतों वाले विभागों के विवरण (अध्याय-2) के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि अन्य विभागों की तुलना में इस वर्ष भी नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, विभिन्न विकास प्राधिकरण/स्थानीय निकाय विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व

विभाग और ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के विरूद्ध अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	विभाग का नाम	शिकायतें
1.	नगरीय विकास एवं आवासन, अन्य विकास प्राधिकरण/ स्थानीय निकाय	881
2.	पुलिस	719
3.	राजस्व	654
4.	ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज	545

इस संबंध में, मेरा राज्य सरकार से पुनः आग्रह रहेगा कि इन विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार, पद के दुरूपयोग एवं अकर्मण्यता से आमजन को राहत दिलाने के लिए इनकी कार्यप्रणाली में व्याप्त दोषों एवं कमियों का परीक्षण करवाकर उसमें यथोचित सुधार लाने हेतु ठोस एवं प्रभावी कदम उठाये जाँए। भ्रष्टाचार का निराकरण करने तथा प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार लाने के लिये यह आवश्यक है कि लोक-सेवकों को और अधिक जबाबदेह, उत्तरदायी और क्रियाशील बनाया जाए। प्रायः यह देखने में आता है कि विकास कार्यो में जितनी राशि लगनी होती है, उतनी नहीं लग पाती है। राष्ट्रहित व जनहित के कार्यो के लिए आवंटित राशि का एक बड़ा भाग भ्रष्टाचारियों द्वारा हड़प लिया जाता है। यह अक्षम्य व गम्भीर अपराध है। भ्रष्टाचार समाप्त होने की स्थिति में विकास के लिए आवंटित राशि का पूर्ण सदुपयोग होगा जिससे राज्य के विकास हेतु आधारभूत ढाँचा तैयार होगा और जनता की मूलभूत सुविधाएँ बढाने में सहायता मिलेगी।

लोकशाही में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के सन्दर्भ में यह भी एक चिन्ता का विषय है कि प्रायः विभागीय जाँच प्रारम्भ होने में अत्यधिक विलम्ब हो जाता है और यदि यह प्रारम्भ हो भी जाती है तो अत्यन्त मंथर गति से आगे बढ़ती है। इसका कारण प्रस्तुतकर्ता अधिकारी द्वारा जाँच अधिकारी के समक्ष सुसंगत सामग्री इरादतन या इतर कारणों से समय पर प्रस्तुत नहीं करना है। कई बार तो यह भी देखने में आया है कि आरोप-पत्र की तामील आदि होने के पूर्व ही आरोपी अपचारी लोक-सेवक सेवानिवृत्त हो जाता है। अन्ततः यह विलम्ब ऐसी अनुशासनिक कार्यवाही की वैधता को न्यायालय में चुनौती देने के लिए एक महत्त्वपूर्ण आधार प्रदान करता है। जाँच कार्यवाहियों को पूर्ण करने का दायित्त्व जिन आयुक्तों/अधिकारियों पर है, उनमें से अधिकांश अपेक्षित कुशलता, समर्पण व उत्साह से कार्य नहीं कर रहे हैं। अभिष्ट यह है कि इस कार्य के सम्पादन हेतु इसमें रूचि व विशेषज्ञता रखने वाले सर्वाधिक कुशल अधिकारियों को पदस्थापित किया जाए। यह भी निर्विवाद है कि भ्रष्टाचार और शासन व्यवस्था में जहाँ-जहाँ भ्रष्टाचार व अकर्मण्यता की स्थिति है, उसमें केवल अनुशंसाओं के माध्यम से कोई सारभूत सुधार या परिवर्तन सम्भव नहीं है। इसके लिए वांछित है- अनुशंसाओं पर कम से कम समय में प्रभावी कार्यवाही का सुनिश्चित किया जाना। लोकायुक्त संस्था द्वारा की गई अनुशंसाओं के अनुसरण में की जाने वाली विभागीय जाँच/कार्यवाही की प्रक्रिया में सुधार लाने के लिये गत प्रतिवेदन में मैंने कतिपय सुझाव दिये थे। राज्य सरकार से यह अपेक्षा है कि इस सचिवालय द्वारा अनुशंसा के माध्यम से निर्देशित विभागीय जाँचें शीघ्र सम्पादित किये जाने हेतु प्रभावी प्रणाली विकसित करे ताकि आरोपी लोक-सेवक किसी भी प्रकार से तकनीकी खामियों एवं विलम्ब का लाभ उठाने में सफल न हो सकें और गुणावगुण के आधार पर उनके विरूद्ध यथोचित कार्यवाही शीघ्रातिशीघ्र सम्पन्न हो सके।

जर्मनी में कार्यरत एवं वैश्विक स्तर पर विभिन्न राष्ट्रों में भ्रष्टाचार की स्थिति का आकलन करने वाली स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय संस्था ट्रांसपेरेंसी

इंटरनेशनल द्वारा वर्ष 2015 में 168 देशों में भ्रष्टाचार के प्रचलन के बाबत किये गये सर्वे में भारत को 100 में से 38 अंक देते हुए 76वें स्थान पर रखा गया है। सूचकांक में कम अंक एवं पश्चातवर्त्ती स्थान व्याप्त भ्रष्टाचार की स्थिति को दर्शाता है। इस संस्था के एशिया पैसिफिक के डायरेक्टर श्रीरक प्लिपत ने व्यक्त किया है कि जनता रिश्वत दे-देकर थक चुकी है और उन्हें टैक्स चुकाने के बावजूद सुविधाएँ नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने सुझाव दिया है कि भ्रष्टाचार की स्थिति में सुधार लाने हेतु सबसे पहला काम लोकपाल को प्रभावी तरीके से लागू करने का होना चाहिए और लोकपाल को पूरे संसाधन एवं शक्तियाँ दी जानी चाहिए। हमारे देश के शीर्ष न्यायालय ने भी भ्रष्टाचार उन्मूलन व कुप्रशासन पर लगाम लगाने के लिए लोकपाल व लोकायुक्त संस्था को राज्य के लिए आदर्श, अनिवार्य व सुसंगत माना है जैसा कि विनिर्णय गुजरात राज्य बनाम आर.ए. मेहता (2013)3 SCC 11 में उल्लेखित है:-

"The office of the Lokayukta is very significant for the people of the State as it provides for a mechanism through which the people of the State can get their grievances heard and redressed against maladministration. In a State where society suffers from moral denigration and simultaneously from rampant corruption, there must be an effective forum to check the same."

लोक सेवकों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने हेतु पारदर्शिता, संवेदनशीलता, उत्तरदायित्त्व और समानता को उचित महत्त्व देने वाले स्वच्छ, संवेदनशील, दृढ़ और चुस्त-दुरूस्त प्रशासनिक ढाँचे की आवश्यकता है। यद्यपि उच्च, मध्य और निम्न तीनों ही स्तरों पर व्याप्त भ्रष्टाचार सामान्य जन के लिए एक बड़ी समस्या है परन्तु उच्च स्तर का भ्रष्टाचार निम्न स्तर के भ्रष्टाचार से कहीं अधिक घातक और चिंताजनक

है क्योंकि उच्च स्तर का भ्रष्टाचार द्रुत गति से निम्न स्तर तक फैलता है और सम्पूर्ण शासन व्यवस्था को भेदभावपूर्ण, अशुद्ध व कलुषित कर समाज को संतापित करने की प्रवृत्ति रखता है।

यह सर्वविदित हैं कि धन की आसक्ति न केवल व्यक्ति के निजी जीवन की गुणवत्ता को नष्ट करती है बल्कि ऐसे व्यक्ति विशेष के सम्पूर्ण जीवन व उसके चारों तरफ के वातावरण को ही दुष्प्रभावित व अवसादग्रस्त कर देती है। यह एक यथार्थ है कि जिस समाज या राष्ट्र में सर्वत्र केवल धन की महत्ता स्थापित हो जाती है, वह राष्ट्र या समाज अन्ततः अपना गौरव खो देता है। मूल्यों तथा आदर्शो का क्षय होने लगता है। लोग अपने से ऊँचे स्तर के व्यक्तियों को देखते हैं और उनमें किसी प्रकार के चारित्रिक गुण, त्याग की भावना अथवा अन्य उच्चादर्श न पाकर स्वयं भी उस आदर्शविहीन जीवन-शैली को अपनाने की ओर प्रवृत्त हो जाते हैं। समष्टि में कहा जा सकता है कि उपभोक्तावादी जीवन दर्शन के साथ ऐसा व्यक्ति निरंतर अधोगति की ओर जा रहा है जैसा कि कविवर जयशंकर प्रसाद ने कामायनी में लिखा है:-

अपने में सब कुछ भर कैसे, व्यक्ति विकास करेगा।
यह एकान्त स्वार्थ भीषण है, अपना नाश करेगा।

अतः हमें पूर्णतया जागरूक रहना होगा कि कहीं लोक-सेवकों द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार से आमजन के धैर्य का बाँध टूट ना जाए और देश को अराजकता की स्थिति का सामना नहीं करना पड़े। भ्रष्टाचार के उन्मूलन में किसी भी प्रकार की देरी देश के सम्यक और सुनियोजित विकास को बाधित करेगी। इस सम्बन्ध में उच्चतम न्यायालय द्वारा मध्यप्रदेश राज्य बनाम रामसिंह, (2000)5 SCC 88 में प्रतिपादित अभिमत को उद्धृत किया जाना सुसंगत होगा:-

"Corruption is opposed to democracy and social order, being not only anti-people, but aimed and targeted against them. It affects the economy and destroys the cultural heritage. Unless nipped in the bud at the earliest, it is likely to cause turbulence-shaking of the social economic-political system in an otherwise healthy, wealthy, effective and vibrating society."

उक्त स्थिति के प्रकाश में लोकायुक्त संस्था का शक्तिशाली एवं प्रभावी होना समय की महती माँग है। इसी क्रम में मैंने अपने पिछले प्रतिवेदन में विस्तृत विवरण के साथ यह रेखांकित किया था कि केन्द्रीय लोकपाल एवं लोकायुक्त अधिनियम, 2013 पारित होने के पश्चात् विभिन्न संगठनों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा राजस्थान में भी लोकायुक्त संस्था को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाए जाने की माँग की जा रही है जिस ओर समय रहते ध्यान देना अपेक्षित है। इसी लक्ष्य व ध्येय को दृष्टिगत रख इस संस्था द्वारा एतद्सम्बन्धी केन्द्रीय अधिनियम एवं कतिपय राज्यों के अधिनियम, जहाँ लोकायुक्त संस्था सुदृढ़ एवं प्रभावी है, के प्रावधानों के अनुरूप राजस्थान लोकायुक्त तथा उप-लोकायुक्त (संशोधित) बिल, 2014 का प्रारूप तैयार कर इस सचिवालय के पत्र क्रमांक:1(14) लोआस/84/13564 दिनांक 17.01.2014 द्वारा राज्य सरकार को भिजवाया गया था जिस पर अपेक्षित कार्यवाही नहीं होने के कारण इस सचिवालय द्वारा राज्य सरकार को पुनः स्मरण भी करवाया गया है। इस सम्बन्ध में हुई यथेष्ट कार्यवाही/प्रगति की जानकारी इस सचिवालय को प्राप्त नहीं हुई है। मेरा अब राज्य सरकार से पुनः आग्रह है कि उक्त प्रस्तावित संशोधन बिल, 2014 पर आज की आवश्यकता, परिस्थिति और प्रासंगिकता के परिप्रेक्ष्य में गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र निर्णय ले, इसे अविलम्ब पारित कराया जाए।

यहाँ मैं इस बात का भी उल्लेख करना चाहूँगा कि लोकायुक्त सचिवालय द्वारा मध्यप्रदेश एवं कर्नाटक राज्यों की तर्ज पर अलग से

पुलिस प्रकोष्ठ की स्थापना की माँग राज्य सरकार से की गई थी। राज्य सरकार द्वारा अपने आदेश क्रमांकः प.6(2) का/क-3/शिका/2011 जयपुर दिनांक 04.10.2013 द्वारा कुल 15 पुलिस अधिकारी/कर्मी के पद स्वीकृत करते हुए पुलिस प्रकोष्ठ की स्थापना भी कर दी गई थी किन्तु राज्य सरकार द्वारा उक्त स्वीकृत पदों के विरूद्ध पुलिस अधिकारियों व कर्मियों का पदस्थापन अब तक नहीं किया गया है। इस पर इस सचिवालय द्वारा दिनांक 17.10.2014 को यह प्रस्तावित किया गया कि यदि उपर्युक्त स्वीकृत पदों के विरूद्ध पुलिस अधिकारी/कर्मी उपलब्ध नहीं करवाए जाते हैं तो राजस्थान लोकायुक्त एवं उप-लोकायुक्त अधिनियम की धारा 14(3) के अधीन राज्य सरकार की किसी भी अन्वेषण एजेन्सी/अधिकारीगण की सेवाएं राज्य सरकार की बिना पूर्व अनुमति/सहमति के लेने हेतु लोकायुक्त को अधिकृत किया जाए। यह सुविधा मिलने से आवश्यक मामलों में मौके पर अपेक्षित कार्यवाही अविलम्ब की जा सकेगी तथा जांच एवं अन्वेषण निश्चयात्मकता और सम्पूर्णता लिये होंगे। इस सम्बन्ध में भी राज्य सरकार की ओर से अभी तक कोई प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ है। राज्य सरकार से अपेक्षा है कि वह इस सचिवालय को मौके पर तत्काल पहुँचकर दस्तावेजात की खोज, जाँच व जब्ती आदि की अपेक्षित कार्यवाही अविलम्ब किए जाने तथा अन्वेषण को पूर्णता प्रदान करने के उद्देश्य से वांछित अन्वेषण एजेन्सी/अधिकारीगण की सेवाएँ उपलब्ध करवाने हेतु शीघ्र आदेश जारी करेगी।

जन साधारण की समस्याओं के प्रति प्रशासन का सकारात्मकता के साथ संवेदनशील होना अति-आवश्यक है। आमजन की प्रत्येक यथोचित समस्या को अनुभव कर उसको दूर करने का सद्‌भावी प्रयास समय की महती माँग है। हमें भ्रष्टाचार निवारण की दिशा में ठोस कार्य करने हेतु इस सम्बन्ध में कतिपय स्थानों पर अब तक चली आ रही संवेदनहीनता और उदासीनता को तिलांजलि देनी होगी और भ्रष्टाचार उन्मूलन की दिशा में नये परीक्षण और प्रयोग कर श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त करने हेतु कटिबद्ध होना होगा। यह संस्था जन साधारण से प्राप्त परिवादों पर उनको

यथाविधि वांछित अनुतोष दिलाए जाने हेतु कृतसंकल्पित है। मुझे विश्वास है कि इस समयोचित संकल्प की पूर्ति में हमें सरकार तथा अन्य सभी का सहयोग प्राप्त होगा।

भ्रष्टाचार पर विजय पाकर ही राजस्थान देश के मानचित्र पर सिरमौर बनकर उभर सकेगा अन्यथा इसका पूर्ण एवं समग्र विकास दिवास्वप्न मात्र बनकर रह जायेगा। हमारा ध्येय है कि हमारी कार्यप्रणाली से लोक प्रशासन में उच्च मापदण्डों की स्थापना हो। हम इस संस्था की गरिमा को न केवल अक्षुण्ण तथा संरक्षित रखें अपितु इसे संवर्धित कर इसकी प्रतिष्ठा में अभिवृद्धि करें ताकि स्वच्छ शासन को पोषण व सम्बल मिले, भ्रष्ट आचरण व कुशासन उजागर हो और उस पर यथोचित व विधिसम्मत कार्यवाही हो, लोक-सेवकों द्वारा पदीय दुरूपयोग अथवा भ्रष्टाचार से सम्बन्धित शिकायतों का निष्पक्ष, न्यायपरक व त्वरित निस्तारण हो और लोक-जीवन एवं शासन में शुचिता का संरक्षण, विकास और अभिवृद्धि हो।

हमारा प्रयास रहेगा कि इस संस्था को जन आकांक्षाओं के अनुरूप बनाने हेतु जो विधिसम्मत साधन उपलब्ध होंगे, उन्हें अपनाएँ, जो नीति उपयुक्त होगी, उसका अनुसरण करें और जो कार्यक्रम आवश्यक हों, उनका सम्पूर्ण निष्ठा के साथ क्रियान्वयन करें। हमें कदम से कदम मिलाकर अपने प्रयासों को ध्येयसिद्धि के शिखर तक ले जाना है। हमारा लक्ष्य रहेगा कि हम इस दिशा में सतत प्रयत्नशील रहकर अधिनियम में विहित अपने कर्त्तव्यों का पालन करते रहें।

मुझे आशा है कि भ्रष्टाचार सम्बन्धी समस्या पर चिन्तन एवं इनके निराकरण के लिए यह रिपोर्ट मात्र तथ्य और विवरण ही नहीं अपितु दृष्टि और आधार भी प्रदान करेगी। इसके साथ ही राज्य में भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन विकसित करने हेतु नीति निर्धारण का मार्ग भी प्रशस्त करेगी। यह संस्था उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करते हुए अपने कर्त्तव्यों का पूर्ण निष्ठा व सद्भावना से पालन करते हुए जन

आकांक्षाओं पर खरा उतरने हेतु प्रतिबद्ध है। हमें विश्वास है कि राज्य सरकार इस प्रतिवेदन में रेखांकित कठिनाइयों और समस्याओं की तरफ गंभीरतापूर्वक ध्यान देकर इनके शीघ्र निराकरण हेतु उचित और आवश्यक कदम उठाएगी। हम इस हेतु प्रतीक्षारत हैं।

मेरा यह मानना है कि यदि जनता के कल्याण के लिए समर्पित स्वच्छ छवि वाला निष्ठावान नेतृत्व तथा कुशल लोकशाही सत्य आचरण करते हुए अपने कर्तव्य का निर्वहन करेगी तो समस्त जनता भी उनके आचरण एवं कार्य व्यवहार के अनुरूप स्वयं को ढालने का प्रयास करेगी। प्राय: यह देखा गया है कि आमजन तो सदा ही श्रेष्ठ जनों के कार्य व्यवहार का अनुसरण कर देश की प्रगति और विकास का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः।
स यत्प्रमाणं कुरूते लोकस्तदनुवर्तते।।

(श्रीमद्भगवदगीता, अध्याय : 3:21)

"श्रेष्ठ पुरूष जो-जो आचरण करता है, अन्य पुरूष भी वैसा ही आचरण करते हैं। वह जो कुछ प्रमाण कर देता है, समस्त मनुष्य-समुदाय उसके अनुसार व्यवहार करने लग जाता है।"

जयपुर
30 मार्च 2016

(एस.एस.कोठारी)
लोकायुक्त, राजस्थान

अनुक्रमणिका

			पृष्ठ संख्या
	प्रस्तावना		**1-12**
अध्याय-1	**लोकायुक्त संस्था का परिचय**		**17-30**
	1.1	इतिहास एवं पृष्ठभूमि	17-20
	1.2	प्रशासनिक स्थिति एवं बजट	20-21
	1.3	अन्वेषण की अधिकारिता	22-23
	1.4	जाँच एवं अन्वेषण की प्रक्रिया	24-26
	1.5	प्रचार-प्रसार	26-27
	परिशिष्ट-1.1 एवं 1.2		28-30
अध्याय-2	**सम्पादित कार्य**		**31-90**
	2.1	समग्र कार्य	31-33
	2.2	प्रारम्भिक जाँच के प्रकरण	33-34
	2.3	अन्वेषण के प्रकरण	34-35
	2.4	धारा 12(1) के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारियों को प्रेषित अनुशंसा प्रतिवेदन	35
	2.5	विशेष प्रतिवेदन	36
	2.6	इस सचिवालय द्वारा निस्तारित कतिपय महत्वपूर्ण प्रकरण	36
	2.7	इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही किये जाने के पश्चात विभागों द्वारा की गयी विभागीय कार्यवाहियों के प्रकरण	36
	2.8	इस सचिवालय की कार्यवाही के पश्चात परिवादीगण को प्राप्त अनुतोष के प्रकरण	36-37
	परिशिष्ट-2.1 से 2.10		38-90

अध्याय-3	**अनुशंसा के प्रतिवेदनों का विवरण**		**91-154**
अध्याय-4	**कतिपय महत्वपूर्ण प्रकरण**		**155-168**
अध्याय-5	**विभागीय कार्यवाहियों के अन्य प्रकरण**		**169-284**
अध्याय-6	**अनुतोष के प्रकरण**		**285-442**
अध्याय-7	**लोकायुक्त अधिनियम : संशोधन हेतु प्रयास**		**443-448**
	परिशिष्ट 7.1		448
अध्याय-8	**विविध**		**449-464**
	8.1	लोकायुक्त एवं उप-लोकायुक्त की पदस्थापन अवधि	449-450
	8.2	श्री कल्याण सिंह, माननीय राज्यपाल से न्यायाधिपति श्री एस.एस. कोठारी, माननीय लोकायुक्त की भेंट एवं प्रतिवेदन प्रस्तुतीकरण	451
	8.3	आयोजित शिविरों और बैठकों के कतिपय चित्र	452-456
	8.4	समाचार-पत्रों में प्रकाशित कतिपय खबरें	457-464

परिशिष्ट अनुक्रमणिका

परिशिष्ट	परिशिष्ट का विवरण	पृष्ठ सं.
1.1	दिनांक 01.04.2014 से 31.03.2015 की कालावधि में लोकायुक्त सचिवालय में स्वीकृत पदों का विवरण	28-29
1.2	वित्तीय वर्ष 2014-15 में आवंटित बजट एवं व्यय का विवरण (रूपये लाखों में)	30
2.1	दिनांक 01.04.14 से 31.03.15 तक की कालावधि की कुल शिकायतों का विवरण	38-39
2.2	दिनांक 01.04.1979 से 31.03.2015 तक की कालावधि में प्राप्त, निस्तारित व लम्बित शिकायतों का विवरण	40-42
2.3	दिनांक 01.04.2014 से 31.03.2015 की कालावधि में स्वप्रेरणा से प्रसंज्ञान लेकर संस्थित किये गये प्रकरणों का विवरण	43-51
2.4	दिनांक 01.04.2014 से 31.03.2015 तक की कालावधि के प्रारम्भिक जाँच प्रकरणों का विवरण	52
2.5	दिनांक 01.04.2014 से 31.03.2015 तक की कालावधि के अन्वेषण प्रकरणों का विवरण	53
2.6	दिनांक 01.04.2014 से 31.03.2015 तक की कालावधि के धारा 12(1) के अधीन प्रेषित प्रतिवेदन	54-64
2.7	दिनांक 01.04.2007 से 31.03.2014 की कालावधि में अधिनियम की धारा 12(1) के अधीन प्रेषित प्रतिवेदनों में सक्षम प्राधिकारी द्वारा अपेक्षित/की गयी कार्यवाही का विवरण	65-82

2.8	दिनांक 01.04.2007 से 31.03.2012 तक की कालावधि में धारा 12(3) के अधीन महामहिम राज्यपाल को प्रेषित विशेष प्रतिवेदन एवं उनके सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही का विवरण	83-87
2.9	दिनांक 01.04.2014 से 31.03.2015 तक की अवधि में लोकायुक्त सचिवालय द्वारा कार्यवाही करने के पश्चात विभागों द्वारा की गयी विभागीय कार्यवाहियों के प्रकरण	88
2.10	दिनांक 01.04.2014 से 31.03.2015 तक की कालावधि के अनुतोष प्रकरण	89-90
7.1	राजस्थान लोकायुक्त तथा उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1973 में आवश्यक संशोधन बाबत इस सचिवालय द्वारा राज्य सरकार को प्रेषित स्मरण पत्र क्रमांक एफ. 1(14)लोआस/84/24855 दिनांकित 20.01.15	448

अध्याय-1

लोकायुक्त संस्था का परिचय

1.1 इतिहास एवं पृष्ठभूमि

विश्व के अधिकांश देशा. म. जिस संस्था को 'ऑम्बुड्समैन' कहा जाता है, उसे भारत म. लोकपाल या लोकायुक्त के नाम से जाना जाता है। इस संस्था को लोकपाल या लोकायुक्त नाम मशहूर कानूनविद् डॉ.एल.एम.सिंघवी ने वर्ष 1963 म. दिया था। लोकपाल शब्द संस्कृत भाषा के शब्द लोक (लोगा.) और पाला (संरक्षक) से बना है।

लोकपाल या ऑम्बुड्समैन नामक संस्था ने प्रशासन के प्रहरी बने रहने म. अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त की है। सर्वप्रथम इस संस्था की अवधारणा स्वीडन में की गई। वहाँ वर्ष 1713 म. किंग चार्ल्स XII ने कानून का उल्लंघन करने वाले अधिकारिया. को दण्डित करने के लिए अपने एक सभासद को नियुक्त किया। स्वीडन म. नया संविधान बनाने हेतु गठित संविधान सभा के सदस्या. का आग्रह रहा कि पूर्व व्यवस्था से भिन्न उनका ही एक अधिकारी जाँच का कार्य करें जो किसी भी स्थिति म. सरकारी अधिकारी नहीं होना चाहिए। इस पर वर्ष 1809 म. स्वीडन के संविधान म. 'ऑम्बुड्समैन फॉर जस्टिस' के रूप म. सर्वप्रथम इस संस्था की व्यवस्था की गयी। इस संस्था का मुख्य कार्य लोक सेवका. द्वारा विधि, नियमों तथा विनियमा. के उल्लंघन करने से सम्बन्धित प्रकरणा. की जाँच करना था।

स्वीडन के बाद धीरे-धीरे आस्ट्रिया, डेनमार्क तथा अन्य स्कॅण्डीनेवियन देशा. और फिर अफ्रीका, एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका एवं यूरोप के कई देशा. म. भी 'ऑम्बुड्समैन' संस्था का गठन किया गया। संस्था की लोकप्रियता दिनोंदिन बढ़ते जाने पर फिनलैण्ड म. वर्ष 1919, डेनमार्क म.

1954, नार्वे म. 1961 व ब्रिटेन म. 1967 म. भ्रष्टाचार समाप्त करने के उद्देश्य से ऑम्बुड्समैन संस्था की स्थापना की गई। अब तक 135 से अधिक देशा. म. 'ऑम्बुड्समैन' की नियुक्ति की जा चुकी है।

'ऑम्बुड्समैन' स्वीडिश भाषा का शब्द है जिसका शाब्दिक अर्थ लोगा. का प्रतिनिधि या एजेन्ट होता है। वस्तुतः 'ऑम्बुड्समैन' का अर्थ एक ऐसे व्यक्ति से है जिसे पारदर्शिता के साथ कुप्रशासन, भ्रष्टाचार, विलम्ब, अकुशलता, अकर्मण्यता एवं पद के दुरूपयोग से नागरिक अधिकारा. की रक्षा हेतु नियुक्त किया जाता है। 'ऑम्बुड्समैन' को ब्रिटेनिका-विश्वकोश में नागरिका. द्वारा नौकरशाही की शक्तिया. के दुरूपयोग के सम्बन्ध म. की गयी शिकायता. की जाँच करने हेतु व्यवस्थापिका द्वारा नियुक्त 'आयुक्त' बताया गया है।

विभिन्न देशा. म. 'ऑम्बुड्समैन' को भिन्न-भिन्न नामा. से जाना जाता है। उदाहरणार्थ - ब्रिटेन, डेनमार्क एवं न्यूजीलैण्ड म. यह संस्था 'संसदीय आयुक्त' (Parliamentary Commissioner) के नाम से जानी जाती है। रूस म. इसे वक्ता अथवा प्रोसिक्यूटर के नाम से जाना जाता है।

इस संस्था की आवश्यकता व उपादेयता के बारे में देश के कई न्यायाधीशगण व चिन्तका. ने अपने विचार व्यक्त किये हैं। उदाहरण के तौर पर सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश श्री गजेन्द्र गढ़कर ने अपनी पुस्तक ''लॉ, लिबर्टी एण्ड सोशियल जस्टिस'' म. यह उल्लेख किया कि जब तक हम भारत म. 'ऑम्बुड्समैन' जैसी संस्था का विकास नहीं करते और संविधान म. संशोधन करके अथवा विधायी प्रक्रिया के माध्यम से इस संस्था को सांविधिक दर्जा प्रदान नहीं करते, तब तक देश म. व्याप्त भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो सकेगा।

भ्रष्टाचार राष्ट्र का कोढ़ है और आज प्रशासन की एक प्रमुख समस्या बन गया है। इसे समाप्त करने के लिए समय-समय पर अनेक महत्वपूर्ण

उपाय किये गये हैं। राजस्थान म. भी वर्ष 1963 म. प्रशासनिक सुधार समिति ने अपने प्रतिवेदन म. 'ऑम्बुड्समैन' जैसी कानूनी संस्था के गठन की सिफारिश की थी, जिसका कार्य, कार्यपालिका की कार्यवाहिया. पर नजर रखना तथा ऐसे मामलों, जिनम. सरकार की किसी भी एजेन्सी द्वारा की गई कार्यवाही अवैध, अन्यायपूर्ण या मनमानी हो, विद्यमान नियमा. या स्थापित प्रक्रिया से विपरीत या इनके उल्लंघन में हो, पर कार्यवाही करते हुए उन शिकायतों जिनम. भ्रष्टाचार का स्पष्ट आरोप लगाया गया हो, के सम्बन्ध में समुचित अन्वेषण करना हो।

हमारे देश म. 5 जनवरी, 1966 को श्री मोरारजी देसाई की अध्यक्षता म. प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग का गठन किया गया। इस आयोग ने ''प्रॉब्लम ऑफ रिड्रेसल ऑफ सिटीजन्स ग्रीवन्सेज'' से सम्बन्धित अपने प्रतिवेदन म. प्रशासनिक व्यवस्था म. व्याप्त भ्रष्टाचार, अकर्मण्यता तथा जनआकांक्षाओं के प्रति प्रशासन की संवेदनशून्यता के विरूद्व प्राय: उभरने वाले आक्रोश पर विचार कर यह सिफारिश की थी कि जन अभियोग निवारण हेतु तथा दुराचारपूर्ण व्यवस्था से उत्पन्न भ्रष्टाचार और अन्याय का अभिकथन करने वाली शिकायता. की जाँच के लिए केन्द्र म. लोकपाल तथा राज्या. म. लोकायुक्त नामक सांविधिक संस्था की स्थापना की जाये किन्तु इस सिफारिश को लम्बे समय तक स्वीकार नहीं किया गया। अब इसे स्वीकार तो किया गया है किन्तु इसकी क्रियान्विति अभी मूर्त रूप नहीं ले सकी है।

जहाँ तक हमारे देश में लोकायुक्त संस्था का प्रश्न है, सर्वप्रथम वर्ष 1971 म. ओडिशा म. लोकायुक्त की स्थापना हुई, जहाँ वर्ष 1995 म. पुन: नया 'लोकायुक्त अधिनियम' बना और अभी हाल ही म. ओडिशा विधानसभा ने अनेक महत्वपूर्ण और प्रभावी प्रावधाना. को समाहित करते हुए ओडिशा लोकायुक्त बिल 2014 पारित कर दिया है। वर्ष 1971 म. महाराष्ट्र और वर्ष 1973 म. राजस्थान म. लोकायुक्त संस्था का गठन किया गया। इसके उपरान्त लगभग 20 से अधिक राज्या. म. लोकायुक्त संस्था

की स्थापना हुई। इसके पूर्व भी राजस्थान म. जन अभियोगों की निगरानी के लिए जन अभाव अभियोग निराकरण विभाग कार्यरत था, किन्तु सरकार के इस तन्त्र म. किसी ऐसी संस्था का समावेश नहीं था जिसके माध्यम से मंत्रिया, सचिवा. और लोक सेवका. के विरूद्ध पद के दुरूपयोग, भ्रष्टाचार और निष्क्रियता की शिकायता. व अन्वेषण किया जा सके। फलस्वरूप जनता म. विश्वास और सन्तोष की भावना में अभिवृद्धि करने के लिये तथा स्वच्छ, ईमानदार, सक्षम और संवेदनशील प्रशासन प्रदान करने हेतु मंत्रिया, सचिवा. और लोक सेवका. के विरूद्ध पद के दुरूपयोग, भ्रष्टाचार एवं अकर्मण्यता आदि की शिकायता. को देखने एवं उनमें अन्वेषण करने के लिए एक स्वतंत्र एजेन्सी का सृजन करना तुरन्त आवश्यक समझा गया और इस उद्देश्य की अभिप्राप्ति हेतु वर्ष 1973 म. राजस्थान लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त अध्यादेश 3 फरवरी, 1973 से प्रभाव में लाया गया। इसे 26 मार्च, 1973 को माननीय राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त हुई और तब से यह 'लोकायुक्त तथा उप-लोकायुक्त अधिनियम,1973' के रूप में प्रदेश में प्रभावी है।

1.2 प्रशासनिक स्थिति एवं बजट

प्रतिवेदनाधीन अवधि म. कार्मिक विभाग की आज्ञा क्रमांकः प.6(9)कार्मिक /क-3/शिका/2013 दिनांक 18.6.14 द्वारा निम्नलिखित 3 नवीन पद स्वीकृत किये गयेः-

क्र.सं.	पद	पे-बैण्ड	ग्रेड पे	नवीन सृजित पदा. की संख्या
1	संयुक्त सचिव	37400-67000	9500	2
2	उप सचिव	15600-39100	7600	1
			योगः-	**3**

इसी प्रकार आज्ञा क्रमांकः प.6(9)कार्मिक/क-3/शिका/13 दिनांक 26.8.14 द्वारा निम्नलिखित 23 नवीन पद स्वीकृत किये गयेः-

क्र.सं.	पद	पे-बैण्ड	ग्रेड पे	नवीन सृजित पदा. की संख्या
1	अतिरिक्त निजी सचिव	(पीबी-2) 9300-34800	4800	2
2	अनुभाग अधिकारी	(पीबी-2) 9300-34800	4800	1
3	निजी सहायक	(पीबी-2) 9300-34800	4200	1
4	सहा. अनुभाग अधिकारी	(पीबी-2) 9300-34800	4200	2
5	लेखाकार	(पीबी-2) 9300-34800	4200	1
6	आशुलिपिक	(पीबी-2) 9300-34800	3600	3
7	सूचना सहायक	(पीबी-1) 5200-20200	2800	3
8	लिपिक ग्रेड-I	(पीबी-1) 5200-20200	2800	2
9	लिपिक ग्रेड- II	(पीबी-1) 5200-20200	2400	3
10	वाहन चालक	(पीबी-1) 5200-20200	2400	3
11	प्रोसेस सर्वर	(पीबी-1) 5200-20200	1700	2
			योगः-	**23**

प्रतिवेदनाधीन अवधि म. ही कार्मिक विभाग की आज्ञा क्रमांकः प.6(8) कार्मिक/क-3/शिका/2014 दिनांक 6.2.15 द्वारा बजट निर्धारण समिति ने वर्ष 2014-15 म. लोकायुक्त सचिवालय म. पुलिस सेल हेतु सृजित 3 वाहन चालक के पदा. म. से लोकायुक्त सचिवालय के उपयोगार्थ स्वीकृत किये गये 2 वाहना. हेतु 2 वाहन चालक के पद सृजित किये जाने के संशोधित प्रस्ताव पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की। प्रतिवेदनाधीन अवधि म. कुल स्वीकृत एवं रिक्त पदा. का विवरण **परिशिष्ट-1.1** म. तथा वित्तीय वर्ष 2014-15 म. आवंटित बजट एवं व्यय का विवरण **परिशिष्ट-1.2** म. दिया गया है।

1.3 अन्वेषण की अधिकारिता

राजस्थान लोकायुक्त तथा उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 7 के अन्तर्गत लोकायुक्त को कतिपय मामला. म. मंत्रिया. तथा लोक सेवका. के विरूद्ध आरोपित अभिकथना. का अन्वेषण करने की अधिकारिता प्रदान की गई है। ये अभिकथन :

- लोक सेवका. द्वारा किसी को अनुचित हानि या कष्ट पहुंचाने,
- अपने या अन्य किसी व्यक्ति के लिए अवैध लाभ प्राप्त करने हेतु लोक सेवक के रूप म. अपनी पदीय स्थिति का दुरूपयोग करने,
- अपने कृत्या. का निर्वहन करने म. व्यक्तिगत हित या भ्रष्ट अथवा अनुचित हेतुआ. से प्रेरित होने,
- लोक सेवक की हैसियत म. भ्रष्टाचार या सच्चरित्रता की कमी का दोषी होने से सम्बन्धित हो सकते हैं।

इसके अतिरिक्त अधिनियम की धारा 2(i) म. दी गई लोक सेवक की परिभाषा के अनुसार लोकायुक्त को निम्नलिखित पदाधिकारियों के विरूद्ध अन्वेषण करने की अधिकारिता भी है:-

(i) राजस्थान राज्य की मंत्रिपरिषद का कोई सदस्य (मुख्य मंत्री के अतिरिक्त), जो चाहे किसी भी नाम से ज्ञात हो, अर्थात् मंत्री, राज्य मंत्री या उप-मंत्री,

(ii) राजस्थान राज्य के कार्यकलापा. के सम्बन्ध म. किसी लोक सेवा म. या लोक पद पर नियुक्त व्यक्ति,

(iii) (a) जिला परिषद् का प्रत्येक प्रमुख और उप-प्रमुख, पंचायत समिति का प्रधान तथा उप-प्रधान और राजस्थान पंचायती राज

अधिनियम के अधीन या उसके द्वारा गठित किसी भी स्थायी समिति का अध्यक्ष,

(b) नगर निगम का प्रत्येक महापौर और उप–महापौर, नगरपालिका/परिषद् का प्रत्येक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, नगरपालिका बोर्ड का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष तथा राजस्थान नगरपालिका अधिनियम के अधीन गठित किसी समिति का अध्यक्ष,

(iv) प्रत्येक वह व्यक्ति, जो निम्नलिखित की सेवा म. है या उनका वेतन भोगी है, अर्थात्:–

(a) राजस्थान राज्य म. कोई भी स्थानीय प्राधिकरण, जिसे राजपत्र म. राज्य सरकार द्वारा, इस निमित्त अधिसूचित किया जाये,

(b) किसी राज्य अधिनियम के अन्तर्गत या द्वारा स्थापित और राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन या उसके द्वारा नियंत्रित कोई भी निगम (जो स्थानीय प्राधिकरण न हो),

(c) कम्पनी अधिनियम की धारा 617 के अर्थान्तर्गत कोई भी सरकारी कम्पनी, जिसम. समादत्त अंशपूंजी का इक्यावन प्रतिशत से अन्यून राज्य सरकार द्वारा धारित है या कोई भी कम्पनी जो किसी भी ऐसी कम्पनी की सहायक है जिसम. समादत्त अंशपूंजी का इक्यावन प्रतिशत से अन्यून राज्य सरकार द्वारा धारित है,

(d) राजस्थान सोसाइटीज रजिस्ट्रीकरण अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत कोई भी सोसाइटी, जो राज्य सरकार के नियंत्रण के अधीन है और जिसे राजपत्र म. उस सरकार द्वारा इस निमित्त अधिसूचित किया गया है।

1.4 जाँच एवं अन्वेषण की प्रकिया

शिकायता. की जाँच पड़ताल के सम्बन्ध म. लोकायुक्त को सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अन्तर्गत सिविल न्यायालय की समस्त शक्तियां प्राप्त हैं जिनके आधार पर वे शिकायत के सम्बन्ध म. किसी भी ऐसे अधिकारी या अन्य व्यक्ति को जो उनकी राय म. जाँच सम्बन्धी सूचना देने या सुसंगत कागजात प्रस्तुत करने म. समर्थ है, बुला सकते हैं और उसके शपथ पर बयान ले सकते हैं। किसी दस्तावेज को पेश करवाना, शपथ-पत्रा. पर साक्ष्य प्राप्त करना, किसी भी न्यायालय या कार्यालय से किसी अभिलेख या उसकी प्रतिलिपि को प्राप्त करना, साक्षिया. या दस्तावेजा. की जाँच के लिये कमीशन जारी करना आदि सभी अधिकार उन्हें प्राप्त हैं। लोकायुक्त के समक्ष कोई भी कार्यवाही भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 193 के अन्तर्गत एक न्यायिक कार्यवाही है।

यह सचिवालय **''दोषी लोक सेवक को दण्ड और निर्दोष को संरक्षण''** के सिद्धान्त का अनुसरण करता है, इसलिये यह संस्था लोक सेवका. के विरूद्ध प्राप्त प्रत्येक शिकायत की गहन परीक्षा कर विषय की सच्चाई और गम्भीरता की तह तक पहुँचने हेतु प्रयासरत रहती है। परीक्षण के दौरान यदि यह पाया जाता है कि शिकायत म. लगाये गये आरोप स्पष्ट नहीं हैं तो इसके सम्बन्ध म. विस्तृत तथ्या. की माँग की जाती है अन्यथा स्थिति में सम्बन्धित विभाग से तथ्यात्मक रिपोर्ट मंगाई जाती है। यदि मामला प्रथमदृष्टया ही प्रारम्भिक जाँच किये जाने का प्रतीत हो तो उसम. प्रारम्भिक जाँच किये जाने के आदेश प्रदान किये जाते हैं।

तथ्यात्मक प्रतिवेदन प्राप्त होने पर परिवादी को उसका निरीक्षण करके आपत्तियां प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया जाता है। प्राप्त तथ्यात्मक प्रतिवेदन एवं परिवादी द्वारा प्रस्तुत की गई आपत्तिया. और बचाव बिन्दुओं का इस सचिवालय द्वारा परीक्षण किया जाता है। परीक्षणोपरान्त यदि आरोप प्रमाणित नहीं पाये जाते हैं तो शिकायत को नस्तीबद्ध कर दिया

जाता है एवं यदि आरोप प्रमाणित पाये जाते हैं तो उनके सम्बन्ध म. इस सचिवालय द्वारा प्रारम्भिक जाँच किये जाने या सीधे ही अन्वेषण किये जाने के आदेश प्रदान किये जाते हैं।

प्रारम्भिक जाँच के दौरान परिवादी, उसके साक्षीगण एवं सुसंगत अभिलेख के परीक्षण करने के पश्चात् यदि किसी भी लोक सेवक के विरूद्ध आरोपित अभिकथन प्रथमदृष्टया प्रमाणित नहीं पाये जाते हैं तो प्रारम्भिक जाँच को बन्द कर प्रकरण को नस्तीबद्ध कर दिया जाता है जिसकी सूचना परिवादी को भी पृथक से दी जाती है।

यदि प्रारम्भिक जाँच म. आरोप प्रथमदृष्टया सही पाये जाते हैं तो सन्तुष्ट होने पर राज्य सरकार को यथोचित कार्यवाही की सिफारिश की जाती है। आवश्यकता समझने पर राजस्थान लोकायुक्त तथा उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 10 के अन्तर्गत अन्वेषण प्रारम्भ करने के आदेश प्रदान कर अपचारी लोक सेवक को नोटिस व अन्वेषण के आधारा. का विवरण, उसका जबाव/स्पष्टीकरण मय शपथ-पत्र एवं ऐसी दस्तावेजी और मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिये भेजा जाता है जिसे कि वह अपने बचाव म. प्रस्तुत करना उचित समझे तथा उसकी एक प्रति उसके सक्षम प्राधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित की जाती है।

अपचारी लोक सेवक को अन्वेषण के दौरान अपना पक्ष रखने, व्यक्तिगत सुनवाई के अतिरिक्त साक्षिया. से प्रतिपरीक्षण का अवसर प्रदान किया जाता है। अन्वेषण के पश्चात् यदि लगाये गये आरोप प्रमाणित नहीं पाये जाते हैं तो अन्वेषण को बन्द कर प्रकरण को नस्तीबद्ध कर दिया जाता है एवं इसकी सूचना परिवादी को भी दे दी जाती है।

यदि लगाये गये आरोप अंशतः या पूर्णतः सिद्ध पाये जाते हैं तो उनके सम्बन्ध म. राजस्थान लोकायुक्त तथा उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 12 (1) के अन्तर्गत अन्वेषण प्रतिवेदन उसके सक्षम प्राधिकारी को

भेजा जाता है जिसम. यदि अपचारी लोक सेवक द्वारा कोई दाण्डिक अपराध किया गया हो तो दाण्डिक मामला संस्थित करने अन्यथा यथोचित अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने की सिफारिश की जाती है।

यदि किसी मामले म. किसी भी लोक सेवक के विरूद्ध कोई आरोप प्रमाणित नहीं पाया जाये परन्तु यह प्रतीत हो कि प्रशासन की किसी भी प्रक्रिया या व्यवहार से भ्रष्टाचार अथवा दुराचरण का अवसर मिलता है तो यह सचिवालय सुझाव देता है कि ऐसी प्रक्रिया या चलन म. समुचित परिवर्तन कर दिया जाये अथवा सम्बन्धित नियमा. को उपयुक्त रूप से इस प्रकार संशोधित कर दिया जाये कि जिससे लोक सेवका. द्वारा भ्रष्टाचार या दुराचरण किये जाने की सम्भावना समाप्त हो जाये तथा आम लोगा. को अनुचित हानि एवं कठिनाई न हो।

यदि शिकायत पूर्णतया मिथ्या एवं आधारहीन हो तो अपचारी लोक सेवक को, शिकायतकर्ता को अभियोजित करने की अनुमति भी दी जाती है।

1.5 प्रचार–प्रसार

लोकायुक्त संस्था के महत्व, कार्य एवं क्षेत्राधिकार से राजस्थान की आम जनता को परिचित करवाने के उद्देश्य से प्रतिवेदनाधीन अवधि म. मेरे द्वारा जिला स्तरीय अधिकारिया, उप–खण्ड स्तरीय अधिकारिया. एवं गैरसरकारी संगठना. के प्रतिनिधिया. की विभिन्न बैठकें आयोजित की गईं। गैर सरकारी संगठना. की पहुँच आम जनता तक होती है। अतः बैठका. के दौरान उनसे अनुरोध किया गया कि वे आम लोगा. को लोकायुक्त संस्था के महत्व, अधिकार–क्षेत्र, कार्य प्रणाली व शिकायत प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जानकारी दें। उनसे अपनी प्राथमिकताआ. म. भ्रष्टाचार उन्मूलन को भी शामिल करने का अनुरोध किया गया।

मेरा ऐसा विश्वास है कि यदि गैर सरकारी संगठन भ्रष्टाचार के उन्मूलन एवं सुशासन की स्थापना की दिशा म. कार्य करने तथा इस सम्बन्ध म. लोकायुक्त संस्था का सहयोग करने का संकल्प ले लें तो कोई कारण नहीं कि समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार के प्रचलन म. सारभूत कमी न हो।

जनसाधारण से भी यह आग्रह किया गया कि वे अपने व्यक्तिगत जीवन म. नैतिक मूल्या. को तिलांजलि न दें एवं अपना दायित्व समझकर भ्रष्टाचार के विरोध म. लोकमत उत्पन्न करें ताकि राष्ट्र विरोधी एवं विकास विरोधी भ्रष्टाचार के केन्सर को जड़ से समाप्त किया जा सके।

सुशासन की कल्पना अधिकारिया. के सहयोग के बिना सम्भव नहीं है क्याकि अधिकारी ही प्रशासन की रीढ़ होते हैं। अत: जिला स्तरीय अधिकारिया. की बैठका. के दौरान उनसे यह आग्रह किया गया कि वे संवेदनशील रहकर लोगा. की कठिनाईयों और परेशानिया. को ध्यान से सुन, उनकी शिकायता. का पूर्ण संवेदनशीलता एवं निष्पक्षता के साथ निराकरण कर, राजकीय कार्य म. अधिकतम पारदर्शिता अपनाय. ताकि अकर्मण्यता, पद के दुरूपयोग व भ्रष्टाचार को समूल नष्ट किया जा सके।

उनसे यह भी अपेक्षा की गई है कि जब भी किसी शिकायत के बारे म. उनसे तथ्यात्मक जानकारी माँगी जावे तो वे शीघ्रता से कार्यवाही करते हुए अविलम्ब तथ्यात्मक रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें ताकि शिकायत प्रकरणा. म. यथाशीघ्र कार्यवाही की जा सके।

इन शिविरा. के परिणामस्वरूप प्रतिवेदनाधीन अवधि म. लोकायुक्त संस्था के इतिहास म. सर्वाधिक 4433 शिकायत. प्राप्त हुईं जो परिशिष्ट–2.2 के अवलोकन से प्रकट है।

परिशिष्ट–1.1

दिनांक 01.04.2014 से 31.03.2015 की कालावधि म. लोकायुक्त सचिवालय म. स्वीकृत पदा. का विवरण

क्र.सं.	पदनाम	स्वीकृत पद	रिक्त पद
1.	प्रमुख सचिव	1	-
2.	सचिव	1	1
3.	प्रमुख निजी सचिव	1	-
4.	संयुक्त सचिव	4	-
5.	विशेषाधिकारी–जे	1	-
6.	विशेषाधिकारी–आर	1	1
7.	संयुक्त विधि परामर्शी	1	-
8.	उप सचिव	3	1
9.	सहायक सचिव	3	-
10.	निजी सचिव	2	-
11.	पुस्तकालयाध्यक्ष	1	-
12.	अतिरिक्त निजी सचिव	3	1
13.	अनुभाग अधिकारी	3	-
14.	सहायक लेखाधिकारी	1	-
15.	जन सम्पर्क अधिकारी	1	-
16.	सहायक नगर नियोजक	1	-
17.	लेखाकार	1	-
18.	सहायक अनुभाग अधिकारी	4	1
19.	कनिष्ठ लेखाकार	1	1

क्र.सं.	पदनाम	स्वीकृत पद	रिक्त पद
20.	निजी सहायक	5	3
21.	आशुलिपिक	9	5
22.	सहायक प्रोग्रामर	1	-
23.	सूचना सहायक	3	1
24.	वरिष्ठ लिपिक	7	1
25.	कनिष्ठ लिपिक	14	2
26.	वाहन चालक	6	1
27.	जमादार	2	-
28.	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	18	-
29.	प्रोसेस सर्वर	4	-
30.	अपर पुलिस अधीक्षक	1	1
31.	उप पुलिस अधीक्षक	2	2
32.	पुलिस निरीक्षक	1	1
33.	पुलिस उप निरीक्षक	1	1
34.	मुख्य आरक्षी	3	3
35.	आरक्षी	7	7
	कुलः-	**118**	**34**

परिशिष्ट–1.2

वित्तीय वर्ष 2014–15 म. आवंटित बजट एवं व्यय का विवरण (` लाखा. म.)

क्र.स.	बजट शीर्ष	मूल आवंटन	संशोधित अनुदान	वास्तविक व्यय
1.	01–संवेतन	270.00	345.00	337.62
2.	03–यात्रा–व्यय	2.50	0.22	0.20
3.	04–चिकित्सा–व्यय	6.00	8.00	8.00
4.	05–कार्यालय–व्यय	22.85	25.00	23.06
5.	06–वाहना. का क्रय	17.50	17.50	13.09
6.	07–कार्यालय वाहना. का संचालन एवं संधारण	1.69	5.28	5.28
7.	08–वृत्तिक और विशिष्ट सेवाएं	1.00	0.78	0.74
8.	11–विज्ञापन, विक्रय, प्रचार और प्रसार–व्यय	10.00	5.00	4.89
9.	14–सत्कार आतिथ्य/उपहार–व्यय आदि	0.10	0.10	0.10
10.	21–अनुरक्षण एवं मरम्मत	30.00	0.00	0.00
11.	31–पुस्तकालय एवं पत्र–पत्रिकाआ. पर व्यय	2.00	0.69	0.69
12.	36–वाहना. का किराया	10.08	10.11	10.10
13.	37–वर्दियां तथा अन्य सुविधाएं	0.24	0.23	0.22
14.	41–संविदा–व्यय	4.45	1.46	1.44
15.	62–कम्प्यूटराइजेशन एवं तत्सम्बन्धी संचार–व्यय	4.00	0.00	0.00
	कुल योगः–	**382.41**	**419.37**	**405.43**

अध्याय–2

सम्पादित कार्य

2.1 समग्र कार्य

(1) **दिनांक 01.04.14 से 31.03.15 तक की कालावधि की कुल शिकायता. का विवरण:–**

परिशिष्ट–2.1 के अनुसार दिनांक 31.03.14 को 2729 शिकायत. कार्यवाही हेतु लम्बित थीं एवं दिनांक 01.04.14 से 31.03.15 की अवधि में 4433 शिकायतें और प्राप्त हुई। इस प्रकार कुल 7162 शिकायता. म. से 3756 शिकायता. का निस्तारण करने पर दिनांक 31.03.15 को 3406 शिकायत. लम्बित रहीं।

लोकायुक्त संस्था की उपयोगिता, महत्व, कार्यप्रणाली एवं क्षेत्राधिकार से राजस्थान की आम जनता को परिचित करवाने के उद्देश्य से प्रतिवेदनाधीन अवधि में जिला एवं उप–खण्ड स्तर पर आयोजित शिविरों के परिणामस्वरूप **लोकायुक्त संस्था के इतिहास म. सर्वाधिक 4433 शिकायतें प्राप्त हुईं**। **इसी अवधि म. 3756 शिकायता. का निस्तारण किया गया, जो संस्था के इतिहास म. दूसरा सर्वाधिक निस्तारण है।** इससे पूर्व पिछले वर्ष **3928** शिकायता. का निस्तारण किया गया था जो संस्था के इतिहास म. प्रथम है। यह तथ्य **परिशिष्ट–2.2** से प्रकट है।

(2) **परिशिष्ट–2.2** के अनुसार माथुर आयोग से स्थानान्तरित होकर प्राप्त हुए प्रकरणा. म. से दिनांक 31.03.14 को 1089 प्रकरण जाँच कार्यवाही म. लम्बित थे। प्रतिवेदनाधीन अवधि म. 289 प्रकरणा. का

निस्तारण करने पर दिनांक 31.03.15 को 800 प्रकरण जाँच कार्यवाही म. लम्बित रहे।

(3) दिनांक 01.04.14 से 31.03.15 तक की कालावधि के लोकायुक्त सचिवालय तथा माथुर आयोग से स्थानान्तरित प्रकरणा. का अलग-अलग विवरणः-

श्रेणी	दिनांक 31.3.14 को लम्बित शिकायतें	दिनांक 01.04. 14 से 31.3. 15 तक प्राप्त शिकायतें	योग कॉलम 1 व 2	दिनांक 01.04. 14 से 31.3. 15 तक निस्तारित शिकायतें	दिनांक 31.3.15 को लम्बित रही शिकायतें
लोकायुक्ता सचिवालय	1640	4433	6073	3467	2606
माथुर आयोग से स्थानान्तरित प्रकरण	1089	0	1089	289	800
योगः-	**2729**	**4433**	**7162**	**3756**	**3406**

(4) दिनांक 01.4.14 से 31.3.15 तक की कालावधि में सर्वाधिक शिकायता. वाले विभागः-

क्र.सं.	विभाग का नाम	शिकायत.
1.	यू.डी.एच./जे.डी.ए./एल.एस.जी.	881
2.	पुलिस	719
3.	राजस्व	654
4.	ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज	545

(5) दिनांक 01.04.10 से 31.03.15 तक पांच वर्ष की कालावधि में सर्वाधिक शिकायता. वाले विभाग:-

क्र. सं.	विभाग का नाम	01.04.10 से 31.03.11	01.04.11 से 31.03.12	01.04.12 से 31.03.13	01.04.13 से 31.03.14	01.04.14 से 31.03.15
1.	यूडीएच/जविप्रा/ एलएसजी	192	295	192	489	881
2.	पुलिस	252	307	254	438	719
3.	राजस्व	250	343	249	392	654
4.	ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज	106	216	169	233	545

(6) दिनांक 01.4.14 से 31.3.15 तक की कालावधि म. स्वप्रेरणा से प्रसंज्ञान लेकर संस्थित किये गये प्रकरण:-

दिनांक 01.4.14 से 31.3.15 तक की कालावधि म. स्वप्रेरणा से प्रसंज्ञान लेकर 58 प्रकरणा. म. कार्यवाही प्रारम्भ की गई जिनका संक्षिप्त विवरण परिशिष्ट-2.3 म. दिया गया है।

2.2 प्रारम्भिक जाँच के प्रकरण

(1) दिनांक 01.04.14 से 31.03.15 तक की कालावधि के प्रारम्भिक जाँच प्रकरणा. का विवरण:-

दिनांक 01.04.14 से 31.03.15 तक की कालावधि म. लम्बित, संस्थित एवं निस्तारित प्रारम्भिक जाँच प्रकरणा. का विवरण परिशिष्ट-2.4 म. दिया गया है, जिसके अनुसार दिनांक 31.03.14 को कुल 46 प्रकरणा. म. प्रारम्भिक जाँच लम्बित थीं एवं दिनांक 01.04.14 से 31.03.15 तक की कालावधि म. **26** और प्रकरणा. म. प्रारम्भिक जाँच संस्थित की गई। इस प्रकार उक्त कालावधि के प्रारम्भिक जांच के कुल 72 प्रकरणों में से **12** प्रकरण अभिकथन सिद्ध न होने के कारण, **2** प्रकरण विभाग द्वारा पहले ही कार्यवाही

कर लिये जाने के कारण, 5 प्रकरण अन्वेषण के पर्याप्त आधार विनिर्मित न होने के कारण एवं 3 प्रकरण अन्य कारणा. से नस्तीबद्ध किये गये। 15 प्रकरण अन्वेषण प्रारम्भ कर दिये जाने के कारण अन्वेषण प्रकरणा. के शीर्ष में स्थानान्तरित किये गये व 5 प्रकरणा. म. धारा 12(1) के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारिया. को प्रतिवेदन, मय सिफारिश प्रेषित किये गये। इस प्रकार उक्त अवधि म. कुल 42 प्रारम्भिक जाँच प्रकरणा. का निस्तारण किये जाने के पश्चात् दिनांक 31.03.15 को 30 प्रकरणा. म. ही प्रारम्भिक जाँच लम्बित रहीं।

(2) **दिनांक 01.4.14 से 31.03.15 तक की कालावधि में माथुर आयोग से स्थानान्तरित प्रकरणा. से सम्बन्धित प्रारम्भिक जाँच प्रकरणा. का विवरण:-**

परिशिष्ट-2.4 के अनुसार दिनांक 31.03.14 को माथुर आयोग से स्थानान्तरित होकर प्राप्त पत्रावलिया. म. से एक प्रकरण म. प्रारम्भिक जाँच लम्बित थी। दिनांक 01.04.14 से 31.03.15 की कालावधि म. एक अन्य प्रकरण म. प्रारम्भिक जाँच संस्थित की गई। इस प्रकार कुल 02 प्रारम्भिक जाँच प्रकरणा. म. से उक्त कालावधि म. एक प्रकरण, अभिकथन सिद्ध न होने के कारण नस्तीबद्ध करने पर दिनांक 31.03.15 को एक प्रकरण म. प्रारम्भिक जाँच लम्बित रही।

2.3 अन्वेषण के प्रकरण

(1) **दिनांक 01.04.14 से 31.03.15 तक की कालावधि के अन्वेषण प्रकरण:-**

इस कालावधि म. लम्बित, संस्थित एवं निस्तारित अन्वेषण प्रकरणा. का विवरण परिशिष्ट-2.5 म. दिया गया है जिसके अनुसार दिनांक 31.03.14 को कुल 08 प्रकरणा. म. अन्वेषण लम्बित था। दिनांक 01.04.14 से 31.03.15 तक की कालावधि म. 22 और प्रकरणा. म. अन्वेषण प्रारम्भ किया गया। इस प्रकार कुल 30 अन्वेषण प्रकरणा.

म. से उक्त कालावधि म. एक प्रकरण अभिकथन सिद्ध न होने के कारण नस्तीबद्ध किया गया, 02 प्रकरण अन्य कारणा. से नस्तीबद्ध किये व अन्य 02 प्रकरणा. म. धारा 12(1) के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारिया. को प्रतिवेदन मय सिफारिश प्रेषित किये गये। इस प्रकार प्रतिवेदनाधीन अवधि म. कुल 05 अन्वेषण प्रकरणा. का निस्तारण किये जाने के पश्चात् दिनांक 31.03.15 को 25 प्रकरणा. म. अन्वेषण लम्बित रहा।

2.4 धारा 12(1) के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारिया. को प्रेषित अनुशंसा प्रतिवेदन

(1) दिनांक 01.04.14 से 31.03.15 तक की कालावधि म. प्रेषित प्रतिवेदनः-

परिशिष्ट-2.6 के अनुसार इस कालावधि म. कुल 09 प्रकरणा. (05 प्रारम्भिक जाँच प्रकरण, 02 अन्वेषण प्रकरण व 02 तथ्यात्मक प्रतिवेदन) म. धारा 12(1) के अधीन सक्षम प्राधिकारिया. को प्रतिवेदन मय अनुशंसा प्रेषित किये गये। इनम. माथुर आयोग से स्थानान्तरित होकर आया एक प्रकरण भी सम्मिलित है। इनका संक्षिप्त विवरण अध्याय-3 म. दिया गया है।

(2) दिनांक 01.04.2007 से 31.03.2014 तक की कालावधि म. प्रेषित प्रतिवेदनः-

इस कालावधि म. अधिनियम की धारा 12(1) के अधीन प्रेषित किये गये प्रतिवेदना. एवं उनम. की गई सिफारिशा. पर अपेक्षित कार्यवाही/सक्षम प्राधिकारिया. द्वारा की गई कार्यवाही को दर्शित करने वाले प्रकरणा. का विवरण परिशिष्ट-2.7 म. दिया गया है। इनका विस्तृत विवरण पूर्व के प्रतिवेदना. म. दिया जा चुका है।

2.5 विशेष प्रतिवेदन

(1) दिनांक 01.04.14 से 31.03.15 की कालावधि म. माननीय राज्यपाल महोदय को किसी प्रकरण म. विशेष प्रतिवेदन प्रेषित करने की आवश्यकता नहीं पाई गई। पूर्व म. प्रेषित किये गये विशेष प्रतिवेदना. एवं उनके संबंध म. की गई कार्यवाही का संक्षिप्त विवरण परिशिष्ट–2.8 म. दिया गया है।

2.6 इस सचिवालय द्वारा निस्तारित कतिपय महत्त्वपूर्ण प्रकरण

(1) दिनांक 01.04.14 से 31.03.15 तक की कालावधि म. लोकायुक्त सचिवालय द्वारा निस्तारित प्रकरणा. म. से कतिपय महत्त्वपूर्ण प्रकरणा. का विवरण अध्याय–4 म. दिया गया है।

2.7 इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही किये जाने के पश्चात् विभागा. द्वारा की गई विभागीय कार्यवाहिया. के प्रकरण

(1) दिनांक 01.04.14 से 31.03.15 तक की कालावधि म. 96 विभिन्न प्रकरणा. म. 194 विभिन्न लोक सेवकगण के विरूद्ध विभागीय कार्यवाहियां प्रारम्भ/निर्णीत की गई, जिनका विभागवार संक्षिप्त विवरण परिशिष्ट–2.9 म. तथा इनम. से अधिसंख्य प्रकरणा. का विस्तृत विवरण अध्याय–5 म. दिया गया है।

2.8 इस सचिवालय की कार्यवाही के पश्चात् परिवादीगण को प्राप्त अनुतोष के प्रकरण

(1) दिनांक 01.04.14 से 31.03.15 तक की कालावधि म. 203 प्रकरणा.

म. परिवादीगण को अनुतोष प्राप्त हुआ जो संस्था के इतिहास म. सर्वाधिक है। अनुतोष प्रदान किये गये प्रकरणा. का विभागवार संक्षिप्त विवरण परिशिष्ट–2.10 म. तथा इनम. अधिसंख्य प्रकरणा. का विस्तृत विवरण अध्याय–6 म. दिया गया है।

परिशिष्ट–2.1

दिनांक 01.04.14 से 31.03.15 तक की कालावधि की कुल शिकायता. का विवरण

शीर्ष सं.	विभाग का नाम	दिनांक 31.03.14 को लम्बित शिकायतें	दिनांक 01.04.14 से 31.03.15 तक प्राप्त शिकायतें	योग कॉलम 1 व 2	दिनांक 01.04.14 से 31.03.15 तक निस्तारित शिकायतें	दिनांक 31.03.15 को लम्बित रही शिकायतें (3-4)
		(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
2	कृषि	11	25	36	25	11
3	पुलिस	183	719	902	598	304
4	सहकारिता	12	52	64	49	15
5	शिक्षा	86	185	271	189	82
6	कॉलेज शिक्षा	3	25	28	19	9
7	खाद्य एवं आपूर्ति	13	50	63	39	24
8	चिकि. एवं स्वा.	42	119	161	71	90
9	सा.नि.वि.	10	39	49	26	23
10	विद्युत कम्पनियां	27	161	188	123	65
11	राजस्व	267	654	921	503	418
12	ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज	197	545	742	476	266
13	अकाल एवं राहत	0	1	1	1	0
14	यातायात	9	30	39	21	18
15	वन	20	31	51	26	25
16	यूडीएच/जविप्रा/एल. एस.जी.	455	881	1336	519	817
17	जनसम्पर्क	0	2	2	2	0
18	आबकारी	7	53	60	44	16
19	उद्योग	9	26	35	24	11
20	मुद्रण एवं लेखन	0	1	1	0	1
21	पशुपालन	7	8	15	10	5
22	माथुर आयोग से स्थानान्तरित	1089	0	1089	289	800

23	सिंचाई	19	29	48	28	20
24	इं.गा.नहर परि.	0	3	3	0	3
25	राणा प्र. सागर/जवाहर सागर	0	0	0	0	0
26	उपनिवेशन	3	2	5	1	4
28	न्याय	2	21	23	23	0
29	जेल	0	3	3	3	0
30	श्रम	1	8	9	5	4
31	पी.एच.ई.डी.	28	59	87	43	44
32	सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता	19	55	74	38	36
33	भू-प्रबन्ध	3	6	9	4	5
34	सचिवालय	10	25	35	19	16
35	विविध	138	463	601	402	199
40	भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो	5	11	16	8	8
41	आयुर्वेद	4	7	11	9	2
42	देवस्थान	6	26	32	16	16
43	रा.रा.प.प.निगम	0	19	19	18	1
44	वाणिज्यिक कर	4	6	10	8	2
45	खान एवं भूविज्ञान	28	42	70	43	27
46	संस्कृत शिक्षा	2	6	8	6	2
47	बीमा एवं प्रा.निधि	4	25	29	17	12
48	तकनीकी शिक्षा	6	10	16	11	5
योगः-		**2729**	**4433**	**7162**	**3756**	**3406**

परिशिष्ट–2.2

दिनांक 01.04.1979 से 31.03.15 तक की कालावधि में प्राप्त, निस्तारित व लम्बित शिकायता. का विवरण

अवधि	वर्ष प्रारम्भ म. लम्बित शिकायतें	वर्ष म. प्राप्त शिकायतें	कुल शिकायतें	वर्ष के दौरान निस्तारित शिकायतें	वर्षान्त म. लम्बित रही शिकायतें
01.04.1979 से 31.03.1980	521	231	752	313	438
01.04.1980 से 31.03.1981	438	318	756	360	396
01.04.1981 से 31.03.1982	396	240	636	328	308
01.04.1982 से 31.03.1983	308	263	571	163	412
01.04.1983 से 31.03.1984	412	229	641	.	641
01.04.1984 से 31.03.1985	641	371	1012	834	178
01.04.1985 से 31.03.1986	178	340	518	270	248
01.04.1986 से 31.03.1987	248	106	354	161	193
01.04.1987 से 31.12.1987	193	81	274	190	84
01.01.1988 से 30.06.1989	84	698	782	614	168
01.07.1989 से 31.12.1989	168	236	404	206	198

01.01.1990 से 31.08.1993	198	1795	1993	1675	318
01.09.1993 से 31.03.1996	318	1411	1729	1446	283
01.04.1996 से 31.03.1997	283	623	906	728	178
01.04.1997 से 31.03.1998	178	577	755	629	126
01.04.1998 से 31.03.1999	126	430	556	455	101
01.04.1999 से 31.03.2000	101	402	503	249	254
01.04.2000 से 31.03.2001	254	1101	1355	535	820
01.04.2001 से 31.03.2002	820	1648	2468	977	1491
01.04.2002 से 31.03.2003	1491	1934	3425	2341	1084
01.04.2003 से 31.03.2004	1084	1369	2453	1627	826
01.04.2004 से 26.11.2004	826	1246	2072	1188	884
27.11.2004 से 31.03.2005	884	456	1340	.	1340
01.04.2005 से 31.03.2006	1340	1037	2377	.	2377
01.04.2006 से 30.04.2007	2377	517	2894	.	2894
01.05.2007 से 31.03.2008	2894	1267	4161	3040	1121
01.04.2008 से 31.03.2009	1121	1246	2367	1357	1010
01.04.2009 से 31.03.2010	1010	1147	2157	1307	850

01.04.2010 से 31.03.2011	850	1408	2258	1401	857
01.04.2011 से 31.03.2012	857	3495	4352	1846	2506
01.4.2012 से 31.03.2013	2506	1393	3899	96	3803
01.04.2013 से 31.03.2014	3803	2854	6657	3928	2729
01.04.2014 से 31.03.2015	2729	4433	7162	3756	3406

परिशिष्ट–2.3

दिनांक 01.04.2014 से 31.03.2015 तक की कालावधि में स्वप्रेरणा से प्रसंज्ञान लेकर संस्थित किये गये प्रकरणा. का विवरण

क्र. सं.	पत्रावली सं.	विषय	उत्तरदायी लोकसेवक
1	3(8)2014	राजस्थान पत्रिका में दिनांक 28.3.2014 को प्रकाशित समाचार ''थाने म. जब्त गाड़िया. म. आग लगी, बुझाने के लिए दौड़ते रहे पुलिस वाले एवं जाँच की चाल धीमी, गाड़ियां हुई कबाड़ और थाने बने गोदाम'' बाबत।	पुलिस अधिकारीगण, जयपुर
2	8(2)2014	दैनिक भास्कर म. दिनांक 01.4.2014 को प्रकाशित समाचार ''10 करोड़ की मशीन एक भी मरीज को थैरेपी नहीं'' बाबत।	चिकित्सा विभाग के अधिकारीगण
3	18(2)2014	दैनिक भास्कर अखबार म. दिनांक 03.4.2014 को प्रकाशित समाचार ''फिर से वहीं दुकान खुलते देख भड़के लोग एवं शराब की दुकाना. के विरोध म. जयन्ती बाजार बन्द'' बाबत।	आबकारी विभाग के अधिकारी
4	8(4)2014	राजस्थान पत्रिका में दिनांक 09.4.2014 को प्रकाशित समाचार ''सस्ते इलाज को महंगा बना रहे हैं कुछ डॉक्टर, एस.एम.एस. अस्पताल निजी दवा की दुकानों पर जमा होते हैं पैसे, सीधा ओटी में पहुंचता है सामान'' बाबत।	चिकित्सा विभाग के अधिकारीगण
5	15(2)2014	राजस्थान पत्रिका में दिनांक 09.4.2014 को प्रकाशित समाचार ''करोड़ा. की वन भूमि पर राता. रात दीवार, भूतेश्वर वन क्षेत्र म. नहीं थम रहा अतिक्रमण'' बाबत।	वन विभाग के अधिकारीगण

क्र. सं.	पत्रावली सं.	विषय	उत्तरदायी लोकसेवक
6	35(16)2014	दैनिक भास्कर म. दिनांक 21.4.2014 को प्रकाशित समाचार ''सांसद निधि का पैसा कर दिया निजी उद्योगा. पर खर्च'' बाबत।	जिला कलेक्टर, अजमेर आदि
थाना, इन्द्रगढ़ म. दिनांक 05.09.12 को सरपंच श्री नेनकराम मीणा के विरूद्ध धमकी देने एवं पंचायत कार्यवाही म. बाधा उत्पन्न करने के मामले म. लिखित रिपोर्ट दर्ज करवाई थी जो पुलिस थाना, इन्द्रगढ़ की वर्ष 2012 की परिवाद पंजिका म. क्रमांक 480 पर दर्ज है। उक्त परिवाद म. थानाधिकारी द्वारा बीट कांस्टेबल नं. 810 श्री राजेन्द्र कुमार को कार्यवाही करने के लिए अधिकृत किया गया था। परिवाद के सम्बन्ध म. की गई कार्यवाही के बारे म. पूछने पर श्री राजेन्द्र कुमार ने परिवादी को यह बताया कि उसके परिवाद म. दिनांक 13.09.12 को न्यायालय कार्यपालक मजिस्ट्रेट, इन्द्रगढ़ म. इस्तगासा पेश कर दिया गया है। जब परिवादी ने उक्त न्यायालय से जानकारी प्राप्त की तो बताया गया कि ऐसा कोई इस्तगासा पेश नहीं किया गया है। परिवादी के अनुसार उक्त श्री राजेन्द्र कुमार ने श्रीमती शांति पत्नी श्री प्रभु द्वारा दिनांक 16.08.12 को प्रस्तुत शिकायत पर भी कोई मामला पंजीबद्ध नहीं किया। इसी प्रकार श्री नारायण द्वारा श्री नेनकराम मीणा के विरूद्ध दिनांक 28.08.12 को दी गई शिकायत पर भी बिना कोई कार्यवाही किये ही अपनी मर्जी से राजीनामा करना अंकित कर गुमराह किया।

इस सम्बन्ध म. पुलिस अधीक्षक, बूंदी से रिपोर्ट प्राप्त की गई एवं तत्पश्चात् सम्बन्धित रिकॉर्ड तलब किया गया। पुलिस अधीक्षक, बूंदी से प्राप्त रिपोर्ट दिनांक 6.03.13 के अनुसार परिवादी की शिकायत पर बाद जाँच गैर सायल नेनकराम मीणा के विरूद्ध इस्तगासा धारा 107, 116(3) जाब्ता फौजदारी का मुर्तिब किया जाकर दिनांक 13.09.12 को तहसीलदार, इन्द्रगढ़ के समक्ष पेश किया जाकर पाबन्द करवाने की कार्यवाही की जा चुकी है। परिवादी द्वारा पुनः पेश परिवाद पर गैर सायल श्री नेनकराम मीणा को दिनांक 20.10.13 को धारा 107, 151 जाब्ता फौजदारी म. गिरफ्तार किया जाकर पाबन्द करवाया जा चुका है। पत्र दिनांक 31.05.14, 05.08.14 एवं 31.12.14 के अनुसार परिवादी श्री कमलेश बैरवा द्वारा दिनांक 05.09.12 को पेश की गई शिकायत पर कार्यवाही न करने एवं गलत खारजा लगाने के आरोप के सम्बन्ध म.

राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के अन्तर्गत की गई विभागीय जाँच म. आरोप प्रमाणित पाये जाने पर सम्बन्धित लोक सेवक श्री राजपाल चौपड़ा, कांस्टेबल नं. 277 को दण्डादेश दिनांक 14.08.14 द्वारा ''परिनिन्दा'' के दण्ड से दण्डित कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवाद म. वाँछित कार्यवाही पूर्ण हो जाने पर यह प्रकरण दिनांक 23.01.15 को नस्तीबद्ध कर दिया गया।

एफ.3(78)लोआस/2013

श्री सुभाष चन्द, निवासी बोदला रोड़, शाहगंज, आगरा ने दिनांक 14.05.13 को प्रेषित परिवाद म. पुलिस थाना, अटलबन्द भरतपुर के सरकारी आवास संख्या 6 म. श्रीमती राजकुमारी द्वारा दिनांक 31.12.2004 से दिनांक 23.12.12 तक बिना आंवटन के निवास कर राज्य सरकार को रूपये 72,590/- की राजस्व हानि पहुंचाने का आरोप लगाया एवं जाँच कर दोषिया. को दण्डित करने व राजकीय आवास म. अवैध रूप से निवास करने की राशि वसूल करने की मांग की।

इस सम्बन्ध म. पुलिस अधीक्षक, भरतपुर से रिपोर्ट प्राप्त की गई। पुलिस अधीक्षक, भरतपुर ने अपने पत्र दिनांक 05.08.13, 10.04.14, 21.05.14, 10.07.14 एवं 17.11.14 द्वारा अवगत करवाया कि श्रीमती राजकुमारी पत्नी स्व.श्री मोहनसिंह, कांस्टेबल को अनुकम्पा के आधार पर आदेश दिनांक 11.12.13 द्वारा महिला कांस्टेबल के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है। अवैध रूप से राजकीय आवास म. निवास करने की अवधि के किराये की राशि रूपये 72,590/- की वसूली उसके वेतन से की जा रही है। सभी सम्बन्धित अधिकारिया. को समय पर राजकीय आवास खाली न करवाने के सम्बन्ध म. भविष्य म. अधिक जिम्मेदारी से विभागीय नियमा. की पालना करने की चेतावनी के साथ प्रकरण को बन्द कर दिया

गया है। इस प्रकार परिवाद म. वाँछित कार्यवाही पूर्ण हो जाने पर यह प्रकरण दिनांक 09.12.14 को नस्तीबद्ध कर दिया गया है।

एफ.3(93)लोआस/2013

परिवादी श्री गोकुलराम शर्मा, निवासी राम नगर, अलवर द्वारा पेश परिवाद दिनांक 22.05.13 म. उसके प्रकरण संख्या 172/2012 व 173/2012 पुलिस थाना, कठूमर म. थानाधिकारी श्री रामनिवास यादव व हैड़ कानि0 श्री श्याम लाल द्वारा अनुसंधान के दौरान मुलजिमा. को लाभ पहुंचाने के सम्बन्ध म. आरोप लगाये गये। परिवादी ने यह भी कथन किया कि उक्त दोना. लोक सेवका. के विरूद्ध भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय पर भी शिकायत की गई थी। इन आरोपा. के सम्बन्ध म. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो म. पूर्व म. दर्ज एफ.आई.आर. संख्या 348/2012 म. श्री मन्नोराम मीणा तत्कालीन उप पुलिस अधीक्षक, लक्ष्मणगढ़ के विरूद्ध अनुसंधान के बाद चार्जशीट पेश की गई थी व श्री रामनिवास यादव व श्री श्यामलाल के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की अनुशंषा की गई थी।

इस सम्बन्ध म. सचिवालय द्वारा की गई कार्यवाही म. अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, सतर्कता, राजस्थान, जयपुर से रिपोर्ट मंगवाये जाने पर पत्र दिनांक 15.01.14, 19.05.14, 01.08.14, 08.10.14 एवं 27.10.14 द्वारा अवगत करवाया गया कि श्री रामनिवास यादव, पुलिस निरीक्षक, हाल आर.पी.एस. सहायक कमाण्डेन्ट, 6 बटालियन आर.ए.सी., धौलपुर व श्री श्याम लाल, हैड कानि. 1191, पुलिस थाना, कठूमर द्वारा अभियोग संख्या 172/2012 व 173/2012 म. अनुसंधान के दौरान बरती गई लापरवाही एवं अनियमितता के आरोपा. के सम्बन्ध म. राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के अन्तर्गत की गई विभागीय जाँच म. आरोप प्रमाणित पाये जाने पर सम्बन्धित लोक सेवकगण सर्व श्री रामनिवास यादव, तत्कालीन पुलिस निरीक्षक, थानाधिकारी, पुलिस थाना, कठूमर एवं श्री श्यामलाल, हैड

कानि.1191, पुलिस थाना, कठूमर को दण्डादेश दिनांक 08.10.14 द्वारा ''परिनिन्दा'' के दण्ड से दण्डित कर दिया गया है। इस प्रकार परिवाद म. वाँछित कार्यवाही पूर्ण हो जाने पर यह प्रकरण दिनांक 13.11.14 को नस्तीबद्ध कर दिया गया।

एफ.3(327)लोआस/2013

श्री अनारसिंह, निवासी बोचवा निचली ओडन, तहसील नाथद्वारा, जिला राजसमन्द द्वारा दिनांक 15.01.14 को प्रेषित परिवाद म. पुलिस थाना, नाथद्वारा के ए.एस.आई. श्री पेशावर खान के विरूद्ध मुलजिमा. से मिली-भगत कर, उसके द्वारा दिनांक 17.09.13 को पेश परिवाद को दर्ज नहीं किये जाने का आरोप लगाया एवं उसके विरूद्ध कार्यवाही करने की मांग की है।

इस सम्बन्ध म. पुलिस अधीक्षक, राजसमन्द से प्राप्त रिपोर्ट दिनांक 11.06.14, 19.07.14 एवं 12.09.14 के अनुसार परिवादी श्री अनारसिंह द्वारा दिनांक 17.09.13 को पेश परिवाद पर दिनांक 08.01.14 तक कोई जाँच नहीं कर अपने पास पेण्डिंग रखने के आरोप म. राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के अन्तर्गत की गई विभागीय जाँच म. आरोप प्रमाणित पाये जाने पर सम्बन्धित लोक सेवक श्री पेशावर खां सहायक उप निरीक्षक, पुलिस थाना, नाथद्वारा को दण्डादेश दिनांक 19.08.14 द्वारा ''भविष्य म. ऐसी पुनरावृत्ति नहीं करने की चेतावनी'' के दण्ड से दण्डित कर दिया गया है। इस प्रकार परिवाद म. वाँछित कार्यवाही पूर्ण हो जाने पर यह प्रकरण दिनांक 10.11.14 को नस्तीबद्ध कर दिया गया।

एफ.3(414)लोआस/2013

श्री कानाराम, निवासी थोलाई, जमवारामगढ़, जिला जयपुर द्वारा दिनांक

31.03.14 को प्रेषित परिवाद म. पुलिस थाना, प्रतापगढ़ पर दर्ज प्रकरण संख्या 38/2012 म. श्री रामकरण, हैड कांस्टेबल नं. 438 व श्री लीलाराम जाट, कांस्टेबल द्वारा मुलजिमा. की मदद करने के सम्बन्ध म. लगाये गये आरोपा. के बारे म. उनके विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के अन्तर्गत चल रही जाँच म. उस पर राजीनामा करने के लिये दबाव डालने के आरोप लगाये जिसके सम्बन्ध म. कार्यवाही करने की प्रार्थना की।

इस शिकायत के सम्बन्ध म. पुलिस अधीक्षक, अलवर से प्राप्त रिपोर्ट दिनांक 06.05.14 एवं 17.10.14 के अनुसार परिवादी द्वारा लगाये गये आरोपा. के सम्बन्ध म. लोक सेवक श्री रामकरण, हैड कांस्टेबल नं. 438, पुलिस थाना, प्रतापगढ़ के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के अन्तर्गत की गई विभागीय जाँच म. झगड़े की सूचना मिलने पर रोजनामचा आम म. अंकित नहीं करने व बाद कार्यवाही आने पर भी रिपोर्ट अंकित नहीं करने के आरोप प्रमाणित पाये जाने पर उसे दण्डादेश दिनांक 16.07.12 द्वारा ‘‘परिनिन्दा’’ के दण्ड से दण्डित कर दिया है। परिवादी द्वारा लगाये गये अन्य आरोप प्रमाणित नहीं पाये गये।

इस प्रकार परिवाद म. वाँछित कार्यवाही पूर्ण हो जाने पर यह प्रकरण दिनांक 23.01.15 को नस्तीबद्ध कर दिया गया।

एफ.3(90)लोआस/2014

श्री कानाराम गुर्जर, निवासी टोकरा, तहसील करेड़ा, जिला भीलवाड़ा ने दिनांक 09.06.14 को प्रेषित परिवाद म. कहा है कि उसे अपने पिताजी से विरासत म. लगभग 12 बीघा जमीन दिनांक 06.05.1993 को मिली थी जिसे उसने पैसा. की जरूरत होने से बेच दिया। इस बात पर लोगा. के बहकावे म. आकर उसकी बहन श्रीमती सायरी पत्नी श्री औंकार गुर्जर

ने उसके विरूद्ध पुलिस थाना, करेड़ा म. एफ.आई.आर. 12/2014 दर्ज करवा दी। उक्त मुकदमें म. बाद अनुसंधान एफ.आर. अदमबकू झूठ म. दी गई।

परिवादी ने आरोप लगाया कि वर्तमान थानाधिकारी श्री चन्द्र प्रकाश यादव ने श्री भैंरू गुर्जर से मिलकर परिवादी से पैसे ऐंठने के लिए इसी मामले को राठौड़ी म. पुनः खोल दिया और कार्यवाही रोकने के नाम पर उससे रिश्वत की मांग करने लगा और बार-बार थाने बुलाने लगा जिससे परेशान होकर उसने बताये अनुसार रूपये 15,000/- शंकर आचार्य को जमा करा दिये। इसके बावजूद भी दलाल शंकर आचार्य बाकी 8,000/- लेने के लिये परेशान करने लग गया। इसके बाद थानाधिकारी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो म. शिकायत करने का शक हो जाने पर उसे रूपये 15,000/- वापस भेज दिये। इस प्रकार परिवादी ने दोषिया. के विरूद्ध कार्यवाही कर दण्डित करने की प्रार्थना की है।

सचिवालय स्तर पर कार्यवाही करते हुये पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा से इस बारे म. रिपोर्ट मांगी गई जो उनके पत्र दिनांक 15.07.14 एवं 07.10.14 द्वारा प्रेषित की गई। रिपोर्ट के अनुसार शिकायत के सम्बन्ध में करवाई गई जाँच के आधार पर यह तथ्य सामने आया कि परिवादी कानाराम के विरूद्ध उसकी बहन सायरी देवी द्वारा दर्ज करवाये गये प्रकरण संख्या 12/2014 म. राजीनामा हो जाने पर राजीनामे के अनुसार सायरी देवी को रूपये 50,000/- कानाराम से प्राप्त होने थे। कानाराम द्वारा रूपये नहीं देने पर सायरी देवी ने थानाधिकारी चन्द्रप्रकाश यादव की मदद से रूपये वसूल करने के प्रयास किये। वृत्ताधिकारी, आसीन्द की जाँच रिपोर्ट के अनुसार श्री चन्द्रप्रकाश यादव, थानाधिकारी व श्री प्रेम शंकर, ए.एस.आई. द्वारा बिना किसी परिवाद व रिपोर्ट के सायरी देवी के पूर्व मुकदमे के राजीनामे म. तयशुदा रूपये 50,000/- दिलवाने के लिये दबाव डालने का प्रथमदृष्ट्या दोषी पाया गया।

अतः उक्त दोना. लोक सेवकगण के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के अन्तर्गत विभागीय कार्यवाही की गई। विभागीय कार्यवाही म. आरोप प्रमाणित पाये जाने पर श्री चन्द्र प्रकाश यादव, उप निरीक्षक, पुलिस थाना, करेड़ा को दण्डादेश दिनांक 31.7.14 द्वारा 2 वार्षिक वेतन वृद्धियां संचयी प्रभाव से रोकी जाने व श्री प्रेम शंकर, ए.एस.आई. को ''परिनिन्दा'' के दण्ड से दण्डित कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवाद म. वाँछित कार्यवाही पूर्ण हो जाने पर यह प्रकरण दिनांक 10.11.14 को नस्तीबद्ध कर दिया गया।

एफ.5(59)लोआस/2009

यह परिवाद श्री रामावतार यादव द्वारा अलवर जिला देहात युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष की हैसियत से दिनांक 30.11.2009 को पेश किया गया था जिसमें श्री सर्वेश कुमार शर्मा, कनिष्ठ लिपिक, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक-प्रथम, अलवर के विरूद्ध गबन, अनियमितताएं एवं जाली/फर्जी हस्ताक्षर कर स्थानान्तरण आदेश प्रस्तुत करने के गंभीर आक्षेप लगाए गए हैं।

इस सम्बन्ध म. इस सचिवालय स्तर से निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर से निरन्तर पत्राचार किए जाने के उपरान्त अन्ततः उनके द्वारा पत्र दिनांक 28.06.14 के द्वारा अवगत कराया गया कि दोषी लोकसेवक श्री सर्वेश कुमार शर्मा, कनिष्ठ लिपिक के विरूद्ध जाली स्थानान्तरण आदेश, 18275/- का गबन करने के सम्बन्ध म. विभागीय स्तर पर राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अन्तर्गत दिनांक 09.11.10 को ज्ञापन, आरोप पत्रादि जारी किए गए तथा इसी क्रम म. जाँच प्रतिवेदन, सुनवाई म. प्रस्तुत तथ्या. व पत्रावली के गहन अध्ययन, अवलोकन एवं विश्लेषणोपरान्त

आदेश दिनांक 11.09.13 द्वारा श्री सर्वेश कुमार शर्मा, कनिष्ठ लिपिक पर लगाए आरोप प्रमाणित पाए जाने पर श्री सर्वेश कुमार शर्मा, कनिष्ठ लिपिक, राजकीय यशवन्त उच्च माध्यमिक विद्यालय, अलवर की दो वार्षिक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया गया।

इस प्रकार सचिवालय स्तर पर किए गए हस्तक्षेप के उपरान्त विभागीय स्तर पर दोषी लोकसेवक श्री सर्वेश कुमार शर्मा, कनिष्ठ लिपिक के विरूद्ध नियमानुसार समुचित कार्यवाही किए जाने के उपरान्त यह प्रकरण दिनांक 03.02.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.5(7)लोआस/2012

श्री विद्याधर सैनी पुत्र श्री रामूराम सैनी निवासी वार्ड नं. 23, पिलानी रोड़, चिड़ावा, जिला झुन्झुनूं की शिकायत दिनांक 18.04.12 पर कार्यवाही करने पर जिला कलेक्टर, झुन्झुनूं ने अपने पत्र दिनांक 27.08.13 तथा 31.03.14 के द्वारा अवगत करवाया कि कस्बा चिड़ावा की भूमि खसरा नं.735/2 गैर मुमकिन जोहड़ म. 0.05 हैक्टेयर पर पुख्ता निर्माण कर अतिक्रमण करने पर अतिक्रमी लोकसेवक श्री मीरसिंह, वरिष्ठ अध्यापक, राजकीय माध्यमिक विद्यालय, प्रतापपुरा, जिला झुन्झुनूं के विरूद्ध पुलिस थाना, चिड़ावा म. प्रथम सूचना रिपोर्ट सं.151/14 अन्तर्गत धारा 91(6), राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 दर्ज करा दी गई है। इसके अतिरिक्त राजकीय कर्मचारी होते हुए भी अतिक्रमण का कृत्य करने पर उसके विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अन्तर्गत आरोप-पत्र दिया जाकर विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है।

एफ.5(13)लोआस/2012

इस प्रकरण म. श्रीमती भावना शर्मा, निवासी मोदिया. की जांव, वार्ड नंबर 24, झुन्झुनूं ने शपथ पत्र के साथ दिनांक 07.05.12 को प्रेषित परिवाद म. ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, झुन्झुनूं के कार्यालय म. कार्यरत श्री हरिसिंह, कैशियर के विरूद्ध यह आक्षेप लगाया कि श्री हरिसिंह, लिपिक, जो कैशियर कम स्टोर कीपर है, ने गंभीर वित्तीय अनियमितताएं की हैं। लेखा शाखा के किसी भी व्यक्ति को समिति का सदस्य बनाए बिना ही टेण्डर आमंत्रित किए तथा जिला परिषद् के वरिष्ठ लेखाधिकारी द्वारा हरिसिंह के विरूद्ध कालातीत बिला. के मामले म. राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अन्तर्गत कार्यवाही किए जाने की अनुशंसा की गई थी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई आदि।

इस परिवाद के संदर्भ म. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर से तथ्यात्मक प्रतिवेदन पत्र दिनांक 08.04.13 से मांगे जाने पर उनकी ओर से अतिरिक्त निदेशक(प्रशासन), प्रारम्भिक शिक्षा, बीकानेर द्वारा पत्र दिनांक 30.8.13 के साथ जाँच प्रतिवेदन की प्रति संलग्न करते हुए अवगत करवाया गया कि जाँच म. कोई अनियमितता नहीं पाई गई। लेकिन जाँच प्रतिवेदन म. यह तथ्य आया कि श्री हरिसिंह का कार्य व्यवहार ठीक नहीं है और हरिसिंह व तत्कालीन बी.ई.ई.ओ. की मिलीभगत रही है।

इन तथ्या. के परिप्रेक्ष्य म. परिवादिया से आक्षेप आमंत्रित किये गये तथा व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर दिया जाकर पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेख के विश्लेषणोपरान्त निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर को जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा, झुन्झुनूं की जाँच रिपोर्ट दिनांक 08.07.13 की प्रति प्रेषित करते हुए उन्हें इस जाँच रिपोर्ट पर लिए गए अन्तिम निर्णय से अवगत कराने हेतु पत्र लिखा गया । प्रत्युत्तर म. उनके द्वारा पत्र दिनांक 29.12.14 म. प्रकरण की विषयवस्तु से सम्बन्धित तथ्या.

का उल्लेख करते हुए मुख्य रूप से यह अवगत कराया गया कि श्री सुभाष चन्द्र ढाका तत्कालीन बी.ई.ई.ओ. के द्वारा किसी प्रकार की अनियमितताएं नहीं करना पाया गया लेकिन लोक सेवक श्री हरिसिंह, तत्कालीन कनिष्ठ लिपिक, ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, झुन्झुनूं के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2009-10 म. पंचायती राज मद के अध्यापका. के विभिन्न प्रकार के एरियर, उपार्जित अवकाश का नकद भुगतान आदि के बिला. का वरीयता रजिस्टर का संधारण नहीं कर अपने कार्य म. अनियमितता बरतने के आरोपा. के सम्बन्ध म. की गई विभागीय जाँच म. आरोप प्रमाणित होने पर आदेश दिनांक 17.11.14 के तहत ''परिनिन्दा'' के दण्ड से दण्डित किया जा चुका है।

अतः सचिवालय स्तर पर अन्य कोई कार्यवाही वांछनीय नहीं रहने के कारण तथा परिवादिया को वाँछित अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह प्रकरण दिनांक 13.01.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.5(51)लोआस/2012

परिवादी श्री दिनेश चन्द भारद्वाज, विद्यार्थी मित्र, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, मरौना, जिला करौली द्वारा दिनांक 31.01.13 को प्रस्तुत किये गये परिवाद को परिवाद की विषयवस्तु को दृष्टिगत रखते हुए सचिवालय स्तर पर दिनांक 05.07.13 को नस्तीबद्ध कर दिया गया था। तत्पश्चात् कैम्प करौली के दौरान परिवादी ने परिवाद मय शपथ पत्र दिनांक 12.05.14 को मुख्य रूप से इस आशय का प्रस्तुत किया कि बी.ई.ई.ओ., सपोटरा एवं डी.ई.ओ., प्रारम्भिक शिक्षा, करौली के द्वारा 48 माह का मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस पर परिवाद एवं प्रलेखा. के परीक्षणोपरान्त परिवाद को पुनः खोला जाकर निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर से पत्र दिनांक

29.5.14 से तथ्यात्मक प्रतिवेदन चाहा गया जिस पर उनकी ओर से जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर ने पत्र दिनांक 11.11.14 के द्वारा अवगत करवाया कि श्री दिनेश चन्द भारद्वाज ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय, मरौना, पंचायत समिति, सपोटरा म. दिनांक 11.12.2006 से 14.12.2007 तक विद्यार्थी मित्र के रूप म. संविदा पर कार्य किया था, उक्त अवधि का भुगतान परिवादी को कर दिया गया था।

तत्पश्चात् श्री भारद्वाज ने सतत् शिक्षा के अन्तर्गत नोडल प्रेरक के रूप म. ग्राम पंचायत, मण्डरायल म. दिनांक 27.5.2008 को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय म. कार्य किया। ऐसी स्थिति म. श्री दिनेश चन्द्र भारद्वाज द्वारा निरन्तर विद्यार्थी मित्र के रूप म. कार्य सम्पादित नहीं किया गया जबकि विद्यार्थी मित्रा. के सम्बन्ध म. माननीय न्यायालय द्वारा अनेका. निर्णया. म. यह अवधारित किया गया है कि निरन्तर कार्यरत विद्यार्थी मित्रा. को ही विद्यार्थी मित्र के रूप म. कार्यरत रखा जाये। यह भी अवगत करवाया गया कि श्री भारद्वाज द्वारा गत सत्र म. कार्य नहीं किया गया परन्तु तत्कालीन अध्यापक द्वारा उसकी उपस्थिति प्रमाणित करने का कार्य किया गया जो नियमानुसार सही नहीं है।

अत: गलत रूप से प्रमाणित उपस्थिति अवधि का वेतन रूपये 33,054/- का भुगतान उक्त प्रधानाध्यापक के वेतन से काटकर परिवादी श्री भारद्वाज को दिनांक 14.8.14 को किया जा चुका है तथा इस कृत्य के लिए उत्तरदायी लोक सेवक श्री नत्थूलाल जाटव, अध्यापक, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, मरोना के विरूद्ध दिनांक 28.10.14 को राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के तहत् आरोप पत्र जारी किया जाकर विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है।

उपर्युक्तानुसार कार्यवाही सम्पन्न हो जाने पर यह प्रकरण दिनांक 25.11.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.5(54)लोआस/2013

इस प्रकरण म. परिवादी श्री अशोक कुमार, वार्ड नंबर 8, शिव मंदिर वाली गली, श्रीगंगानगर से सशपथ परिवाद इस आशय का प्राप्त हुआ कि श्रीमती ज्योति दुआ, द्वितीय श्रेणी अध्यापिका, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, आमद रकबा गुमजाल, श्रीगंगानगर के विरूद्ध हत्या का आपराधिक मुकदमा विचाराधीन होने एवं अन्य वास्तविक तथ्या. को छुपाते हुए उसके द्वारा तृतीय श्रेणी अध्यापिका की राजकीय नौकरी दिनांक 21.9.2005 को प्राप्त की गई, जिसकी जाँच की जावे।

परिवाद प्राप्त होने पर निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर से तथ्यात्मक प्रतिवेदन हेतु दिनांक 06.11.13 से निरन्तर पत्राचार किये जाने के उपरान्त विभाग द्वारा पत्र दिनांक 15.05.14 के द्वारा यह अवगत कराया कि श्रीमती ज्योति दुआ द्वारा उनके विरूद्ध दर्ज आपराधिक मुकदमे का तथ्य छुपाकर गलत तरीके से अध्यापिका की नियुक्ति प्राप्त की गई। इस अनुक्रम म. श्रीमती ज्योति दुआ द्वारा तथ्य छुपाकर प्राप्त की गई अध्यापिका की नौकरी के सम्बन्ध म. विभागीय स्तर पर की गई कार्यवाही से अवगत कराने हेतु पत्र दिनांक 30.5.14 लिखा गया।

इस संदर्भ म. अन्ततः निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर ने पत्र दिनांक 02.02.15 के द्वारा यह अवगत कराया कि श्रीमती ज्योति दुआ द्वारा झूठे दस्तावेज के आधार पर हत्या के आपराधिक मुकदमे के सम्बन्ध म. वास्तविक तथ्य को छुपाकर तृतीय श्रेणी अध्यापिका की नौकरी राज्य सरकार को धोखा देकर प्राप्त करने के अनुक्रम म. श्रीमती दुआ के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अन्तर्गत आरोप पत्रादि दिनांक 15.09.14 को जारी किए जा चुके हैं और कार्यालय आदेश दिनांक 03.01.15 के तहत विभागीय कार्यवाही करने हेतु श्री शंकरलाल, बी.ई.ई.ओ., अनूपगढ़ को

जाँच अधिकारी तथा श्री कश्मीरी लाल, ए.बी.ई.ई.ओ., अनूपगढ़ को उपस्थापक अधिकारी नियुक्त किया जाकर, जाँच प्रक्रियाधीन है।

इस प्रकार सचिवालय स्तर पर हस्तक्षेप किए जाने के उपरान्त दोषी लोक सेवक श्रीमती ज्योति दुआ, द्वितीय श्रेणी अध्यापिका, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, आमद रकबा गुमजाल, श्रीगंगानगर के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अन्तर्गत विभागीय स्तर पर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ किए जाने एवं इस कार्यवाही में समय लगने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर को पत्र दिनांक 18.03.15 के द्वारा उक्त दोषी अध्यापिका के विरूद्ध विभागीय स्तर पर की जा रही अनुशासनात्मक कार्यवाही की त्रै-मासिक रिपोर्ट भिजवाते रहने के लिए लिखते हुए, यह प्रकरण दिनांक 12.03.15 को इस सचिवालय स्तर पर नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.5(75)लोआस/2013

परिवादी श्री राजेन्द्र सैनी, जिलाध्यक्ष, राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक एवं मानवाधिकार रक्षा संस्थान, शिवाजी मार्केट पुराना स्टेशन रोड़, अलवर ने यह परिवाद दिनांक 10.10.13 को इस आशय का पेश किया कि श्री नेमीचन्द गर्ग, वरिष्ठ लिपिक, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक-प्रथम, अलवर के द्वारा विभिन्न अध्यापक/कर्मचारी के विरूद्ध लंबित राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 की जाँच पत्रावलिया. म. जालसाजी/फर्जी कार्यवाही कर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इस सम्बन्ध म. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर को तथ्यात्मक रिपोर्ट भिजवाने हेतु पत्र दिनांक 03.12.13 लिखा गया जिस पर उनके द्वारा पत्र दिनांक 02.09.14 के साथ जाँच रिपोर्ट मय सुसंगत प्रालेख संलग्न करते हुए अवगत करवाया गया कि उपस्थापक अधिकारी की बहस या सहमति के बिना ही

विभागीय जाँच की पत्रावलिया. म. श्री नेमीचन्द गर्ग द्वारा जाँच रिपोर्ट लिखने, पत्रावली से छेड़छाड़ कर साक्ष्य नष्ट करने, लम्बे समय तक पत्रा. को छिपाए रखने व अधिकारिया. के समक्ष प्रस्तुत नहीं किए जाने के आरोप प्रथमदृष्ट्या सही पाये जाने पर उसके विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के तहत दिनांक 02.09.14 को आरोप पत्र जारी कर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है तथा आदेश दिनांक 08.02.15 द्वारा जाँच अधिकारी की नियुक्ति की जा चुकी है।

परिवाद म. इस सचिवालय स्तर पर अपेक्षित कार्यवाही सम्पन्न हो जाने पर यह प्रकरण दिनांक 27.02.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.5(91)लोआस/2013

यह प्रकरण परिवादी श्री रामप्रसाद यादव, निवासी एस-18, कृष्ण मार्ग, बापूनगर, जयपुर द्वारा प्रस्तुत परिवाद पर दिनांक 18.11.13 को दर्ज किया गया जिसमें श्री जयराम मीणा, प्रधानाध्यापक, राजकीय माध्यमिक विद्यालय, लाखन कोटड़ी, अजमेर के विरूद्ध बिना अनुमति के राजस्थान नेत्रहीन सेवा संघ, अजमेर में महासचिव के पद पर कार्य करने, चन्दा प्राप्त करने तथा तृतीय सन्तान के तथ्य को छुपाकर वेतन वृद्धि व पदोन्नति प्राप्त कर लेने के आक्षेप लगाए गए हैं।

इस सम्बन्ध म. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर ने अपने पत्र दिनांक 12.05.14, 25.06.14 एवं 11.08.14 के द्वारा अवगत कराया कि श्री जयराम मीणा को दिए गए ए.सी.पी. का परिलाभ एवं इनकी विभागीय पदोन्नति प्रत्याहृत कर ली गई है तथा बिना विभाग की अनुमति के राजस्थान नेत्रहीन सेवा संघ, अजमेर संस्था म. कार्य करने व चन्दा लेने के आरोप के सम्बन्ध म. श्री जयराम मीणा, प्रधानाध्यापक, राजकीय माध्यमिक विद्यालय, लाखन कोटड़ी, अजमेर के विरूद्ध विभागीय

अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाकर दिनांक 29.05.14 को आरोप पत्रादि जारी किए जा चुके हैं और जाँच कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

इस प्रकार सचिवालय स्तर पर हस्तक्षेप किए जाने के उपरान्त दोषी लोकसेवक श्री जयराम मीणा के विरूद्ध विभाग स्तर पर समुचित कार्यवाही किए जाने से, यह प्रकरण दिनांक 06.02.15 को इस सचिवालय स्तर पर नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.10(31)लोआस/2009

परिवादी श्री बाबू लाल पुत्र श्री सोनपाल जाति जोगी निवासी ग्राम निठार, तहसील वैर, जिला भरतपुर द्वारा यह परिवाद उसके कृषि कनेक्शन की पत्रावली म. फर्जीवाड़ा करने के संदर्भ म. दिनांक 03.02.10 को पेश किया गया।

इस परिवाद के संदर्भ म. प्रबन्ध निदेशक, जयपुर विद्युत् वितरण निगम लिमिटेड, जयपुर को पत्र दिनांक 24.05.10 प्रेषित कर तथ्यात्मक रिपोर्ट मंगवाई गई एवं इसके पश्चात् निरन्तर किये गये पत्राचार के उपरान्त प्रतिवेदनाधीन अवधि म. पत्र दिनांक 22.01.15 द्वारा अवगत करवाया गया कि श्री एम.एम. भण्डारी, कनिष्ठ अभियन्ता, कार्यालय सहायक अभियन्ता (पवस) जयपुर डिस्कॉम, वैर के विरूद्ध जयपुर डिस्कॉम कर्मचारी (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) विनियम, 1962 के विनियम 7 के अधीन की गई विभागीय जाँच म. उसे विद्युत् खाता सं. 2145-0151 के कृषि कनेक्शन को बिना आदेश के एक स्थान से दूसरे स्थान पर विद्युत् लाइन खींच कर श्री विजयराम-बाबूलाल के स्वामित्व वाले खेत म. शिफ्ट करने तथा विद्युत् कनेक्शन चालू करने का दोषी पाये जाने पर दो वार्षिक वेतन वृद्धियां असंचयी प्रभाव से रोकी जाने एवं अन्य लोक सेवक श्री शिवलाल धाकड़, लेखाकार (सेवानिवृत्त) से शास्ति के रूप म. 10 हजार रूपये वसूल किये जाने के दण्डादेश से दण्डित किया गया।

इस प्रकार दोषी लोकसेवका. को दण्डित किये जाने के फलस्वरूप यह परिवाद दिनांक 03.02.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.11(142)/लोआस/2010

परिवादी रामनारायण पुत्र बैजनाथ, निवासी ग्राम पगारा, तहसील हिण्डौली, जिला बूंदी द्वारा दिनांक 18.10.10 को प्रस्तुत इस परिवाद म. उनकी खातेदारी भूमि खसरा नम्बर 1472/1, 1448/1 एवं 1499 के सम्बन्ध म. उपखण्ड अधिकारी, जिला कलेक्टर व मुख्यमंत्री के आदेशा. के बावजूद तरमीम नहीं किये जाने एवं तरमीम के लिए भू-अभिलेख निरीक्षक व हल्का पटवारी द्वारा रिश्वत की राशि लिये जाने की शिकायत की गई है। इस सचिवालय के पत्र दिनांक 22.11.10 के द्वारा जिला कलेक्टर, बूंदी से तथ्यात्मक रिपोर्ट चाही गई। उन्होंने अपनी रिपोर्ट दिनांक 16.05.11 के द्वारा परिवादी को कोई आवंटन नहीं होना तथा उसके पक्ष में सीधे ही खातेदारी का नामान्तरकरण फर्जी तरीके से खोल दिये जाने का उल्लेख किया। इस सचिवालय के पत्र दिनांक 24.06.11 के द्वारा उक्त अनियमितता के सम्बन्ध म. दोषी लोकसेवका. के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ करने, पुलिस थाना म. प्राथमिकी दर्ज करवाने व विवादित खातेदारी को समाप्त करने के लिए रेफरेन्स दर्ज करवाने के निर्देश जिला कलक्टर, बूंदी को दिये गये। उन्होंने अपने पत्र दिनांक 24.11.11 के द्वारा अवगत कराया कि प्रश्नगत खातेदारी को समाप्त करवाने के लिए रेफरेन्स संबंधित न्यायालय म. दर्ज करवा दिया गया है।

प्रतिवेदनाधीन अवधि म. पत्र दिनांक 14.05.14 द्वारा प्रकरण म. दोषी लोकसेवका. के विरूद्ध की गई अनुशासनात्मक कार्यवाही का विवरण प्रस्तुत करते हुए उल्लेख किया कि श्री रामनारायण मीणा, तत्कालीन पटवारी, पगारा को राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के तहत आरोप-पत्र जारी किये जाकर जाँच म. दोषी पाये जाने पर आगामी दो वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया गया है। श्री नरेन्द्र सिंह चौहान, तत्कालीन नायब तहसीलदार हाल आर.ए.एस, तहसील हिण्डौली के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के तहत आरोप-पत्र जारी कर दिये

गये हैं। श्री बृजमोहन सेन, तत्कालीन पटवारी, पगारा के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर इनके सेवानिवृत्त हो जाने से दण्डादेश के प्रस्ताव राज्यपाल महोदय के अनुमोदनार्थ पेश किये गये हैं। श्री शिवजीराम मीणा, तत्कालीन भू–अभिलेख निरीक्षक, तहसील हिण्डौली के विरूद्ध नियम 16 के तहत कार्यवाही की जाकर तहसीलदार के पद पर पदोन्नति रोके जाने के वृहद दण्ड से दण्डित किया गया है।

प्रकरण म. पुलिस थाना, हिण्डौली म. प्राथमिकी सं. 381/11 दर्ज करवाई गई जिसमें बाद अनुसंधान पत्रावली एफ.आर. स्वीकृति हेतु न्यायालय म. विचाराधीन है। इस सचिवालय द्वारा की गई जाँच एवं दिये गये निर्देशा. के पश्चात् प्रकरण म. दोषी लोकसेवका. के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ कर दिये जाने, पुलिस थाना म. प्राथमिकी दर्ज हो जाने व प्रश्नगत खातेदारी को निरस्त करवाने के लिए सक्षम न्यायालय म. रेफरेन्स प्रस्तुत हो जाने से पत्रावली को नस्तीबद्ध किया जाकर लम्बित कार्यवाहिया. की प्रगति रिपोर्ट ली जा रही है।

एफ.11(202)/लोआस/2011

परिवादी श्री धरमाराम पुत्र श्री घीसाराम, जाति भांबी, निवासी ग्राम, मोकलपुर, तहसील, मेड़ता, जिला नागौर द्वारा दिनांक 18.10.11 को प्रस्तुत इस परिवाद म. उनकी खातेदारी भूमि के पुराने खसरा नम्बर 5 के रकबे को सेटलमेंट के दौरान कम कर दिये जाने की शिकायत की गई है। इस सचिवालय के पत्र दिनांक 01.11.11 के द्वारा जिला कलेक्टर, नागौर से परिवाद पर तथ्यात्मक रिपोर्ट मंगवाई गई। उन्होंने अपने पत्र दिनांक 24.02.12 म. उल्लेख किया कि परिवादी के गत मूल खसरा नम्बर का रकबा बिना किसी आधार के नियम विरूद्ध रिकॉर्ड म. कम कर दिया गया था। पत्र दिनांक 28.04.14 से यह भी अवगत कराया कि भूमि के

सम्बन्ध म. वाद संख्या 226/2012 उपखण्ड अधिकारी, मेड़ता के न्यायालय म. विचाराधीन है।

इस सचिवालय के पत्र दिनांक 10.02.14 के द्वारा भू-प्रबंध आयुक्त, राजस्थान, जयपुर को उक्त अनियमितता के सम्बन्ध में दोषी कार्मिका. के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने अपने पत्र दिनांक 16.09.14 के द्वारा यह अवगत कराया कि प्रकरण म. श्री तुलछाराम सोलंकी, भू-मापक, तहसील, मेड़ता, जिला नागौर को राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियन्त्रण, अपील) नियम 1958 के नियम 16 के तहत मेमोरेण्डम मय आरोप व आरोप विवरण-पत्र दिनांक 16.09.14 को जारी किये जा चुके हैं। प्रकरण म. जाँच अधिकारी भू-प्रबंध अधिकारी, जोधपुर को एवं प्रस्तुतकर्ता अधिकारी, सहायक भू-प्रबंध अधिकारी, जोधपुर को नियुक्त किया गया है। उन्होंने जारी किये गये आरोप-पत्र व आरोप विवरण-पत्र की प्रतियां भी प्रेषित की। प्रकरण म. इस सचिवालय द्वारा जाँच करने एवं अनियमितताआ. बाबत कार्यवाही करने के निर्देश दिये जाने से आरोपी लोकसेवक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ की जा चुकी है। पत्रावली म. विचाराधीन अनुशासनात्मक कार्यवाही एवं उपखण्ड अधिकारी, मेड़ता के न्यायालय म. धारा 136 राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरण संख्या 226/2012 की प्रगति रिपोर्ट ली जा रही है।

एफ.11(251)लोआस/2011

परिवादी श्री राजूराम पुत्र श्री इशराराम निवासी ग्राम परावा तहसील सांचोर, जिला जालौर ने दिनांक 19.12.11 को इस सचिवालय म. परिवाद प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि उसके खातेदारी के ग्राम पंचायत परावा तहसील सांचौर म. खाता संख्या 163 कुल खसरे 26 रकबा 31.67 हैक्टेयर आये हुये है। उपरोक्त खेता. की सह-खातेदार पेंपी बेवा हीरा लाल ने 2.6391 हैक्टेयर भूमि का बेचान रामेश्वरी पत्नि सदराम जाति

विश्नोई निवासी अरणाय हाल अरावा, तहसील सांचोर को दिनांक 12.11.2009 को कर दिया। पटवारी ने जानबूझकर बिना किसी आधार के 1/8 हिस्से का नामान्तरण गलत तरीके से रामेश्वरी के नाम कर दिया जब कि उसका उतना हिस्सा खरीद के बाद भी नहीं बनता था। उसके बाद रामेश्वरी ने बैंक से ऋण भी ले लिया। परिवादी ने पुलिस थाने म. रिपोर्ट दर्ज करवायी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई जिला कलेक्टर, जालौर एवं उपखण्ड अधिकारी द्वारा भी प्रकरण म. कोई कार्यवाही नहीं की गई। अत: निवेदन है कि प्रकरण म. उक्त पटवारी के विरूद्ध उचित कार्यवाही करावे।

परिवाद इस सचिवालय म. प्रस्तुत होने पर इस सचिवालय के पत्र दिनांक 27.02.12 द्वारा परिवाद की प्रति जिला कलेक्टर, जालौर को प्रेषित कर तथ्यात्मक प्रतिवेदन तलब किया गया। जिला कलेक्टर, जालौर ने अपने पत्र दिनांक 18.07.13, 29.04.14 एवं 26.09.14 के द्वारा अवगत कराया है कि उक्त पटवारी द्वारा नामान्तरण संख्या 421 म. रामेश्वरी का हिस्सा 1/8 दर्ज किया गया था जबकि बेचान के अनुसार उक्त हिस्सा 1/12 ही बनता था। रिकॉर्ड म. उक्त भूमि को जरिये शुद्धि पत्र संख्या 6 दिनांक 16.03.12 से शुद्ध किया जाकर रामेश्वरी का हिस्सा 1/8 के बजाय 1/12 किया गया। पटवारी द्वारा किये गये नामान्तरण से परिवादी राजूराम का कोई हक व हित प्रभावित नहीं हुआ है।

श्री भूपेश कुमार, पटवारी, हल्का परावा द्वारा गलत गणना कर नामान्तरण भरने के कारण उसके विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के तहत नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई। इस प्रकार परिवादी को वाँछित अनुतोष प्राप्त हो जाने व दोषी लोक सेवक के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ कर दिये जाने पर इस परिवाद को इस सचिवालय स्तर पर दिनांक 10.11.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.11(257)लोआस/2011

परिवादी श्री पांचूराम यादव पुत्र श्री गणेश राम यादव, निवासी मुण्डक रोड, हरदरामपुरा - खेजरोली, तहसील चौमूं ने यह परिवाद इस आशय का प्रस्तुत किया कि श्री जयवीर सिंह कालेर, तहसीलदार, चौमू एवं श्री सागरमल, हल्का पटवारी खेजरोली ने राज्य सरकार द्वारा मांगी गई सूखाग्रस्त की सूचना म. अपने चहेता. को भारी लाभ पहुंचाया है। जिन लोगा. के नाम राजस्व रेकार्ड म. जमीन ही नहीं है उनके नाम जमीन दर्शा कर सूची म. नाम जोड़कर अनुदान दिलाया। कुछ लोगा. को दो तीन जगह नाम लिखकर एवं कुछ को पंचायत समिति बदलकर दूसरी पंचायत म. नाम लिखवाकर भुगतान दिलवाया। अतः इस प्रकरण म. जाँच की जाकर दोषी तहसीलदार एवं पटवारी के खिलाफ कार्यवाही की जाये।

प्रकरण म. जिला कलेक्टर, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त की गई जिन्होंने तथ्यात्मक रिपोर्ट म. यह अवगत कराया कि प्रकरण म. उपखण्ड अधिकारी, चौमूं द्वारा की गई जाँच म. पटवारी खेजरोली द्वारा तैयार सर्वे सूची म. अंकित रकबा जमाबंदी म. दर्ज रकबे से अधिक पाया गया है। इस तरह सर्वे सूची गलत तैयार कर तहसीलदार, चौमूं के माध्यम से प्रेषित कर गलत सूची जारी करायी जाकर भुगतान किया गया है।

प्रकरण म. आरोपी श्री सागरमल, पटवारी, हल्का खेजरोली, तहसील चौमूं के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अन्तर्गत कार्यवाही प्रांरभ की गई है जिसे आरोप पत्र एवं आरोप विवरण पत्र जारी किये जा चुके है। प्रकरण अभी विचाराधीन है।

एफ.11(304)लोआस/2011

परिवादी श्री गोविन्द प्रसाद मित्तल पुत्र श्री ओम प्रकाश अग्रवाल जाति वैश्य निवासी नवाब गली, मथुरागेट, भरतपुर ने यह परिवाद इस आशय का प्रस्तुत किया कि वह दिनांक 20.4.11 को सुबह लगभग 6.30 ए. एम. पर सब्जी मण्डी, डीग कुम्हेर रोड़, भरतपुर म. सब्जी वगैरह खरीदने गया था उस समय श्री दाताराम, तत्कालीन एस.डी.एम ने उसे पकड़ लिया तथा उसकी साइकिल डायरी व दो मोबाइल जबरन छीन लिये और कहा कि तुम्हें दुकानदारा. के विरूद्ध गवाही देनी है। गवाही देने के बाद ही साइकिल व मोबाइल देंगे। एस.डी.एम. ने कोई फर्द जब्ती नहीं बनाई। इस प्रकार की कार्यवाही करने का एस.डी.एम. को कोई अधिकार नहीं था। परिवादी की साइकिल आज भी एस.डी.एम. आफिस के बगल म. पड़ी हुई है। परिवादी ने निवेदन किया कि उसकी साइकिल, डायरी व 2 मोबाइल उसे वापस दिलवाये जाये तथा श्री दाताराम, तत्कालीन एस.डी. एम. के भ्रष्ट आचरण की जाँच कराकर दण्डित किया जाये।

प्रकरण म. जिला कलेक्टर, भरतपुर से पत्र दिनांक 20.4.12 से तथ्यात्मक रिपोर्ट चाही गई जिन्होंने अपने पत्र दिनांक 11.09.12, 03.01.14, 07.07.14 एवं 07.01.15 द्वारा अवगत कराया कि जाँच म. श्री दाताराम, तत्कालीन उपखण्ड अधिकारी द्वारा जप्ती की कार्यवाही किया जाना पाया गया किन्तु कार्यवाही म. औपचारिक दस्तावेज तैयार नहीं किये गये तथा ना ही जप्ती के बाद आरोपिया. के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की गई। इस प्रकार श्री दाताराम ने लापरवाही बरती, जिसके सम्बन्ध म. उनके विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के अन्तर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही करने का प्रस्ताव शासन सचिव, राजस्व विभाग, राजस्थान, जयपुर को दिनांक 05.01.15 को भिजवाया जा चुका है।

एफ.11(34)लोआस/2012

परिवादी श्री जगदीश चन्द्र पाराशर निवासी भालोटा की खेडी हाल मुकाम तहसील राशमी, जिला चित्तौड़गढ़ ने दिनांक 28.3.12 को परिवाद प्रस्तुत कर निवेदन किया कि श्री धनसिंह राठौड़, तत्कालीन उपखण्ड अधिकारी, राशमी ने अपने पदस्थापन अवधि म. पंचायत समिति के आवास संख्या 4 का उपयोग किया किन्तु मकान किराया नियमानुसार राजकोष म. जमा नहीं करवाया। परिवादी द्वारा शिकायत किये जाने पर श्री राठौड़ द्वारा 14 माह की कुल किराया राशि एकमुश्त जमा करायी गई जबकि यह राशि ब्याज सहित जमा होनी चाहिए थी। पंचायत समिति विकास अधिकारी ने भी इनके उक्त कृत्य म. इनका साथ दिया है। अत: उक्त दोना. अधिकारिया. के विरूद्ध जाँच की जाये।

परिवाद पर जिला कलेक्टर, चित्तौड़गढ़ से तथ्यात्मक प्रतिवेदन मंगवाने पर उन्होनें अपनी रिपोर्ट दिनांक 21.10.13 द्वारा अवगत कराया कि श्री धनसिंह राठौड़ तत्कालीन उपखण्ड अधिकारी, राशमी द्वारा माह जुलाई 2010 से अगस्त 2011 तक पंचायत समिति आवास म. निवास किया था उसका एकमुश्त किराया जरिये चैक जमा कराया है एवं एकमुश्त राशि जमा होने से राजकोष को किसी भी प्रकार की हानि नहीं हुई है।

तत्कालीन विकास अधिकारी श्री कृष्णकान्त गुप्ता व उपखण्ड अधिकारी श्री धनसिंह राठौड़ का कृत्य लापरवाही व सरकारी सम्पत्ति के दुरूपयोग से संबंधित होने के कारण इस सचिवालय द्वारा पत्र दिनांक 04.12.13 से श्री कृष्णकांत गुप्ता तत्कालीन विकास अधिकारी, राशमी के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, चित्तौड़गढ़ तथा श्री धनसिंह राठौड़ के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु संभागीय आयुक्त, उदयपुर को लिखा गया।

ग्रामीण विकास विभाग, राज0 जयपुर ने अपने पत्र दिनांक 08.07.14 द्वारा सूचित किया कि श्री कृष्णकान्त गुप्ता, विकास अधिकारी, राशमी के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के तहत कार्यवाही की गई तथा उनकी बदनीयती प्रतीत नहीं होने के कारण भविष्य म. सतर्कतापूर्वक कार्य करने की मौखित हिदायत देते हुए प्रकरण समाप्त कर दिया गया।

आरोपी अधिकारी श्री धनसिंह राठौड़, उपखण्ड अधिकारी, राशमी को राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियन्त्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के तहत आरोप पत्र जारी किये गये किन्तु सेवानिवृत्त होने के कारण कार्मिक विभाग द्वारा उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के प्रस्ताव प्रशासनिक विभाग के माध्यम से जिला कलेक्टर, चित्तौड़गढ़ से चाहे जा रहे हैं।

एफ.11(32)/लोआस/2012

परिवादी श्री मूलाराम पुत्र देवाराम, जाति बलाई, निवासी ग्राम दुजोद, तहसील व जिला सीकर द्वारा दिनांक 03.05.12 को प्रस्तुत इस परिवाद म. परिवादी की ग्राम दुजोद स्थित खसरा नं. 386 की भूमि के सम्बन्ध म. भू-माफिया व बदमाश लोगा. से मिलकर पटवारी हल्का द्वारा फर्जी तरीके से विक्रय पत्र तैयार कर जमीन को हड़प लेने की शिकायत की गई ।

इस सचिवालय के पत्र दिनांक 29.04.13 के द्वारा जिला कलक्टर, सीकर से परिवाद के सम्बन्ध म. तथ्यात्मक प्रतिवेदन मांगा गया। उन्होंने अपने पत्र दिनांक 22.10.13 के द्वारा भूमि के सम्बन्ध म. रहनमुक्ति के नामान्तरकरण एवं विक्रय के नामान्तरकरण के सम्बन्ध म. तत्कालीन पटवारी हल्का दुजोद, श्री शीशराम द्वारा अनियमितता किये जाने का उल्लेख किया। इस सचिवालय के पत्र दिनांक 13.11.13 से उक्त

अनिमितता के सम्बन्ध म. पटवारी श्री शीशराम के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने के निर्देश जिला कलेक्टर, सीकर को दिये गये।

उन्होंने पत्र दिनांक 22.04.14 से अवगत कराया कि अनियमितता के लिए श्री शीशराम, तत्कालीन पटवारी, दुजोद के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियन्त्रण और अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के तहत आरोप-पत्र व आरोप विवरण-पत्र जारी कर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है। उन्होंने आरोप-पत्र व आरोप विवरण पत्र की प्रतियां भी साथ म. प्रेषित की। अनुशासनात्मक कार्यवाही के निस्तारण के सम्बन्ध म. उन्होंने अपने पत्र दिनांक 11.03.15 से उल्लेख किया कि उक्त अनुशासनात्मक कार्यवाही म. दिनांक 10.03.15 को निर्णय लेकर कार्मिक को एक वार्षिक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोके जाने के दण्ड से दण्डित कर दिया गया है।

इस सचिवालय के निर्देशा. पर प्रकरण म. की गई अनियमितता के सम्बन्ध म. दोषी लोकसेवक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर उसका निस्तारण कर दिये जाने से पत्रावली को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.11(88)लोआस/2012

परिवादी श्री गंगा सहाय माली निवासी समूची तहसील कठूमर ने एक परिवाद दिनांक 15.06.12 को इस आशय का प्रस्तुत किया कि राजस्व मण्डल, अजमेर के स्थगन आदेश दिनांक 11.06.12 के बावजूद दिनांक 12.06.12 को चन्दरवती पत्नी मोतीलाल जाति माली निवासी अजयपुरा तहसील कुम्हेर के हक म. इन्तकाल संख्या 2308 ग्राम समूची तहसील कठूमर गैर कानूनी तरीके से तस्दीक किया गया है जबकि पटवारी श्री शिवराम शर्मा एवं भू-अभिलेख निरीक्षक श्री प्रकाश मीणा को उक्त स्टे आदेश की जानकारी थी। अत: विवादित इन्तकाल की जाँच कराकर भ्रष्ट कर्मचारी के विरुद्व जाँच कर कार्यवाही करायी जाये।

प्रकरण म. जिला कलेक्टर, अलवर से तथ्यात्मक रिपोर्ट चाही गई जिन्होनें अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट म. अवगत कराया कि ग्राम समूची के आराजी खसरा नं. 493 का इन्तकाल नं. 2308 पटवारी हल्का समूची एवं भू-अभिलेख निरीक्षक सोंखर द्वारा दिनांक 04.06.12 को दर्ज कर जाँच की गयी है तथा ग्राम पंचायत समूची द्वारा दिनांक 12.06.12 को फैसला किया गया है। ग्राम पंचायत द्वारा दिनांक 12.06.12 की मीटिंग म. पटवारी हल्का को रेकार्ड व इन्तकाल सहित उपस्थित होने सम्बन्धित जो पत्र जारी किया गया वह बिना डिस्पेच नंबर के जारी किया गया है एवं उक्त बैठक के कार्यवाही विवरण म. भी काट-छांट की गई है। दिनांक 04.06.12 को राजस्व अपील अधिकारी न्यायालय, अलवर द्वारा स्थगन आदेश भी प्रभावी था एवं स्थगन आदेश की जानकारी होते हुए भी इसका अंकन नामान्तरकरण म. नहीं किया गया। अतः पटवारी हल्का एवं भू-अभिलेख निरीक्षक द्वारा उक्त इन्तकाल की कार्यवाही, स्थगन होने के बावजूद भी की गई, जिसके लिए वे दोषी हैं।

इस सम्बन्ध म. श्री शिवराम शर्मा, तत्कालीन पटवारी, हल्का समूची, तहसील, कठूमर एवं श्री प्रकाश मीणा, तत्कालीन भू-अभिलेख निरीक्षक, सौखर हाल नायब तहसीलदार के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16/18 के तहत संयुक्त विभागीय जाँच प्रारम्भ करते हुए दिनांक 04.07.14 को राजस्व मण्डल, अजमेर को आरोप विवरण पत्र प्रेषित किये गये हैं। श्री शिवराम शर्मा के सेवानिवृत्त हो जाने के कारण उनके विरूद्ध पेंशन नियमा. के तहत प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने हेतु विभाग द्वारा राज्य सरकार को लिखा गया है।

एफ.11(106)लोआस/2012

परिवादी श्री महावीर प्रसाद व अन्य निवासी भाजा की ढाणी, तहसील दांतारामगढ़, जिला सीकर ने यह परिवाद इस आशय का प्रस्तुत किया कि उसके द्वारा क्रयशुदा जमीन खसरा नं. 101, 102, 122 व 123 रकबा 2.89 हैक्टेयर का नामान्तरकरण संख्या 368 पटवारी हल्का द्वारा भरा जाकर एवं भू-अभिलेख निरीक्षक द्वारा तस्दीक किया जाकर पंचायत की मीटिंग दिनांक 21.12.11 म. स्वीकृत करने हेतु प्रेषित किया गया किन्तु सरपंच द्वारा इसे स्वीकृत नहीं किया गया। 45 दिन बीत जाने पर नियमानुसार उक्त नामान्तरकरण तहसीलदार, दांतारामगढ के समक्ष प्रस्तुत किया जाना था किन्तु पटवारी ने द्वेषतावश ऐसा नहीं किया। परिवादी द्वारा आवेदन करने पर एवं उपखण्ड अधिकारी, दांतारामगढ़ द्वारा तहसीलदार को आदेशित किये जाने के बावजूद भी उक्त नामान्तरकरण स्वीकृत नहीं किया गया जिसके सम्बन्ध म. उचित कार्यवाही की जावे।

प्रकरण म. जिला कलेक्टर, सीकर से पत्र दिनांक 31.07.13 के माध्यम से तथ्यात्मक रिपोर्ट चाही गई जिन्होंने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट म. अवगत कराया कि प्रकरण की जाँच म. श्री भगवानाराम, सरपंच, ग्राम पंचायत, रुपगढ़ को राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 38(1)(क) के तहत कर्त्तव्य के निर्वहन म. अवचार के लिये तथा श्री लक्ष्मीनारायण मीणा, ग्राम सेवक एवं पदेन सचिव, ग्राम पंचायत, रुपगढ़ को सरपंच का सहयोग करने का दोषी पाये जाने पर श्री भगवानाराम, सरपंच ग्राम पंचायत, रुपगढ़ के विरुद्व राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994 की धारा 38 के तहत कार्यवाही करने के लिए निदेशक, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग को लिखा गया है तथा ग्राम सेवक श्री लक्ष्मीनारायण मीणा के विरुद्व राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अन्तर्गत दिनांक 21.11.14 को आरोप पत्र जारी किया जाकर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है।

एफ.11(222)लोआस/2012

परिवादी श्री विजेन्द्र कुमार सैनी पुत्र श्री शिशुपाल सैनी जाति माली निवासी माताजी की ढाणी तन ढाणियां पंचायत नवलगढ़, तहसील नवलगढ़ ने यह परिवाद इस आशय का प्रस्तुत किया कि ढाणी के निवासी रामनिवास सैनी पुत्र भागीरथमल सैनी ने नाजायज रूप से 1 बीघा राजकीय गोचर भूमि खसरा नं. 77 म. अतिक्रमण कर, दो मंजिला पक्का निर्माण एवं दीवार बना रखी है। पटवारी ने प्रकरण म. सही जाँच नहीं कर कोई अतिक्रमण नहीं बताया है। अतिक्रमी को विद्युत् कनेक्शन भी दिया हुआ है। अत: जाँच करवाकर अतिक्रमी के खिलाफ उचित कार्यवाही अमल म. लायी जाये।

प्रकरण म. जिला कलेक्टर, झुन्झुनूं से पत्र दिनांक 30.07.13 से तथ्यात्मक रिपोर्ट चाही गई जिसके प्रत्युत्तर म. उन्होंने अपने पत्र दिनांक 30.04.14 एवं 06.12.14 द्वारा अवगत कराया कि उक्त भूमि खसरा नं. 77 की पूरी नाप कराकर अतिक्रमण की जाँच करवायी गई। रामनिवास पुत्र भागीरथ सैनी द्वारा 70×50 फीट जमीन पर पक्का निर्माण कराये जाने के कारण उसके विरूद्ध राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम की धारा-91 के तहत बेदखली की कार्यवाही किये जाने के बाद प्रकरण ईजराय म. चल रहा है। उक्त खसरा नम्बर म. कुल 15 व्यक्तिया. का अतिक्रमण पाया गया है जिनके विरूद्ध नियमानुसार बेदखली की कार्यवाही की जा रही है। यह भी अवगत करवाया कि उक्त खसरा म. पाये गये अतिक्रमणा. पर बार-बार निर्देश दिये जाने के बावजूद तहसीलदार, नवलगढ़ द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही नहीं किये जाने के कारण उनके विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के अन्तर्गत विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है। इस सचिवालय स्तर पर प्रकरण अभी विचाराधीन है।

एफ.11(126)लोआस/2013

परिवादिया श्रीमती ग्यारसी बाई व अन्य निवासी मोटर मार्केट, बारां ने दिनांक 29.07.13 को प्रस्तुत इस शिकायत म. आरोप लगाया कि ग्राम नलका के पुराने खसरा नंबर 336 की 1 बीघा 12 बिस्वा व खसरा नं. 358 रकबा 3 बीघा 10 बिस्वा गैर मुमकिन तलाई का आवंटन श्री बिरधीलाल निवासी नलका, तहसील बारां के नाम दिनांक 09.05.1981 को किया गया कृषि भूमि का आवंटन भू-माफियाआ. से मिलकर नियम विरूद्ध तरीके से किया गया है। परिवादिया का कथन है कि खसरा नं. 336 की 1 बीघा 12 बिस्वा भूमि बारां से कोटा जाने वाली मुख्य सड़क की दायीं ओर एन.एच. 76 के भाग के रूप म. काम आती रही है। उक्त भूमि पर कभी भी काश्त नहीं की गई है व कभी भी आवंटी के कब्जे म. नहीं रही है।

उक्त भूमि का वर्तमान खसरा नं. 374 है जो कि सार्वजनिक निर्माण विभाग के खाते म. गैर मुमकिन सड़क दर्ज है। उपखण्ड अधिकारी, बारां ने दिनांक 30.06.2009 को राजस्थान सरकार के विरूद्ध गलत निर्णय किया जिसका लाभ उठाते हुए दिनांक 14.09.12 को श्री बिरधीलाल के नाम इन्तकाल तहसीलदार द्वारा खोला गया। श्री बिरधीलाल ने उक्त भूमि को अन्य किसी व्यक्ति को बेचान कर दिया। जब भूमि सार्वजनिक निर्माण विभाग के नाम थी तो कैसे इस भूमि की रजिस्ट्री विष्णु नाम के व्यक्ति को कर दी गई इसकी जाँच करायी जाकर दोषी अधिकारिया/कर्मचारिया. के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। इस परिवाद के सम्बन्ध म. जिला कलेक्टर, बारां एवं अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड बारां को पत्र दिनांक 26.8.13 लिखा जाकर तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई।

जिला कलेक्टर, बांरा ने अपनी रिपोर्ट दिनांक 29.10.13 एवं 03.07.14 से अवगत कराया है कि मुताबिक राजस्व रेकार्ड ग्राम नलका की खसरा नं.

336 रकबा 1 बीघा 12 बिस्वा व खसरा नं. 358 रकबा 3 बीघा 10 बिस्वा भूमि श्री बिरधीलाल पुत्र किशोर जाति बलाई साकिन नलका को आवंटित हुई थी। उक्त आवंटन कृषि भूमि आवंटन नियम 1970 नियम 4 म. प्रतिबंधित होने से विधि विरूद्ध किया गया था। खसरा नं. 336 (नया खसरा नम्बर 374) किस्म गैर मुमकिन सड़क होकर सार्वजनिक निर्माण विभाग की खातेदारी म. है। उपखण्ड अधिकारी न्यायालय ने इसे आवंटी के खाते म. दर्ज करने के आदेश दे दिये, जिसकी अपील तत्कालीन तहसीलदार एवं अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग को करनी थी, जो उन्होंने नहीं की।

तहसीलदार ने प्रकरण म. नामान्तरकरण दर्ज कर दिया। प्रकरण म. तत्कालीन तहसीलदार, बारां श्री ओमप्रकाश तिवाडी, जिन्होंने नामान्तकरण तस्दीक किया था एवं समय पर अपील नहीं की, के खिलाफ राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16/18 के अधीन अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु आरोप पत्र राजस्व मंडल म. प्रेषित कर दिया गया है। राजस्व मण्डल, अजमेर के पत्र दिनांक 28.10.14 द्वारा अवगत करवाया गया कि उक्त लोक सेवक श्री ओम प्रकाश तिवाड़ी, तत्कालीन तहसीलदार, बारां के विरूद्ध विभागीय जाँच प्रकरण म. मण्डल के आदेश दिनांक 05.05.14 द्वारा जाँच अधिकारी नियुक्त कर दिया गया है। उपखण्ड अधिकारी के निर्णय के विरूद्ध राजस्व अपील अधिकारी न्यायालय में अपील दिनांक 18.10.13 को कर दी गई है। इस प्रकार परिवाद म. इस सचिवालय स्तर पर वाँछित कार्यवाही सम्पन्न हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 27.10.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.11(128)लोआस/2013

परिवादी श्री नरेन्द्र सिंह तँवर पुत्र स्व. श्री भंवरसिंह तंवर, नरसिंह कालोनी नरसिंह मंदिर के पास, सागर रोड़, आमेर जिला जयपुर ने यह

परिवाद इस आशय का प्रस्तुत किया कि खसरा नं. 28 रकबा 12.3 हैक्टेयर गैर मुमकिन चारागाह ग्राम मावण्डा कलां, तहसील नीमकाथाना, सीकर म. करीब 2 बीघा जमीन पर खेतराम पुत्र झाबा कुम्हार ने अतिक्रमण कर रखा है जिसकी शिकायत ग्रामवासियों द्वारा तहसीलदार, नीमकाथाना को की गई किन्तु उनके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। अतः उक्त अतिक्रमण की जाँच कराकर चारागाह भूमि का सीमाज्ञान कराकर अतिक्रमण हटवाया जाये।

प्रकरण म. जिला कलेक्टर, सीकर से पत्र दिनांक 12.08.13 से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई जिसके प्रत्युत्तर म. उन्होंने अपने पत्र दिनांक 25.10.13, 08.08.14, 28.11.14 एवं 20.03.15 द्वारा अवगत करवाया कि ग्राम मावण्डा कलां की भूमि ख.नं. 28 रकबा 12.13 हैक्टेयर किस्म गैर-मुमकिन चारागाह म. अतिक्रमण के सम्बन्ध म. पटवारी हल्का की रिपोर्ट के अनुसार ख.नं. 28 म. रकबा 0.16 हैक्टेयर पर खेता पिता झाबर कौम कुम्हार निवासी मावण्डा कलां द्वारा कच्चा मकान बना कर अतिक्रमण किया जाना पाया गया।

प्रकरण म. स्थगन आदेश प्रभावी होने के कारण प्रश्नगत अतिक्रमण अभी तक नहीं हटाया जा सका है। स्थगन आदेश प्रभावी होने से पूर्व अतिक्रमण हटाने म. लापरवाही बरतने पर श्रीवर्धन शर्मा, तत्कालीन भू अभिलेख निरीक्षक, श्री रामसिंह मीणा, पटवारी एवं श्री अजीत सिंह, पटवारी के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के तहत अरोप पत्र एवं आरोप विवरण पत्र जारी किये जाकर विभागीय कार्यवाही की गई। विभागीय जाँच के बाद लोक सेवकगण श्री रामसिंह मीणा, पटवारी एवं श्री अजीत सिंह, पटवारी की एक-एक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोकी जाने के दण्ड से दण्डित कर दिया गया है।

अन्य लोकसेवक श्रीवर्धन शर्मा, तत्कालीन भू-अभिलेख निरीक्षक द्वारा अतिक्रमण हटाने के सम्बन्ध म. अपने स्तर पर समुचित कार्यवाही करने तथा समय पर पुलिस इमदाद उपलब्ध नहीं होने के कारण अतिक्रमण नहीं हटा पाने के सम्बन्ध म. उसे दोषी नहीं माना जाकर भविष्य म. सतर्क रहकर कार्य करने की हिदायत दी गई है। प्रकरण म. वर्तमान म. स्थगन आदेश की प्रास्थिति से अवगत करवाने हेतु लिखा गया है।

एफ.11(142)लोआस/2013

परिवादी श्री जगदीश प्रसाद, अध्यक्ष, श्री कृष्ण विद्या मंदिर शिक्षा समिति, निवाणा देवथला, तहसील चौमूं, जिला जयपुर ने दिनांक 13.08.13 को यह परिवाद इस आशय का प्रस्तुत किया कि श्री ओम प्रकाश, पटवारी पटवार हल्का, निवाना, तहसील चौमू ने मांगी गई रिश्वत राशि नहीं देने पर बदनियतिपूर्वक विक्रय-पत्र के आधार पर नामान्तरकरण करने म. लगातार अनावश्यक अड़चन डालकर करीब 8 वर्षो तक पक्षकारा. को परेशान किया। उसके बाद विक्रय-पत्र के विपरीत नामान्तरकरण दर्ज कर रिकार्ड म. हेरा-फेरी की। परिवादी द्वारा विभिन्न स्तरा. पर शिकायते किये जाने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। श्री अशोक कुमार, उपखण्ड अधिकारी, चौमूं के द्वारा भी पटवारी का रिश्तेदार होने के कारण कोई कार्यवाही नहीं की गई। अतः उक्त पटवारी के खिलाफ एवं दोषी को बचाने वाले उपखण्ड अधिकारी, चौमूं के विरूद्ध भी विभागीय जाँच कराकर नियमानुसार कार्यवाही की जावे।

प्रकरण म. संभागीय आयुक्त, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त की गई जिन्होंने अपने पत्र दिनांक 31.07.14 द्वारा अवगत कराया कि प्रशासन गांवा. के संग अभियान 2013 म. उपखण्ड अधिकारी, चौमूं के आदेश दिनांक 11.01.13 के क्रम म. तहसीलदार, चौमूं द्वारा जारी आदेश दिनांक 11.01.13 से संस्था श्री कृष्ण विद्या मंदिर शिक्षा समिति, निवाणा (देवथला) के नाम से नामान्तरकरण सं. 829 दिनांक 11.01.13 को

स्वीकृत हो चुका है। प्रकरण की जाँच म. श्री ओम प्रकाश चौधरी, पटवारी हल्का निवाना, तहसील चौमूं को नामान्तरकरण खोलने के सम्बन्ध म. उच्चाधिकारी द्वारा समय-समय पर दिये आदेशा. की अवहेलना का दोषी पाये जाने पर दिनांक 31.10.14 को उसके विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के तहत आरोप पत्र जारी कर विभागीय जाँच की गई। विभागीय जाँच म. उक्त आरोपी लोक सेवक को आदेश दिनांक 02.02.15 द्वारा भविष्य म. सतर्कतापूर्वक कार्य करने की चेतावनी दे दी गई है।

उक्त पटवारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही तत्समय नहीं किये जाने के सम्बन्ध म. तत्कालीन तहसीलदार श्री जयवीर सिंह कालेर तथा श्री रतन लाल योगी को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है जिसकी वर्तमान प्रास्थिति से अवगत कराने हेतु लिखा जा रहा है।

एफ.11(145)लोआस/2013

परिवादी श्री कैलाश चन्द्र खटीक पुत्र श्री बख्तावर खटीक, बीगोद, तहसील, माण्डलगढ़ जिला भीलवाड़ा ने यह परिवाद इस आशय का प्रस्तुत किया कि ग्राम केरपुरा, पटवार हल्का जालिया के तत्कालीन पटवारी श्री भोलेनाथ जोगी एवं चपरासी श्री रामकिशन सुथार निवासी केरपुरा की मिलीभगत द्वारा आराजी नं. 507/10 की जगह से नक्शे म. काट-छांट कर आराजी नं. 507/10 की जगह आराजी नं. 520/10 रकबा 3 बीघा खातेदार श्री भैरूलाल पुत्र श्री छोटू लाल खाती निवासी केरपुरा का दर्शाया गया है जबकि रेकार्ड एवं मौके पर वर्षो से मेन रोड़ से लगभग यह 500 मीटर दूरी पर स्थित है। इस पर कुँआ भी खुदा हुआ है एवं रहन भी है। पटवारी श्री भोलेनाथ एवं चपरासी की मिलीभगत से आराजी 520/10 रकबा 3 बीघा का बेचान उच्च दाम म. किसी शोपुरा निवासी राजपूत को किया गया है। परिवादी ने आरोप लगाया कि इन लोगा. ने रात म. भूमि की नाप कर जेसीबी से बन्दा लगा दिया है।

इसकी विभिन्न स्तरा. पर शिकायत भी की गई है किन्तु कोई कार्यवाही नहीं हुई है। अतः जाँच कराकर उक्त लोकसेवका. के विरूद्ध कार्यवाही की जाये एवं ग्राम केरपुरा के आराजी खसरा नं. 10 एवं 11 के खातेदारा. की कब्जानुसार तरमीम करवायी जाये।

प्रकरण म. पत्र दिनांक 25.10.13 से जिला कलेक्टर, भीलवाड़ा से तथ्यात्मक रिपोर्ट मंगवाई गई जिन्होंने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 10.01.14, 05.06.14, 09.09.14 व 24.02.15 द्वारा अवगत कराया कि ग्राम केरपुरा के नक्शे म. किसी प्रकार की कांट छांट नहीं है। नक्शा फटा हुआ है। खसरा नं. 520/10 की तरमीम नक्शे म. नहीं है और ना ही रेकार्ड म. किसी प्रकार की हेरा-फेरी की गई है किन्तु श्री भोलेनाथ योगी, पटवारी जालिया द्वारा आराजी ख.नं. 507/10 की तरमीम बिना किसी की अनुमति के की गई है जिसके लिए वह जिम्मेदार है। उक्त दोषी पटवारी के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के तहत कार्यवाही की जा रही है। आरोपी पटवारी को दिनांक 19.12.14 को आरोप पत्र एवं आरोप विवरण पत्र जारी किये जा चुके हैं। प्रकरण म. विभागीय कार्यवाही की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की जा रही है।

एफ.11(154)लोआस/2013

परिवादी श्री रामहेत पुत्र श्री शिब्बुराम जाति जाटव निवासी सिरसौंदा, तहसील रूपवास, जिला भरतपुर ने यह परिवाद इस आशय का प्रस्तुत किया कि उसकी और उसके परिजना. की ग्राम रूपवास म. स्थित खसरा नं. 443 रकबा 2 बीघा 1 बिस्वा भूमि है। अप्रार्थी डम्बर सिंह ने राजस्व कर्मचारिया/अधिकारिया. से मिलीभगत कर षड्यंत्रपूर्वक उक्त जमीन म. से 1 बीघा 12 बिस्वा भूमि कटवाकर अपने नाम अवैध रूप से गैर-खातेदारी दर्ज करवा ली। उसके द्वारा शिकायत करने पर जिला कलेक्टर, भरतपुर द्वारा निर्देशित करने के बावजूद भी श्री बालकृष्ण

तिवाड़ी, तहसीलदार एवं श्री महाराज सिंह बडेश्वर, पटवारी, रूपवास ने लगभग 2 वर्ष 4 माह तक कोई कार्यवाही नहीं की। अतः उक्त भूमि को पुनः परिवादी के नाम दर्ज करवाया जावे और आदेशा. की अवहेलना करने वाले अधिकारिया/कर्मचारिया. के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावे।

प्रकरण म. पत्र दिनांक 08.10.13 से संभागीय आयुक्त, भरतपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई जिन्होंने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 07.03.14, 11.7.14 एवं 16.01.15 द्वारा अवगत करवाया कि राजस्व ग्राम रूपवास के अन्तर्गत परिवादी रामहेत एवं उसके परिजना. की खातेदारी भूमि खसरा नं. 433 रकबा 2 बीघा 1 बिस्वा म. से अवैध रूप से काटी गई 1 बीघा 12 बिस्वा भूमि को पुनः परिवादी के नाम दर्ज करवाने हेतु तहसीलदार, रूपवास द्वारा पत्र क्रमांक 649 दिनांक 04.03.14 द्वारा रेफरेन्स तैयार कर न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर, भरतपुर म. पेश कर दिया गया है जो विचाराधीन है।श्री महाराज सिंह बडेश्वर, पटवारी की दिनांक 15.06.14 को मृत्यु हो चुकी है।

श्री बालकृष्ण तिवारी, तत्कालीन तहसीलदार, रूपवास के विरूद्ध परिवादी रामहेत की खसरा नं. 443 रकबा 2 बीघा 1 बिस्वा म. से 1.12 बीघा भूमि बिना नामान्तरकरण के श्यामा, वदना, शिब्बो के स्थान पर सवर्ण जाति के डम्बर सिंह के नाम दर्ज करने पर रेफरेन्स प्रस्तुत नहीं कर राजकार्य म. लापरवाही बरतने के आरोप म. अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु प्रस्ताव दिनांक 05.11.14 को राजस्व मण्डल को भिजवा दिये गये हैं। अनुशासनात्मक कार्यवाही अभी विचाराधीन है। वर्तमान म. उक्त अनुशासनात्मक कार्यवाही एवं रेफरेन्स की वर्तमान प्रास्थिति से अवगत कराने हेतु लिखा जा रहा है।

एफ.11(158)लोआस/2013

परिवादिया श्रीमती कमोद देवी सांसी निवासी पोल्याड़ा, तहसील देवली, जिला टोंक ने दिनांक 29.08.13 को यह परिवाद इस आशय का प्रस्तुत किया कि खसरा नं. 858 की भूमि बैंक म. गिरवी होने व इस पर स्थगन होने के बावजूद भी हल्का पटवारी द्वारा बैक डेट म. नामान्तरकरण खोला है जिसकी जाँच करवाकर पटवारी के विरूद्ध कार्यवाही की जावे। प्रकरण म. जिला कलेक्टर, टोंक से पत्र दिनांक 18.11.13 द्वारा तथ्यात्मक रिपोर्ट चाही गई जिन्होंने अपनी रिपोर्ट दिनांक 26.03.14, 04.06.14, 05.08.14, 09.01.14 एवं 03.11.14 से अवगत कराया कि जाँच म. पाया गया कि खसरा नं. 858 ग्राम पोल्याड़ा की भूमि पर न्यायालय राजस्व अपील अधिकारी द्वारा 27.08.13 को स्थगन दिया गया था जिसकी जानकारी तत्कालीन तहसीलदार को भी दे दी गई थी लेकिन इसके बावजूद भी हल्का पटवारी व तहसीलदार द्वारा मिलीभगत से दिनांक 27.08.13 को ही (अर्थात् एक ही दिन में) विवादित भूमि को रहनमुक्त करते हुए क्रेता के पक्ष म. नामान्तरकरण खोल दिया गया जिस हेतु श्री रामकिशन मीणा, तत्कालीन तहसीलदार देवली, श्री रामअवतार गुप्ता, तत्कालीन भू-अभिलेख निरीक्षक चाँदली तथा श्री सीताराम राणा, तत्कालीन हल्का पटवारी, पोल्याड़ा को दोषी पाये जाने पर उनके विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम -16/18 के तहत संयुक्त जाँच प्रारम्भ करते हुए उन्हें सक्षम स्तर से आरोप-पत्र जारी किये जा चुके हैं। वर्तमान म. उक्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की वर्तमान प्रास्थिति से अवगत कराने हेतु लिखा जा रहा है।

एफ.11(196)लोआस/2013

परिवादी श्री विजय सिंह पुत्र जब्बर सिंह मुकाम पोस्ट डाबरा तहसील बावडी जिला जोधपुर ने यह परिवाद इस आशय का प्रस्तुत किया कि ग्राम पंचायत डाबरा के खसरा 471, 485, 1157, 1178, 1172, एवं 1180 सरकारी भूमि पर सरपंच पति शांति लाल महाजन, उसके चाचा

एवं अन्य भू–माफिया तिलाराम पुत्र मूलाराम मेघवाल वगै0 द्वारा नाजायज अतिक्रमण किया हुआ है। पूर्व पटवारी श्री मोहनलाल द्वारा सरकारी खसरा. पर अतिक्रमण म. सरपंच व अन्य भूमाफियाआ. का सहयोग किया गया। पटवारी ने अपने रिश्तेदारा. से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करवाया तथा झूठी मौका फर्द बनाकर उच्चाधिकारिया. को अंधेरे म. रखा। अतः उक्त लोगा. के विरूद्ध जाँच करवाकर मौके पर नाप करवाई जावे तथा पत्थरगढ़ी करवाकर सरकारी जमीना. को अतिक्रमण मुक्त करवाया जाये।

प्रकरण म. जिला कलेक्टर, जोधपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट मंगवाई गई जिन्होंने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट द्वारा अवगत कराया कि उक्त खसरा नम्बरान की नाप टीम गठित कर करवायी गई। प्रकरण म. अतिक्रमण की पुष्टि होने पर दिनांक 06.06.14 को बेदखली के आदेश जारी किये गये व दिनांक 28.08.14 को भौतिक रूप से अतिक्रमिया. की बेदखली की गई। श्री मोहन लाल, तत्कालीन पटवारी, डाबरा द्वारा अतिक्रमण की रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने, अतिक्रमिया. को प्रोत्साहन देने एवं कर्त्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के सम्बन्ध म. राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के तहत आरोप–पत्र जारी कर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रांरभ कर दी गई है। वर्तमान म. उक्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की वर्तमान प्रास्थिति से अवगत कराने हेतु लिखा जा रहा है।

एफ.11(223)/लोआस/2013

परिवादी श्री श्रीनिवास शर्मा पुत्र रामदास शर्मा, निवासी रानीगाँव, तहसील मकराना, जिला नागौर द्वारा दिनांक 22.10.13 को प्रस्तुत इस परिवाद म. रानीगाँव से नून्दड़ा जाने वाले कटाणी रास्ते के सम्बन्ध म. तहसीलदार द्वारा रिश्वत खाकर गलत रिपोर्ट प्रस्तुत करने की शिकायत की गई है। इस सचिवालय के पत्र दिनांक 20.11.13 के द्वारा जिला कलेक्टर, नागौर से परिवाद के सम्बन्ध म. तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। उन्होंने अपने पत्र दिनांक 31.03.14 से अवगत कराया कि रास्ते की भूमि पर खातेदारा.

द्वारा निर्माण कर अतिक्रमण किया हुआ है जिससे रास्ता अवरूद्ध है। भूमि के सम्बन्ध म. न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, मकराना म. वाद विचाराधीन है।

इस सचिवालय के पत्र दिनांक 21.05.14 के द्वारा रास्ते की भूमि पर अतिक्रमण होने के सम्बन्ध म. जिम्मेदार लोकसेवका. के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ करने के निर्देश दिये गये एवं सिविल न्यायालय, मकराना म. चल रहे वाद की प्रास्थिति रिपोर्ट चाही गई। जिला कलेक्टर, नागौर ने अपने पत्र दिनांक 24.09.14 के द्वारा अवगत कराया कि श्री मंगलचंद, तत्कालीन पटवारी, तहसील मकराना के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियन्त्रण, अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के तहत प्रारम्भ कर दी गई है। प्रकरण म. इस सचिवालय के निर्देश पर दोषी लोकसेवक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ की जा चुकी है। पत्रावली म. विचाराधीन अनुशासनात्मक कार्यवाही एवं विचाराधीन न्यायालय प्रकरण की प्रगति रिपोर्ट ली जा रही है।

एफ.11(250)लोआस/2013

परिवादी श्री घनश्याम भार्गव एवं ग्रामवासीयान निपानियां तहसील छबड़ा जिला बारां ने यह शिकायत इस आशय की प्रस्तुत की है कि लोक सेवक भगवान लाल मीणा, पटवारी, हरिसिंह मीणा एवं रामस्वरुप मीणा, पूर्व सरपंच के द्वारा चरागाह भूमि की झूठी रिपोर्ट कर, बिना सर्वेक्षण के ही चारागाह बताकर नोटिस जारी करके एवं सरपंच पुत्रा. की भूमि का सर्वेक्षण नहीं करके अनियमितताएं की हैं अतः चारागाह भूमि की पुनः पैमाईश कराकर सही सर्वे करवाया जाये।

प्रकरण म. जिला कलेक्टर, बारां से तथ्यात्मक रिपोर्ट चाही गई जिन्होंने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट म. अवगत कराया कि जाँच में ग्राम निपानियां म. खसरा नं. 1121, 1109 व 1135 की कुल 59 बीघा चारागाह भूमि म.

पटवारी द्वारा अतिक्रमण की गलत रिपोर्ट किया जाना पाया गया। फसल रबी सम्वत् 2070 म. चारागाह भूमि पर जिन-जिन व्यक्तिया. द्वारा अतिक्रमण कर फसल काश्त की गई थी उन समस्त अतिक्रमिया. को मौके से भौतिक रुप से बेदखल कर दिया गया है।

उक्त भूमि के अतिरिक्त गैर मुमकिन रास्ता एवं तलाई की कुल 9.05 बीघा भूमि पर तथा ग्राम निपानियां की वर्तमान सरपंच श्रीमती झड़िया बाई के पुत्र का खसरा नं. 1149 की 1.10 एवं खसरा नं. 1135 की 1.10 भूमि पर फसल रबी काश्त होना पाये जाने से अतिक्रमी को आराजी से बेदखल कर दिया गया है। श्री भगवान लाल मीणा, पटवारी, हल्का निपानियां द्वारा गलत मौका रिपोर्ट देने के कारण उसे दोषी मानते हुए उसके विरुद्व राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अन्तर्गत आरोप पत्र व आरोप विवरण पत्र जारी किये जा चुके हैं। वर्तमान म. उक्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की वर्तमान प्रास्थिति से अवगत कराने हेतु लिखा जा रहा है।

एफ.11(268)लोआस/2013 एवं एफ.11(367)लोआस/2013

परिवादी श्री भगवान सहाय पुत्र श्री लीलाराम जाति हरिजन ग्राम दान्तला तहसील मुण्डावर जिला अलवर ने यह परिवाद इस आशय का प्रस्तुत किया कि तहसीलदार मुण्डावर श्री रामसिंह सैनी द्वारा कस्टोडियन भूमि आराजी खसरा नं. 221 रकबा 3 बीघा 6 बिस्वा वाके ग्राम दांतला तहसील मुण्डावर के आधे भाग का सनद पट्टा गलत तौर पर मनोहर लाल के पक्ष म. दिनांक 1.3.12 को जारी कर दिया तथा उसी दिन उक्त भूमि को गैर खातेदारी म. दर्ज कर दिया। बाद म. मनोहरलाल व उसके पिता से रिश्वत लेकर अलॉटमेन्ट के 9 दिन बाद ही दूसरा नामान्तरकरण संख्या 1452 खातेदारी खोल दिया जबकि नियमानुसार गैर खातेदारी से

खातेदारी का इन्द्राज 9 दिन की समयावधि म. नहीं किया जा सकता था। अत: तहसीलदार के विरूद्ध कार्यवाही की जावे।

परिवाद के सम्बन्ध म. पत्र दिनांक 22.4.14 से जिला कलेक्टर, अलवर से तथ्यात्मक प्रतिवेदन मंगवाया गया जिसके प्रत्युत्तर म. पत्र दिनांक 17.6.14 द्वारा अवगत करवाया गया कि यह प्रकरण जिला जन अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति की बैठक दिनांक 23.5.12 म. रखा गया जिसमें इस मामले म. श्री रामसिंह सैनी, तत्कालीन तहसीलदार, मुण्डावर को श्री मनोहर लाल को पट्टा जारी करते समय आवश्यक दस्तावेज पत्रावली पर पेश नहीं कराये जाने तथा सम्बन्धित न्यायालय म. विचाराधीन निगरानी को ध्यान म. नहीं रखे जाने का दोषी पाये जाने पर उसके विरुद्व राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अन्तर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया जिसके तहत आरोप पत्रादि तैयार कर राजस्व मण्डल, अजमेर को प्रेषित किये जा चुके हैं। वर्तमान म. उक्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की वर्तमान प्रास्थिति से अवगत कराने हेतु लिखा जा रहा है।

एफ.11(281)लोआस/2013

परिवादी भगवान सिंह ने दिनांक 19.12.13 को इस सचिवालय म. परिवाद प्रस्तुत कर निवेदन किया कि उसकी पैतृक सम्पत्ति ग्राम अजीतपुरा, तहसील एवं जिला सीकर म. स्थित है जिसका खसरा नम्बर 395, 410 व 537/540 कुल रकबा 4.01 हैक्टेयर एवं खसरा नं. 563/537, 564/537 रकबा 2.63 हैक्टेयर है जो उसके नाम दर्ज थी। परिवादी का आरोप है कि तत्कालीन उपखण्ड अधिकारी, सीकर द्वारा मिलीभगत कर परिवादी के पक्ष म. खोले गये नामान्तरकरण के विरूद्ध दो अपीलें 22/2011 एवं 33/2011 दिनांक 26.07.11 को दर्ज कर इसी दिन फैसल कर परिवादी के नामान्तकरण को निरस्त कर दिया गया। उक्त निर्णया. के विरूद्ध परिवादी ने अतिरिक्त संभागीय आयुक्त, जयपुर म. अपील की

जिसमें दिये गये निर्णय दिनांक 12.01.12 म. उपखण्ड अधिकारी के उक्त दोना. निर्णया. को निरस्त कर दिया गया किन्तु इससे पूर्व ही तहसीलदार ने प्रतिपक्षिया. के नाम खातेदारी दर्ज कर दी जो कि मिलीभगत का द्योतक है। परिवादी ने यह भी कथन किया कि अतिरिक्त संभागीय आयुक्त के निर्णय के विरूद्ध प्रतिपक्षी प्यारे लाल ने राजस्व मण्डल म. निगरानी दायर की जिसके निर्णय म. प्रतिपक्षी को सहायक कलेक्टर न्यायालय, सीकर म. वाद दायर करने का आदेश दिया गया। प्रतिपक्षी प्यारे लाल ने उक्त निर्णय के अनुसार न्यायालय सहायक कलेक्टर, सीकर म. वाद दायर किया जिसमें परिवादी भगवान सिंह को ही पाबंद कर दिया। ये पाबंदी की कार्यवाही भी मिलीभगत से की गई है। अतः प्रकरण की जाँच की जाकर उक्त भ्रष्टाचार एवं आपराधिक कृत्या. के लिए जिम्मेदार लोगा. के विरूद्ध कठोर कानूनी एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाये।

परिवाद प्रस्तुत होने पर जिला कलेक्टर, सीकर को पत्र दिनांक 8.01.14 प्रेषित कर रिपोर्ट तलब की गई। जिला कलेक्टर, सीकर ने अपने पत्र दिनांक 10.06.14, 15.07.14, 21.07.14, 26.07.14, 18.09.14 एवं 31.10.14 द्वारा अवगत करवाया कि प्रकरण म. विभिन्न स्तरा. पर करवायी गई जाँच के उपरान्त श्री जयसिंह, तत्कालीन तहसीलदार, सीकर, श्री नवरंगलाल बरवड़, तत्कालीन पटवारी, कूदन, तहसील सीकर, श्री विष्णुदत्त शर्मा, वरिष्ठ लिपिक (रीडर) एवं श्री संजयसिंह, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (तामील कुनिन्दा) को विभिन्न आरोपा. के सम्बन्ध म. दोषी पाया गया।

अतः श्री जयसिंह शेखावत, तत्कालीन तहसीलदार सीकर हाल सहायक निदेशक, लोक सेवाएं एवं प्रशासनिक सुधार समन्वयक विभाग, सीकर के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम, 16 के अधीन कार्यवाही हेतु प्रस्ताव कार्मिक विभाग को भिजवाने हेतु राजस्व विभाग को भिजवाये गये। श्री नवरंगलाल बरवड़ एवं श्री संजय सिंह को राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं

अपील) नियम, 1958 के नियम, 17 के अधीन आरोप पत्र जारी किये जाकर विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ की गई। श्री विष्णुदत्त शर्मा, रीडर जनवरी, 2012 म. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो म. ट्रेप हो जाने के बाद निलम्बित हो गये एवं दिनांक 31.3.12 को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने के कारण सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

श्री संजय सिंह को विभागीय जाँच म. नोटिसा. की तामील नियमानुसार नहीं करवाने का आरोप प्रमाणित होने पर आदेश दिनांक 19.8.14 के द्वारा ''परिनिन्दा'' के दण्ड से दण्डित कर दिया गया है। इसी प्रकार श्री नवरंगलाल बरवड़, तत्कालीन पटवारी, कूदन को ग्राम पंचायत से वारिस प्रमाण पत्र लाने म. की गई लापरवाही का दोषी पाते हुए आदेश दिनांक 27.10.14 द्वारा अलिखित चेतावनी के दण्ड से दण्डित कर दिया गया है। श्री जयसिंह शेखावत आर.ए.एस., तत्कालीन तहसीलदार, सीकर के विरूद्ध न्यायालय के निर्णय की अवहेलना किये जाने का आरोप बनना नहीं पाये जाने पर प्रस्तावित विभागीय जाँच कार्यवाही को समाप्त कर दिया गया है। इस प्रकार परिवाद म. इस सचिवालय स्तर से वाँछित कार्यवाही पूर्ण हो जाने पर इसे दिनांक 25.11.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.11(284)लोआस/2013

परिवादी श्री रामविलास मीणा पुत्र स्व0 श्री गंगाबिशन मीणा ग्राम टोकसपुरा तहसील इन्द्रगढ़, जिला बून्दी ने यह परिवाद इस आशय का प्रस्तुत किया कि तहसीलदार इन्द्रगढ श्री सत्यप्रकाश बसवाल ने चारागाह भूमि पर किये गये अतिक्रमण के सम्बन्ध म. हल्का पटवारी द्वारा जाँच रिपोर्ट दिनांक 19.07.13 को प्रस्तुत किये जाने के बावजूद भी अतिक्रमिया. की मिलीभगत से कोई कार्यवाही नहीं की।

प्रकरण म. जिला कलेक्टर, बून्दी से पत्र दिनांक 23.01.14 से तथ्यात्मक रिपोर्ट चाही गई जिन्होंने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट म. अवगत कराया कि

उपखण्ड अधिकारी, लाखेरी (बून्दी) ने ग्राम टोकसपुरा की 10, दौलतपुरा की एक एवं हीरापुरा की दो अतिक्रमण संबंधी पत्रावलिया. म. अतिक्रमिया. को दिनांक 11.02.14 को तहसीलदार के समक्ष उपस्थित होने हेतु धारा 91 भू-राजस्व अधिनियम के तहत नोटिस जारी किये गये जिन्होंने उक्त अधिनियम की धारा 91 (3) के तहत उक्त प्रकरणा. म. तीन माह के सिविल कारावास एवं लगान का 50 गुना शास्ति कायम कर फसल जब्त सरकार करने का निर्णय किया। गिरफ्तारी का वांरट दिनांक 28.02.14 को थानाधिकारी इन्द्रगढ़ को जारी किया गया। सभी अतिक्रमिया. को हाजिर अदालत रहने के जमानत मुचलके भरवाये गये जिनको कि तहसीलदार द्वारा प्रमाणित नहीं किया गया जो गंभीर अनियमितता है।

जाँच म. तहसीलदार द्वारा चारागाह भूमि पर अतिक्रमिया. के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही का अभाव पाया जाने पर श्री सत्यनारायण बसवाल, तहसीलदार, इन्द्रगढ़ के खिलाफ राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु दिनांक 12.5.15 को आरोप पत्र एवं आरोप विवरण पत्र, निबंधक, राजस्व मडंल अजमेर को प्रेषित किये गये है।

एफ.11(335)लोआस/2013

परिवादी श्री ललित कुमार सिंह पुत्र श्री आनन्द सिंह दत्तक पुत्र श्री हरनाथ सिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम हिम्मतपुरा, जयपुर ने यह परिवाद इस आशय का प्रस्तुत किया कि तत्कालीन उपखण्ड अधिकारी, जयपुर-प्रथम श्रीमती अल्का विश्नोई के न्यायालय म. परिवादी का एक वाद संख्या 93/2013 एवं अस्थायी निषेधाज्ञा प्रार्थना पत्र संख्या 84/2013 दिनांक 26.07.13 से विचाराधीन चला आ रहा था। दिनांक 26.07.13 को ही प्रकरण म. अस्थायी निषेधाज्ञा जारी कर दी गई थी। अस्थायी निषेधाज्ञा म. आगामी तारीख पेशी दिनांक 17.02.14 होने के बाद परिवादी द्वारा एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 8 नियम 9 व धारा 151 सी.पी.

सी. प्रस्तुत किया गया था। इस प्रार्थना पत्र पर उपखण्ड अधिकारी श्रीमती अल्का विश्नोई ने अपने हाथा. से ''बहस हेतु दिनांक 21.10.14 को पेश हो'' लिखा था किन्तु नियत तिथि से पूर्व ही परिवादी के पक्ष म. जारी स्टे आर्डर को दिनांक 18.02.14 को ही खारिज कर दिया गया तथा स्वंय की मार्किंग पर व्हाईटनर लगाकर हटाने का प्रयास किया गया। अतः प्रकरण की जाँच करवाकर उक्त अधिकारी को अपदस्थ कर नियमानुसार कार्यवाही की जावे।

प्रकरण म. जिला कलेक्टर, जयपुर से पत्र दिनांक 11.07.14 से तथ्यात्मक रिपोर्ट चाही गई जिन्होंने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट म. अवगत कराया कि जाँच में श्रीमती अल्का विश्नोई, तत्कालीन उपखण्ड अधिकारी, जयपुर-प्रथम को दोषी पाया जाने पर उनके विरुद्व राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु आरोप पत्र व आरोप विवरण पत्र तैयार कर सम्बन्धित अभिलेख उप शासन सचिव, राजस्व (ग्रुप-2) विभाग तथा उप शासन सचिव, कार्मिक(क-3/जॉच) विभाग, जयपुर को दिनांक 16.7.14 को भिजवाये गये हैं।

एफ.11(366)लोआस/2013

परिवादी श्री भंवर लाल सोनी पुत्र श्री रामरख सोनी ग्राम तबीजी जिला अजमेर ने यह परिवाद दिनांक 28.03.14 को इस आशय का प्रस्तुत किया कि ग्राम तबीजी की सरकारी भूमि को गांव के सरपंच के भाई नवरत्नमल सांगेला ने गांव के लोगा. को प्लाट काटकर बेच दिया है तथा उक्त भूमि पर अवैध निर्माण चल रहा है। जबकि यू.आई.टी अजमेर ने पहले काम रोका तथा वहां यू.आई.टी का बोर्ड लगा है। तहसीलदार, विकास अधिकारी एवं जिला कलेक्टर द्वारा अवैध निर्माण के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है और ना ही खरीदने और बेचने वाला. पर

कानूनी कार्यवाही की गई है। अत: सरपंच, उप संरपच को पद से हटाया जाये।

प्रकरण म. जिला कलेक्टर, अजमेर से पत्र दिनांक 16.04.14 से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई जिन्होंने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट म. बताया कि उक्त भूमि सिवायचक थी जो नगर सुधार न्यास, अजमेर को हस्तान्तरित कर दी गई थी। विवादित खसरे म. मौके पर पाये गये अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। अत: उक्त भूमि से अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही म. लापरवाही बरतने के कारण श्री मुकेश कुमार ककांणी, ग्राम सेवक एवं पदेन सचिव, ग्राम पंचायत, तबीजी को राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के तहत आरोप पत्र एवं आरोप विवरण पत्र जारी किये गये हैं।

एफ.11(6)लोआस/2014

परिवादिया श्रीमती सरिता शर्मा, तत्कालीन पटवारी भू-अभिलेख अनुभाग हाल पी0जी0 सैल जिला झालावाड़ ने दिनांक 10.04.14 को यह परिवाद इस आशय का प्रस्तुत किया कि उसके द्वारा जिला कलेक्टर कार्यालय, झालावाड़ म. कार्यरत श्री शिवराज सिंह, कानूनगो एवं श्री बलराम, कनिष्ठ लिपिक द्वारा परेशान करने एवं यौन उत्पीड़न करने की शिकायत किये जाने के उपरान्त भी उक्त लोक सेवकगण के विरूद्ध कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिला कलेक्टर एवं विशाखा प्रकरण म. उसके द्वारा परिवेदना दिये जाने पर परिवेदना समिति द्वारा दोना. कार्मिका. को दोषी मानते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही की अनुशंसा कलेक्टर, झालावाड़ को की गई किन्तु उनके द्वारा भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

प्रकरण म. जिला कलेक्टर, झालावाड़ से पत्र दिनांक 28.04.14 से तथ्यात्मक रिपोर्ट चाही गई जिन्होंने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 24.06.14 द्वारा अवगत कराया कि जाँच समिति द्वारा की गई अनुशंसा

के क्रम म. श्री शिवराज सिंह, कार्यवाहक सदर कानूनगो एवं श्री बलराम, कनिष्ठ लिपिक, जिला कलेक्टर कार्यालय, झालावाड़ के विरुद्व राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के तहत आरोप-पत्र दिये जाकर जाँच कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है।

एफ.11(209)लोआस/2014

परिवादी मथराराम पुत्र जुगताराम जाति भील निवासी गेहूं हाल-खिलजी एस.टी.डी.नेहरू बाजार बाड़मेर द्वारा यह परिवाद इस आशय का प्रस्तुत किया गया कि उसने ग्राम मौजा महाबार पीथल म. खसरा नं. 801 म. कुल रकबा 25 बीघा 13 बिस्वा म. से 13 बीघा 13 बिस्वा भूमि जरिये रजिस्ट्री बेचान दिनांक 10.03.13 को आम्बाराम पुत्र सालुराम भील से खरीदी थी। उसने बेचान के आधार पर जमाबंदी म. नाम शामिल कराने हेतु रजिस्ट्री की प्रमाणित प्रति हल्का पटवारी को दी व नामान्तकरण भरने का निवेदन किया। हल्का पटवारी ने बताया कि विक्रेता आम्बाराम के पास शेष भूमि 11 बीघा 3 बिस्वा है तथा 2 बीघा 10 बिस्वा भूमि अधिक बेचान कर दी है। नामान्तकरण नहीं भरने के कारण उसने दिनांक 27.08.2004 को रेखाराम पुत्र हेमाराम निवासी सांसियों. का ताला को पुनः भूमि का बेचान कर दिया। परिवादी द्वारा न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बाड़मेर से इस सम्बन्ध म. स्थगन प्राप्त किया गया किन्तु पटवारी व भू-अभिलेख निरीक्षक ने दूसरे फर्जी बेचान के आधार पर रेखाराम के नाम नामान्तकरण भर दिया। इसके बाद उक्त भूमि को तत्कालीन तहसीलदार ने आवासीय में परिवर्तित कर सवर्ण जाति के व्यक्तिया. को बेचान करा दिया। इस प्रकार कोर्ट स्टे होने के बावजूद भी भूमि का बेचान एवं हस्तान्तरण होता रहा। अतः फर्जीवाड़ा करने वाले एवं न्यायालय आदेश की पालना नहीं करने वाले अधिकारिया/कर्मचारिया. की जाँच कर कार्यवाही की जावे।

प्रकरण म. जिला कलेक्टर, बाड़मेर से पत्र दिनांक 11.09.14 से तथ्यात्मक रिपोर्ट चाही गई जिन्होंने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 31.03.15 द्वारा यह अवगत कराया कि जाँच म. यह पाया गया कि प्रकरण म. खातेदारी म. अंकित भूमि से अधिक भूमि का बेचान कर दिया गया है जिसका अभिलेख म. अमलदरामद न होने की वजह से वाद न्यायालय म. प्रस्तुत किया गया। विक्रेता खातेदार ने इसका फायदा उठाते हुए भूमि को बार-बार कई व्यक्तिया. को बेचान कर दिया व भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ रूपान्तरित करवा लिया। इस अनियमित कार्यवाही म. लोक सेवका. का भी सहयोग रहा। स्थगन आदेश के बावजूद भी भूमि का सम्परिवर्तन एवं हस्तान्तरण किये जाने के सम्बन्ध म. श्री गोरधन सिंह भाटी, तत्कालीन तहसीलदार, बाड़मेर, श्री कंवर राज सिंह, तत्कालीन पटवारी, महाबार तथा श्री श्रीपाल, पटवारी को दोषी पाया गया है। इनमें से श्री गोरधन सिंह भाटी की मृत्यु होने तथा श्री कंवर राज सिंह के सेवानिवृत्त होने के कारण उनके विरूद्ध कार्यवाही किया जाना संभव नहीं है। दोषी लोक सेवक श्री श्रीपाल, पटवारी, हल्का महाबार के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ की जाकर आरोप पत्रादि जारी किये जा चुके हैं।

एफ.11(274)लोआस/2014

परिवादी श्री विजय कुमार पुत्र श्री किशन लाल जाति सैनी निवासी काली मोरी हीरा बास, जिला अलवर ने यह परिवाद दिनांक 05.09.14 को इस आशय का प्रस्तुत किया कि श्री मनीष मीणा, पटवारी, हल्का देवखेड़ा, अलवर द्वारा श्रीमती मन्नी के स्वर्गवास के बाद वारिसान की जाँच किये बिना ही विरासत का इन्तकाल दर्ज कर दिया गया था जिसके विरूद्ध उसने उपखण्ड अधिकारी, अलवर के न्यायालय म. वाद दर्ज कर स्थगन आदेश प्राप्त कर लिया था। स्थगन के बावजूद भी भूमि की रजिस्ट्री

कर दी गई है। परिवादी ने उक्त रजिस्ट्री को निरस्त कराकर श्री मनीष मीणा के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करवाने का निवेदन किया।

प्रकरण म. जिला कलेक्टर, अलवर से पत्र दिनांक 02.10.14 से तथ्यात्मक रिपोर्ट मंगवाई गई जिन्होंने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 22.01.15 द्वारा अवगत कराया कि प्रकरण म. श्री मनीष मीणा, पटवारी द्वारा प्रश्नगत भूमि खसरा नं. 21/1.40 पर तत्काल स्थगन का पेन्सिली नोट नहीं लगाया गया तथा न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, अलवर के स्थगन आदेश प्रभावी होने के बाद भी विक्रय के नामान्तकरण दर्ज कर दिये गये जो कि नियम विरूद्ध है तथा यह पटवारी की बदनियती को दर्शाता है। अतः उक्त श्री मनीष मीणा, पटवारी, हल्का देवखेड़ा, अलवर के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। जिला कलेक्टर, अलवर ने अपने पत्र दिनांक 22.05.15 द्वारा अवगत कराया है कि उक्त पटवारी को दिनांक 15.04.15 को आरोप पत्र एवं आरोप विवरण पत्र जारी कर दिये गये हैं।

एफ.12(40)लोआस/2006

परिवादी श्री बद्रीप्रसाद पुत्र माधोलाल कुमावत निवासी ग्राम लदाना तहसील फागी, जिला जयपुर ने दिनांक 06.06.2007 को यह परिवाद प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम लदाना पँचायत मुख्यालय पर पँचायत द्वारा नाली निर्माण का कार्य करवाया गया था। इस निर्माण म. परिवादी ने 6 दिवस ही मजदूरी की थी। उस समय उसकी मजदूरी 120/- रूपये प्रतिदिन थी। उसका भुगतान 20 किलोग्राम गेहूं 4.60/- रूपये के हिसाब से तथा बाकी 28 रूपये नगद प्रतिदिन देने थे। जब परिवादी ने अपने 168/- रूपये व 120 किलोग्राम गेहूं मांगा तो श्री जुगल किशोर, पटवारी ने कहा कि उसकी मजदूरी 6 के बजाय 8 दिन की है। जब परिवादी ने 6 दिन ही कार्य किया था तो ऐसी स्थिति म. परिवादी ने मजदूरी लेने से

इन्कार कर दिया और कहा कि उसे तो केवल 6 दिन की ही मजदूरी चाहिए। परिवादी ने आरोप लगाया कि इस कारण उक्त पटवारी व सरपंच श्री जयदीप सिंह ने मिलकर काफी प्रताड़ित किया। परिवादी ने उक्त पटवारी एवं सरपंच के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने व उसे 6 दिन की मजदूरी दिलाये जाने की प्रार्थना की।

परिवाद इस सचिवालय म. प्रस्तुत होने पर इस सचिवालय के पत्र दिनांक 25.8.07 के साथ परिवाद की प्रति जिला कलेक्टर, जयपुर को प्रेषित कर तथ्यात्मक प्रतिवेदन तलब किया गया। जिला कलेक्टर, जयपुर ने अपने पत्र दिनांक 08.01.2008 के द्वारा यह अवगत कराया है कि शिकायतकर्त्ता को राहत कार्यो के पेटे 114 किलोग्राम गेहूँ और नकद 176.40 रूपये का भुगतान दर्ज है। शिकायतकर्ता को भुगतान लेने हेतु तहसीलदार, फागी द्वारा लिखा गया किन्तु श्री कुमावत ने भुगतान लेने से मना कर दिया। कार्य अनुसार मैजरमेंट किया जाकर भुगतान पारित किया गया। इस पर परिवादी से पत्र दिनांक 12.02.2008 से आपत्तियां मांगी गई जो उसके द्वारा नहीं दिये जाने पर यह परिवाद दिनांक 09.05.2008 को नस्तीबद्ध किया गया। परिवादी ने दिनांक 02.04.13 को पुनः पत्र लिखकर अपनी उक्त मजदूरी का भुगतान दिलाये जाने की प्रार्थना की जिस पर उसे इस सचिवालय के पत्र दिनांक 13.05.13 के साथ जिला कलेक्टर, जयपुर की रिपोर्ट दिनांक 08.01.2008 आदि प्रेषित कर पुनः कोई आपत्तियां हो तो प्रस्तुत करने हेतु लिखा गया। आयुक्त, नरेगा, ग्रामीण विकास विभाग, जयपुर एवं जिला कलेक्टर, जयपुर को पत्र दिनांक 17.06.13 भिजवाया जाकर पुनः तथ्यात्मक प्रतिवेदन मँगवाया गया।

इस अनुक्रम म. जिला कलेक्टर, जयपुर ने अपने पत्र दिनांक 29.12.14 एवं उपखण्ड अधिकारी, फागी जिला जयपुर ने अपने पत्र दिनांक 20.01.15 द्वारा अवगत कराया कि श्री जुगल किशोर शेखावत, तत्कालीन पटवारी हल्का लदाना हाल भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त हरसूलिया एवं श्री कालूराम चौधरी, तत्कालीन ग्राम सेवक व पदेन सचिव, ग्राम पंचायत,

लदाना, पंचायत समिति, फागी को दिनांक 24.12.14 को राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के तहत् आरोप पत्र जारी कर विभागीय जाँच प्रारम्भ कर दी गई है तथा श्री नवरतन पुत्र लालचन्द कुमावत, तत्कालीन मेट, निवासी लदाना के विरूद्ध पुलिस थाना, फागी म. विकास अधिकारी पँचायत समिति, फागी द्वारा परिवादी की 6 हाजिरी के बजाय 8 हाजिरी दर्ज करने के सम्बन्ध म. प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 33 दिनांक 19.01.15 द्वारा दर्ज करवा दी गई है। यह भी सूचित किया गया कि परिवादी को उक्त आरोप पत्रा. की प्रतियां दिलाई जाकर भुगतान राशि लेने हेतु पटवारी को भेजा गया जिस पर उसने यह लिखकर भुगतान प्राप्त करने से इन्कार कर दिया कि वह जाँच हो जाने के बाद ही भुगतान प्राप्त करेगा।

चूँकि विभागीय कार्यवाही म. समय लगना स्वाभाविक है, अतः इस प्रकरण म. दोषी पाये गये कार्मिका. के विरुद्व अनुशासनात्मक कार्यवाही की त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट जिला कलेक्टर, जयपुर से लिया जाना तय कर इस परिवाद को दिनांक 04.02.15 को इस सचिवालय म. नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.12(27)लोआस/2011

परिवादी श्री शिवलाल डांगी, निवासी-सतखण्डा, तहसील निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़ द्वारा यह परिवाद दिनांक 19.05.11 को इस सन्दर्भ म. पेश किया गया कि चरनोट भूमि आराजी संख्या 920 म. 3 से 5 फीट तक के गड्डे खोद कर बेशकीमती लाखा. ट्रिप मिट्टी अवैध रूप से खनन करवायी जा रही है, 20 से 25 बीघा भूमि पर कोयले की चूरी डालकर भूमि को बंजर किया जा रहा है, सरपंच द्वारा करोड़ा. की भूमि अवैध रूप से कोड़िया. के भाव म. ठेके पर दी जा रही है व ग्राम पंचायत को लाखा. के राजस्व की हानि पहुँचायी जा रही है।

इस सचिवालय द्वारा परिवाद के सन्दर्भ म. कार्यवाही कर तथ्यात्मक रिपोर्ट हेतु जिला कलेक्टर, चित्तौड़गढ़ को पत्र दिनांक 19.07.11 प्रेषित किया गया एवं इसके बाद सचिवालय द्वारा निरन्तर कार्यवाही किये जाने पर जिला कलेक्टर, चित्तौड़गढ़ से प्राप्त तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 07.11.13, 18.12.14 एवं 11.3.15 द्वारा अवगत करवाया कि ग्राम सतखण्डा की आ.सं.920/1565 रकबा 20 बीघा आबादी भूमि का आवंटन वर्ष 2001-02 म. हुआ था। श्री रतनलाल सोनी, तत्कालीन पटवारी, हल्का सतखण्डा द्वारा भू-अभिलेख निरीक्षक व तहसीलदार से पुख्ता तरमीम के आदेश प्राप्त करने चाहिए थे किन्तु उसके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई जिसके कारण खनन प्रयोजनार्थ अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी हो गया। अतः लोक सेवक श्री रतनलाल सोनी, तत्कालीन पटवारी, हल्का सतखण्डा तहसील निम्बाहेड़ा हाल ऑफिस कानूनगो, तहसील कार्यालय, भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़ को दिनांक 12.02.15 को राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अधीन आरोप-पत्र जारी किया जाकर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है। प्रकरण अभी सचिवालय स्तर पर विचाराधीन है।

एफ.12(31)लोआस/2011

परिवादी श्री शंकर सिंह पुत्र श्री अमर सिंह निवासी गोविन्दपुरा, तहसील पिड़ावा ने दिनांक 01.06.11 को इस सचिवालय म. परिवाद प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि पँचायत समिति, पिड़ावा की ग्राम पँचायत, गोविन्दपुरा म. लाखा. रुपये के किये गये भ्रष्टाचार म. श्री सौदान सिंह, पूर्व सरपंच को दोषी पाये जाने पर भी आदिनांक तक कोई भी कार्यवाही विभाग द्वारा नहीं की गई है। परिवादी ने इसकी जाँच करवाकर नियमानुसार कार्यवाही करवाने का निवेदन किया है।

चूँकि सरपंच इस सचिवालय के क्षेत्राधिकार म. नहीं आते हैं, अतः इस परिवाद को नस्तीबद्ध कर इसकी एक प्रति इस सचिवालय के पत्र दिनांक

04.08.11 द्वारा जिला कलेक्टर, झालावाड़ को नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु प्रेषित की गई थी। इस पर जिला कलेक्टर, झालावाड़ ने अपने पत्र दिनांक 20.12.11 के द्वारा यह अवगत कराया कि ग्राम पंचायत, गोविन्दपुरा म. वर्ष 2007-09 के दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना के तहत स्वीकृत कार्यो के सम्पादन म. अनियमितताएँ पाये जाने पर सम्बन्धित श्री सौदान सिंह एवं श्री राजीव सिंह हाड़ा, तत्कालीन सरपंच, श्री भैंरूलाल मीणा, वरिष्ठ तकनीकी सहायक एवं श्री निशान्त यादव, कनिष्ठ तकनीकी सहायक के विरुद्ध राशि रूपये 4,44,717/- रुपये की वसूली करने हेतु विकास अधिकारी को निर्देशित कर दिया गया है।

इस पर जिला कलेक्टर, झालावाड़ को पत्र दिनांक 03.02.12 भिजवाया जाकर विकास अधिकारी द्वारा राशि रुपये 4,44,717/- की वसूली करने एवं दोषी लोक सेवका. के विरुद्ध की जा रही अनुशासनात्मक कार्यवाही की प्रगति रिपोर्ट मंगवाई गई। इस पर पत्र दिनांक 29.05.14 द्वारा अवगत करवाया गया कि श्री निशान्त यादव, तत्कालीन वरिष्ठ तकनीकी सहायक को आदेश दिनांक 15.5.14 द्वारा संविदा सेवा से पृथक कर दिया गया है। श्री भैंरूलाल मीणा, तत्कालीन कनिष्ठ तकनीकी सहायक, पंचायत समिति, पिडावा, मुख्यालय सुनेल, जिला झालावाड़ हाल कनिष्ठ अभियन्ता, सुनेल सार्वजनिक निर्माण विभाग, झालावाड़ के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अन्तर्गत कार्यवाही करने हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग को दिनांक 13.05.14 को लिखा जा चुका है। प्रकरण म. वर्तमान म. उक्त राशि रुपये 4,44,717/- की वसूली तथा अनुशासनात्मक कार्यवाही की प्रगति रिपोर्ट मांगी जा रही है।

एफ.12(45)लोआस/2011

परिवादी श्री मफाराम पुत्र हिमताराम, जाति मेघवाल, निवासी माण्डवला, जिला जालौर ने दिनांक 14.07.14 को परिवाद प्रस्तुत कर यह निवेदन

किया कि ग्राम पंचायत, माण्डवला, पंचायत समिति, सायला, जिला जालोर द्वारा वर्ष 2008 व 2009 म. मनरेगा के अधीन स्वीकृत कार्य पूर्ण नहीं करवाकर इस सम्बन्ध म. स्वीकृत बजट की राशि गलत व फर्जी तौर से उठाते हुए सरकारी राशि का दुरूपयोग किया। इस सम्बन्ध म. दो वार्ड पंच ग्राम पंचायत मुख्यालय पर धरने पर भी बैठे लेकिन विकास अधिकारी ने मौखिक आश्वासन देकर उन्हें उठा दिया तथा इस सम्बन्ध म. जिला कलेक्टर के यहाँ 7-8 बार प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत करने पर भी आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई और न ही कोई कार्य प्रारम्भ किया गया है।

इस परिवाद पर शासन सचिव एवं आयुक्त, पंचायती राज विभाग, राजस्थान, जयपुर से पत्र दिनांक 05.10.11 द्वारा तथ्यात्मक प्रतिवेदन तलब किया गया जिस पर उन्होंने अपने पत्र दिनांक 25.10.11, दिनांक 31.07.12 एवं अन्य अंतरिम उत्तरा. के बाद पत्र दिनांक 13.10.14 द्वारा अवगत कराया कि प्रकरण की जाँच करने पर पाया गया कि ग्राम पंचायत, माण्डवला म. नरेगा के वर्ष 2008 व 2009 म. स्वीकृति कार्य आदिनांक पूर्ण नहीं करवाये गये, कार्य हेतु जारी बजट की राशि पंचायत द्वारा गलत व फर्जी तथ्य बताकर उठाई जाकर दुर्विियोजन किया गया, ग्राम पंचायत के रास्ते म. छीणा. के टुकड़े पिछले डेढ़ वर्ष से डाले हुए हैं किन्तु पंचायत द्वारा इस कार्य के प्रति उदासीनता बरती जा रही है। इस सम्बन्ध म. दोषी पाये गये लोक सेवक श्री बहादुर सिंह, ग्राम सेवक, ग्राम पंचायत, माण्डवला के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अन्तर्गत आरोप पत्र जारी किये जाकर विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है तथा जाँच अधिकारी की नियुक्ति की जा चुकी है। श्री वल्लभचंद जैन, तत्कालीन सरपंच, ग्राम पंचायत, माण्डवला के विरूद्ध की गई जाँच म. आरोप प्रमाणित पाये जाने पर आदेश दिनांक 21.02.14 द्वारा राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 38 व 39 म. वर्णित प्रावधाना. के

अन्तर्गत आगामी पांच वर्षों म. होने वाले पंचायती राज संस्थाआ. के किसी भी चुनाव को लड़ने हेतु अपात्र घोषित कर दिया गया है।

इस प्रकार इस सचिवालय स्तर पर वाँछित कार्यवाही सम्पन्न हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 29.01.15 को अस्थायी रूप से नस्तीबद्ध किया जाकर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, जालौर से आरोपी लोकसेवक के विरूद्ध लम्बित अनुशासनिक जाँच कार्यवाही की प्रगति रिपोर्ट त्रैमासिक रूप से मँगवाई जा रही है।

एफ.12(75)लोआस/2011

परिवादी श्री रामचरन, निवासी जारगा, तहसील बसेड़ी, जिला धौलपुर द्वारा यह परिवाद दिनांक 08.09.11 को इस सन्दर्भ म. पेश किया गया कि परिवादी वर्ष 1997 की बी.पी.एल. सूची म. चयनित है। सरपंच, सचिव, विकास अधिकारी व अन्य लोक सेवकगण द्वारा फर्जी एस.बी.पी.एल. व्यक्तिया. से साजिश कर उसके स्थान पर अपात्र व्यक्तिया. के राशनकार्ड बनाकर 2010 से अवैधानिक तरीके से राशन सामग्री उपलब्ध करायी जा रही है। परिवादी द्वारा दोषी लोक सेवकगण के विरूद्ध कार्यवाही करने व उसका नाम एस.बी.पी.एल. सूची म. जोड़कर उसके नाम राशनकार्ड जारी करने का निवेदन किया गया है।

इस सचिवालय द्वारा परिवाद के सन्दर्भ म. कार्यवाही कर तथ्यात्मक रिपोर्ट हेतु शासन सचिव एवं आयुक्त, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, राजस्थान, जयपुर को पत्र दिनांक 11.10.11 प्रेषित किया गया एवं इसके बाद सचिवालय द्वारा निरन्तर कार्यवाही किये जाने पर शासन सचिव एवं आयुक्त, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, राजस्थान, जयपुर से प्राप्त तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 10.04.12 के अनुसार ग्राम पंचायत, जारगा म. स्टेट बीपीएल सूची तैयार करने म. फर्जीवाड़ा किया गया है तथा फर्जीवाड़े के कारण पात्र लाभार्थिया. को लाभ नहीं मिल पा रहा है

जिसके लिए तत्कालीन सरपंच श्री आदिराम शर्मा एवं तत्कालीन सचिव श्री रामचरण लाल (सेवानिवृत्त) ग्राम पंचायत जारगा स्पष्टतया दोषी हैं एवं रिपोर्ट दिनांक 03.12.13 के अनुसार तत्कालीन सरपंच श्री आदिराम शर्मा व सचिव श्री रामचरण लाल के विरूद्ध थाना बसेड़ी म. एफआईआर संख्या 317/2012 दिनांक 11.09.12 को अन्तर्गत धारा 167 व 420 भारतीय दण्ड़ संहिता म. दर्ज करवायी गयी जिसकी जाँच जारी है। तत्कालीन सरपंच की मृत्यु हो चुकी है एवं रामचरन लाल सचिव सेवानिवृत्त हो चुका है। जिन पात्र अभ्यर्थिया. को लाभ नहीं मिला था, उनमें से 12 अभ्यर्थिया. की सूची जारी कर राशनकार्ड जारी करने हेतु विकास अधिकारी, पंचायत समिति बसेडी को ऑन-लाइन सूचना भेज दी गई है तथा राशनकार्ड जारी किये गये हैं व गलत राशनकार्डो को निरस्त कर दिया गया है एवं शेष रहे व्यक्तिया. के सम्बन्ध म. पात्र लाभार्थिया. को लाभ दिलाये जाने हेतु जाँच जारी है।

शासन सचिव एवं आयुक्त, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग, राजस्थान, जयपुर के पत्र दिनांक 22.05.14 के अनुसार श्री रामचरन लाल, तत्कालीन सेवानिवृत्त ग्राम सेवक एवं पदेन सचिव के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियन्त्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के तहत आरोप पत्र जारी कर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, धौलपुर के पत्र दिनांक 25.06.14 के अनुसार उक्त श्री रामचरन लाल के विरूद्ध दो वर्ष तक कोई कार्यवाही नहीं करने के लिए जिम्मेदार विकास अधिकारीगण श्री राजेश लवानियां, श्री गिर्राज किशोर वर्मा व श्रीमती नसीम खान के विरूद्ध भी अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, धौलपुर के पत्र दिनांक 04.08.14 के अनुसार श्री राजेश लवानियां द्वारा तत्कालीन सचिव श्री रामचरन लाल के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियन्त्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अधीन जारी आरोप पत्र म.

उसके जबाब को सन्तोषजनक मानते हुए क्षेत्राधिकार न होते हुए भी, उसके विरूद्ध कार्यवाही ड्रॉप करने के कारण उसके विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियन्त्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के अधीन एवं पत्र दिनांक 16.02.15 के अनुसार श्रीमती नसीम खान व श्री गिर्राज किशोर वर्मा द्वारा रामचरनलाल के विरूद्ध की जा रही राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अन्तर्गत जारी आरोप पत्र म. कोई कार्यवाही नहीं करने के कारण, उनके विरूद्ध भी राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियन्त्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के अन्तर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा निरन्तर कार्यवाही किये जाने पर दोषी लोक सेवक श्री रामचरन लाल, तत्कालीन पदेन सचिव, ग्राम पंचायत जारगा के विरूद्ध उक्त नियमों के नियम 16 के अन्तर्गत व विकास अधिकारी श्री राजेश लवानियां, श्रीमती नसीम खान व श्री गिर्राज किशोर वर्मा के विरूद्ध नियम 17 के अन्तर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है। प्रकरण अभी सचिवालय स्तर पर विचाराधीन है।

एफ.12(97)लोआस/2011

परिवादी श्री नेनूराम कुमावत, निवासी सेलागुढा, तहसील आमेट, जिला राजसमन्द द्वारा यह परिवाद ग्राम पंचायत सेलागुडा, पंचायत समिति आमेट जिला राजसमन्द के पूर्व सरपंच रामचन्द्र कुमावत एवं तत्कालीन सचिव रामसिंह द्वारा अन्य कर्मचारिया. के साथ मिलकर फर्जी मेटेरियल सप्लायर्स यानि ठेकेदारा. से मिलकर फर्जी चैक उठाने या हस्ताक्षर करने, बकरिया, बिस्तरों, बर्तना. आदि म. भ्रष्टाचार एवं नरेगा म. फर्जी मेट मिस्त्री बनाने के सन्दर्भ म. दिनांक 10.09.12 को पेश किया गया। इस सम्बन्ध म. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, राजसमन्द द्वारा भी इस सम्बन्ध

म. जाँच होने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गयी एवं एफ.आई. आर. तक दर्ज नहीं करायी गयी है।

इस सचिवालय द्वारा परिवाद के सन्दर्भ म. कार्यवाही कर तथ्यात्मक रिपोर्ट हेतु सम्भागीय आयुक्त, उदयपुर को पत्र दिनांक 21.12.13 प्रेषित किया गया एवं इसके बाद मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, राजसमन्द को पत्र दिनांक 18.02.14 प्रेषित किया गया तथा सचिवालय द्वारा निरन्तर कार्यवाही किये जाने पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, झालावाड़ से प्राप्त तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 10.06.14 के अनुसार मूल्यांकन से अधिक व्यय राशि रूपये 72,372/-, गबन योग्य राशि रूपये 9250/- बिना मूल्यांकन के भुगतान की गयी राशि रूपये 1,62,163/- कुल वसूली योग्य राशि रूपये 2,43,785/- पायी गयी। इसके अतिरिक्त एमबी म. उपलब्ध नाप से मौके पर नाप कम पाया गया जो रूपये 1,19,687/- को अनियमित भुगतान मानते हुए, वसूली की सिफारिश की गयी। सार्वजनिक कुई से देवनारायण मंदिर तक सीसी सड़क कार्य पर रूपये 44,600/- अधिक व्यय किए गए। इस प्रकार कुल रूपये 4,08,072/- की राशि तत्कालीन सरपंच/सचिव से वसूल करने की अनुशंषा की गयी है।

विकास अधिकारी, पंचायत समिति आमेट के पत्र दिनांक 07.01.15 के अनुसार श्री रामचन्द्र कुमावत, तत्कालीन सरपंच से रूपये 2,41,036/- की राशि एवं पत्र दिनांक 15.12.14 के अनुसार इस प्रकरण म. श्री रामसिंह तत्कालीन ग्राम सेवक व पदेन सचिव से रूपये 2,04,036/- की राशि वसूल कर ली गयी है। सम्भागीय आयुक्त, उदयपुर के पत्र दिनांक 13.5.15 के अनुसार तत्कालीन सरपंच श्री रामचन्द्र कुमावत एवं सचिव श्री रामसिंह से पूरी राशि वसूल हो जाने से वसूली प्रकरण समाप्त किया गया है।

इसके अतिरिक्त श्री रामसिंह तत्कालीन पदेन सचिव व ग्राम सेवक, ग्राम पंचायत, सेलागुड़ा के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अधीन कार्यवाही की गयी तथा श्री रामचन्द्र, तत्कालीन सरपंच के विरूद्ध राजस्थान पंचायती राज अधिनियम की धारा 38 म. कार्यवाही करने हेतु आरोप-पत्र एवं आरोप विवरण पत्र भिजवाए गए।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा निरन्तर कार्यवाही किये जाने पर दोषी लोक-सेवक श्री रामचन्द्र कुमावत, सरपंच से इस प्रकरण म. रूपये 2,41,036/- की गबन व अधिक/अनियमित भुगतान की राशि वसूल की गयी है तथा उसके विरूद्ध राजस्थान पंचायती राज अधिनियम की धारा 38 के अधीन कार्यवाही की जा रही है एवं श्री रामसिंह तत्कालीन पदेन सचिव एवं ग्राम सेवक से इस प्रकरण म. रूपये 2,04,036/- की गबन व अधिक/अनियमित भुगतान की राशि वसूल की गयी है एवं उसके विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अन्तर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही की गयी है। प्रकरण अभी सचिवालय स्तर पर विचाराधीन है।

एफ.12(142)लोआस/2011

परिवादी श्री श्रवण व अन्य, निवासीगण ढाणी चनेजा की तन आगर, तहसील थानागाजी, जिला अलवर द्वारा यह परिवाद दिनांक 21.12.11 को इस सन्दर्भ म. पेश किया गया कि ग्राम पंचायत आगर पंचायत समिति थानागाजी, जिला अलवर के सरपंच द्वारा नरेगा योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो को जे.सी.बी. से कराया गया है जो नरेगा नियमा. के विरूद्ध है तथा सरपंच ने गलत ढंग से सरकारी राशि का दुरूपयोग कर राशि हड़प ली है। इसके अतिरिक्त सरपंच द्वारा ग्राम पंचायत आगर म. बनवायी गयी टंकिया. म. घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया व टंकिया. पर छत नहीं डाली गयी। ग्रेवल सड़क निर्माण कार्य म. सरपंच

द्वारा कार्य शुरू होने से पहले ही मस्टररोल जारी करवा कर भुगतान उठा लिया गया है। ग्राम पंचायत आगर म. महिला सरपंच है जिसके पुत्र दीपानन्द रोजगार सहायक से मिलकर मस्टररोल पर अपनी माता के हस्ताक्षर कर उनका भुगतान उठा लेता है। जेहाडिया. म. पिचिंग व साईड दीवार के कार्य म. माल मेटेरियल आदि कार्य बिना टेण्डर सरपंच और ग्राम रोजगार सहायक व दीपानन्द द्वारा मिलकर करवाए जा रहे हैं।

इस सचिवालय द्वारा परिवाद के सन्दर्भ म. कार्यवाही कर तथ्यात्मक रिपोर्ट हेतु शासन सचिव एवं आयुक्त, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग, राजस्थान, जयपुर को पत्र दिनांक 12.01.12 प्रेषित किया गया एवं इसके बाद सचिवालय द्वारा निरन्तर कार्यवाही किये जाने पर सम्भागीय आयुक्त, जयपुर से प्राप्त तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 10.02.14 के अनुसार श्रीमती ललिता शर्मा, सरपंच ग्राम पंचायत आगर, पंचायत समिति थानागाजी, जिला अलवर को दोषी पाया गया है। सरपंच के साथ साथ अन्य दोषी लोक सेवकगण के नाम व पदनाम की जानकारी अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रथम, अलवर से प्राप्त की जा रही है एवं उनके पत्र दिनांक 11.06.14 के अनुसार श्रीमती ललिता शर्मा, सरपंच को पद से निलम्बित कर दिया गया है।

शासन सचिव एवं आयुक्त, पंचायती राज विभाग, राजस्थान, जयपुर के पत्र दिनांक 23.07.14 के अनुसार श्री के.के.जैमन, तत्कालीन विकास अधिकारी, पंचायत समिति, थानागाजी, जिला अलवर के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए आरोप-पत्र व आरोप विवरण जारी किये गये हैं। सम्भागीय आयुक्त, जयपुर के पत्र दिनांक 22.08.14 के अनुसार श्रीमती ललिता शर्मा, (निलम्बित) सरपंच ग्राम पंचायत आगर पंचायत समिति थानागाजी, जिला अलवर को सरपंच पद से अयोग्य घोषित करने हेतु पत्र दिनांक 22.08.14 द्वारा पंचायती राज विभाग म. अनुशंषा प्रेषित की गयी है।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा निरन्तर कार्यवाही किये जाने पर दोषी लोक सेवक श्रीमती ललिता शर्मा, सरपंच को निलम्बित किया जाकर उसे अयोग्य घोषित करने हेतु लिखा गया है एवं श्री के.के.जैमन तत्कालीन विकास अधिकारी के विरूद्ध उक्त नियमों के नियम 17 के अन्तर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही की गयी है। प्रकरण अभी सचिवालय स्तर पर विचाराधीन है।

एफ.12(144)लोआस/2011

परिवादी श्री जगदीश चन्द्र गुप्ता, निवासी महाजन टैन्ट हाऊस, छत्री चौक, सुनेल, जिला झालावाड़ द्वारा यह परिवाद दिनांक 21.12.11 को इस सन्दर्भ म. पेश किया गया कि पंचायत समिति सुनेल द्वारा टेंट, कुर्सियां, माईक आदि की निविदा दिनांक 25.03.11 को आमंत्रित की गयी जो परिवादी के नाम से खोली गई एवं जिसके लिए परिवादी द्वारा जरिए रसीद संख्या 194/028 दिनांक 25.03.11 से अमानत राशि रूपये 1000/- जमा करा दी गयी एवं परिवादी द्वारा दी गयी सामाना. की दरें समस्त निविदा शर्तो के साथ स्वीकार की गयी। परिवादी को किए गए कार्य का तीन बार उसी दर के आधार पर भुगतान भी किया गया लेकिन पंचायत समिति, सुनेल म. माननीय मंत्री महोदय के दौरे के समय बीपीएल आवास योजना के उद्घाटन के दिन मंगाए गए सामाना. के बिला. कुल रूपये 46,657/-रू का भुगतान नहीं किया जा रहा है। भुगतान की एवज म. 40 प्रतिशत राशि रिश्वत के रूप म. मांगी जा रही है। रिश्वत राशि नहीं देने पर विकास अधिकारी द्वारा बिला. म. काट-छांट कर दो चैका. द्वारा कुल रूपये 32,447/- की राशि भिजवायी गयी जिसे परिवादी द्वारा लेने से इन्कार कर दिया गया। परिवादी द्वारा बिला. का भुगतान करवाने व विकास अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने की प्रार्थना की गयी है।

इस सचिवालय द्वारा परिवाद के सन्दर्भ म. कार्यवाही कर तथ्यात्मक रिपोर्ट हेतु शासन सचिव एवं आयुक्त, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग, राजस्थान, जयपुर को पत्र दिनांक 27.02.12 प्रेषित किया गया एवं इसके बाद सचिवालय द्वारा निरन्तर कार्यवाही किये जाने पर शासन सचिव एवं आयुक्त, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग, राजस्थान, जयपुर से प्राप्त तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 14.11.13 के अनुसार प्रकरण म. लेखाधिकारी, जिला परिषद्, झालावाड़ से जाँच कराने पर, उनके द्वारा श्री कन्हैयालाल रैगर विकास अधिकारी एवं जुगल किशोर पाटीदार, लेखाकार पंचायत समिति, सुनेल को अधिक भुगतान के लिए दोषी माना गया है जिनके विरूद्ध सामान्य वित्तीय लेखा नियम के पार्ट 1 रूल्स 20 एवं 22(1) परिशिष्ट 3 के अनुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही करने एवं अधिक भुगतान की गयी राशि वसूल कर राजकोष म. जमा करवाने हेतु लिखा गया है। तत्कालीन विकास अधिकारी एवं लेखाकार के विरूद्ध नोटिस जारी कर दिए गए हैं एवं परिवादी की फर्म को चैक संख्या 302872 दिनांक 27.01.14 राशि 30,702/- एवं चैक संख्या 315344 दिनांक 27.01.14 राशि 2670/- का भुगतान कर दिया गया है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, झालावाड़ के पत्र दिनांक 22.07.14 एवं शासन सचिव एवं आयुक्त, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग, राजस्थान, जयपुर के पत्र दिनांक 05.11.14 के अनुसार श्री कन्हैयालाल रैगर तत्कालीन विकास अधिकारी एवं श्री जुगल किशोर पाटीदार, लेखाकार, पंचायत समिति, सुनेल के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ कर ज्ञापन जारी कर दिये गये हैं।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा निरन्तर कार्यवाही किये जाने पर दोषी लोक सेवक श्री कन्हैयालाल रैगर, तत्कालीन विकास अधिकारी एवं श्री जुगल किशोर पाटीदार, तत्कालीन लेखाकार, ग्राम पंचायत सुनेल, जिला झालावाड़ के विरूद्ध उक्त नियमों के नियम 17 के अन्तर्गत

अनुशासनात्मक कार्यवाही की गयी है। प्रकरण अभी सचिवालय स्तर पर विचाराधीन है।

एफ.12(123)लोआस/2012

परिवादी श्री महेन्द्र कुमार जोशी व अन्य निवासी मुकाम पोस्ट रोहिड़ा बस स्टेण्ड, तहसील पिण्डवाड़ा, जिला सिरोही ने दिनांक 26.10.12 को प्रस्तुत परिवाद म. ग्राम पंचायत, रोहिड़ा द्वारा मनरेगा कार्यो म. हुए भ्रष्टाचार, रिकॉर्ड म. की गई हेरा-फेरी एवं कूटरचित दस्तावेजा. के आधार पर किये गये गबन की जाँच करवाने की प्रार्थना की है।

इस परिवाद के सम्बन्ध म. निदेशक, पंचायती राज विभाग, राजस्थान, जयपुर से पत्र दिनांक 07.05.13 द्वारा तथ्यात्मक प्रतिवेदन आहूत किया गया तथा इस सचिवालय द्वारा निरन्तर कार्यवाही किये जाने पर शासन सचिव एवं आयुक्त, पंचायती राज विभाग, राजस्थान, जयपुर ने अपने पत्र दिनांक 13.09.13 से यह अवगत कराया कि सम्बन्धित ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण कार्यो म. मूल्यांकन से रूपये 2,31,000/- अधिक व्यय करना एवं दो मस्टररोल म. रूपये 4,888/- का दोहरा भुगतान करना पाया गया है जिस हेतु ग्राम पंचायत, रोहिड़ा की पूर्व सरपंच, श्रीमती गंगा देवी, वर्तमान सरपंच, श्री राजेन्द्र कुमार रोहिन एवं ग्राम सेवक, श्री जसवन्त सिंह को उत्तरदायी ठहराया गया है। तत्पश्चात् सचिवालय स्तर पर अग्रिम कार्यवाही करने पर ग्राम पंचायत, रोहिड़ा, तहसील पिण्डवाड़ा, जिला सिरोही के ग्राम सेवक श्री जसवन्त सिंह के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियन्त्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अधीन कार्यवाही प्रारम्भ कर उसकी एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई जब कि दोषी सरपंच श्री राजेन्द्र कुमार रोहिन को पद से हटाकर, उसे व पूर्व सरपंच, श्रीमती गंगा देवी को आगामी पाँच वर्षो म. पंचायती राज संस्थाआ. के होने वाले किसी भी चुनाव को लड़ने से अपात्र घोषित किया गया। साथ ही प्रकरण म. अधिक व्यय की गई

राशि को आरोपीगण ग्राम सेवक श्री जसवन्त सिंह, पूर्व सरपंच श्रीमती गंगा देवी व वर्तमान सरपंच श्री राजेन्द्र रोहिन से क्रमशः रूपये 78,629/-, रूपये 78,629/- व रूपये 78,628/- (कुल रूपये 2,35,887/-) वसूल कर पंचायत कोष म. जमा किये गये।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही किये जाने के बाद परिवादी को वाँछित अनुतोष प्राप्त हो जाने से यह परिवाद इस सचिवालय स्तर पर दिनांक 29.01.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.12(12)लोआस/2013

परिवादी श्री असलम खान, वार्ड पंच, ग्राम पंचायत, बिलोंद व अन्य द्वारा यह परिवाद इस सन्दर्भ म. पेश किया गया है कि ग्राम पंचायत विलोंद के सरपंच द्वारा मार्च 2010 से मार्च 2013 तक स्वीकृत हुए विकास कार्यो को पूरा नहीं किया गया है। सरकार द्वारा जनहित म. चलाई जा रही योजनाआ. के फर्जी मस्ट्रोल को भरकर पैसा. का गबन किया जा रहा है जिसमें सरपंच और तत्कालीन सचिवा. के साथ पंचायत समिति कामां के सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी भी सम्मिलित हैं।

इस सचिवालय द्वारा परिवाद के सन्दर्भ म. कार्यवाही कर तथ्यात्मक रिपोर्ट हेतु सम्भागीय आयुक्त, भरतपुर को पत्र दिनांक 24.10.13 प्रेषित किया गया एवं सचिवालय द्वारा निरन्तर कार्यवाही किये जाने पर सम्भागीय आयुक्त, भरतपुर से प्राप्त तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 23.04.13 के अनुसार सरपंच व सचिव को परिवाद के मद संख्या 7 में गांव वाला. से 2-2 हजार रूपए लेकर निजी मकाना. के अन्दर लगवाए गए, मद संख्या 10 में इन्दिरा आवास योजना व मुख्य मंत्री बीपीएल आवास योजना एवं अन्य स्कीमा. म. करीब 100 मकान स्वीकृत हुए जिनमें सरपंच द्वारा 10,000/- तो मकान बनाने वाला. से एवं जिनके द्वारा मकान नहीं बनाए गए, उनसे 15,000/- लिए गए तथा मद संख्या 11 में जिन चयनित परिवार वाला.

ने सरपंच को 10,000/- नहीं दिये तो उनके सन् 2010 म. सरकार द्वारा कराये गये सर्वे सूची के क्रमानुसार पहले नम्बर होने पर भी उनसे पंजाब नेशनल बैंक म. खाता खुलवाने आदि सभी प्रक्रिया पूरी कराने के बाद भी उनका भुगतान आज तक नहीं होने दिया, बाबत् लगाये गये आरोपों इसके लिए आंशिक रूप से दोषी होना पाया गया एवं दोषी लोक सेवकगण के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु लिखा गया है।

सम्भागीय आयुक्त, भरतपुर के पत्र दिनांक 05.11.14 के अनुसार मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, भरतपुर द्वारा राजस्थान पंचायती राज अधिनियम की धारा 38(ख) के अन्तर्गत श्रीमती रामकली, सरपंच, ग्राम पंचायत विलोंद, पंचायत समिति-कामां के विरूद्ध आरोप-पत्र व आरोप विवरण-पत्र तथा सम्बन्धित श्री इन्दर सिंह, सचिव व श्री संतराम, सचिव, ग्राम पंचायत, विलोंद के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियन्त्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अन्तर्गत आरोप-पत्र व आरोप विवरण-पत्र जारी कर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा निरन्तर कार्यवाही किये जाने पर दोषी लोक सेवकगण श्रीमती रामकली, सरपंच, ग्राम पंचायत बिलोंद, पंचायत समिति-कामां के विरूद्ध राजस्थान पंचायती राज अधिनियम की धारा 38(ख) के अन्तर्गत आरोप-पत्र व आरोप विवरण-पत्र तथा सम्बन्धित सचिव श्री इन्दर सिंह व श्री संतराम के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियन्त्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अन्तर्गत आरोप-पत्र व आरोप विवरण जारी कर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है। प्रकरण दिनांक 11.11.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.12(16)लोआस/2013

परिवादी श्री मोहनलाल, निवासी-मुकाम पोस्ट सींगडी, जिला-झुन्झुनूं द्वारा यह परिवाद दिनांक 02.05.13 को इस सन्दर्भ म. पेश किया गया है कि श्रीमती सुशीला देवी, प्रधान, पंचायत समिति, झुन्झुनूं एवं श्रीमती शुभिता देवी, सरपंच, ग्राम पंचायत, सींगडा द्वारा गरीब ग्रामीण जनता के लिए राज्य सरकार व केन्द्र सरकार द्वारा देय राशि का गबन व मिलीभगत से फर्जी विकास कार्य अंकित कर सरकारी धनराशि का दुरूपयोग किया गया।

इस सचिवालय द्वारा परिवाद के सन्दर्भ म. कार्यवाही कर तथ्यात्मक रिपोर्ट हेतु मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, झुन्झुनूं को पत्र दिनांक 20.10.13 प्रेषित किया गया एवं सचिवालय द्वारा निरन्तर कार्यवाही किये जाने पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, झुन्झुनूं की ओर से प्रेषित तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 26.12.13 एवं सम्भागीय आयुक्त के पत्र दिनांक 04.12.13, 15.10.13, 11.02.14 एवं 11.07.14 के अनुसार प्रकरण की जाँच म. पाया गया कि कराये गये कार्य मौका स्थिति पर कायम हैं एवं उनका सार्वजनिक उपयोग हो रहा है। कार्यो पर किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता, गबन होने के लिए सरपंच एवं अन्य दोषी नहीं हैं। मूल्यांकन से अधिक व्यय राशि की वसूली माप एवं मूल्यांकन के समय ही पंचायत कोष म. जमा करवायी जा चुकी है। कार्यो पर स्वीकृत राशि एवं मूल्यांकन से अधिक व्यय नहीं किया गया है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, झुन्झुनूं के पत्र दिनांक 25.11.14 के अनुसार श्रीमती सविता सींगडा वर्तमान सरपंच एवं पूर्व सरपंच श्री कुरड़ाराम, ग्राम पंचायत, सींगडा, पंचायत समिति, झुन्झुनूं से वसूली योग्य राशि जमा करवाने बाबत विकास अधिकारी, पंचायत समिति, झुन्झुनूं को निर्देशित किया गया है। प्रकरण म. दोषी पाये गये लोक सेवक श्री राजेश कुमार रणवां, ग्राम सेवक, ग्राम पंचायत, सींगडा के विरूद्ध राजस्थान

सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियन्त्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अधीन आरोप-पत्र जारी कर दिए गए हैं।

इस प्रकार सचिवालय स्तर की कार्यवाही सम्पन्न हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 21.01.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.12(46)लोआस/2013

परिवादी श्री ओमविष्णु निवासी सतजण्डा, पंचायत समिति, रायसिंहनगर, जिला श्रीगंगानगर द्वारा यह परिवाद दिनांक 06.05.13 को इस सन्दर्भ म. पेश किया गया है कि ग्राम पंचायत, सतजण्डा के सचिव श्री नवरतन बघेला द्वारा श्रीमती अखी देवी पत्नी गोपीराम को आर्थिक लालच के कारण गलत तरीके से इन्दिरा आवास योजना म. लाभान्वित किया गया। सचिव द्वारा अखी देवी को इन्दिरा आवास योजना के अन्तर्गत जारी भू-स्वामित्व प्रमाण-पत्र म. आहाता संख्या 75 तादादी 35 ग 40 अखीदेवी का होना बताया गया है जबकि आज दिनांक तक आहाता संख्या 75 म. कोई पक्का निर्माण नहीं है।

इस परिवाद के सम्बन्ध म. सचिवालय द्वारा कार्यवाही की जाकर शासन सचिव एवं आयुक्त, पंचायती राज विभाग, राजस्थान, जयपुर से पत्र दिनांक 15.07.13 द्वारा तथ्यात्मक प्रतिवेदन आहूत किया गया तथा इस सचिवालय द्वारा निरन्तर कार्यवाही किये जाने पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, श्रीगंगानगर द्वारा प्रेषित तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 31.12.13 के अनुसार सचिव, ग्राम पंचायत द्वारा स्वामित्त्व प्रमाण-पत्र जारी करने म. लापरवाही बरती गयी जिसके विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के अधीन कार्यवाही की जा रही है एवं रिपोर्ट दिनांक 18.12.14 के अनुसार श्री नवरतन सिंह बघेला, सचिव के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियन्त्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अधीन

आरोप-पत्र जारी किया गया तथा रिपोर्ट दिनांक 28.01.15 के अनुसार श्री नवरतन सिंह बघेला, सचिव, ग्राम पंचायत, सतजण्डा को दोषी पाए जाने पर दो वेतन वृद्धि के परिलाभ असंचयी प्रभाव से रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया गया है।

अतः परिवादी को वाँछित अनुतोष प्राप्त हो जाने से यह परिवाद इस सचिवालय स्तर पर दिनांक 23.02.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.12(60)लोआस/2013

परिवादी श्री जगदीश चन्द्र त्रिवेदी द्वारा यह परिवाद दिनांक 08.07.13 को इस सन्दर्भ म. पेश किया गया कि ग्राम गुड़ा प्रेमसिंह, पंचायत राड़ावास तहसील मारवाड़ जंक्शन, जिला पाली म. स्थित भू-खण्ड क्षेत्रफल 735 वर्गगज पट्टा क्रमांक 27/1988-89 दिनांक 01.05.1988 को रेवाशंकर पुत्र भोलाराम के नाम से जारी किया गया। श्री नारायण सिंह, पदेन सचिव, ग्राम पंचायत, धनला व श्री दीवान सिंह, पदेन सचिव, ग्राम पंचायत, राड़ावास व श्री सुरेन्द्र सिंह, सरपंच, ग्राम पंचायत, राड़ावास द्वारा अनुचित रुप से पद का दुरूपयोग कर पुनः पट्टा जारी कर दिया गया। श्री नारायण सिंह, पदेन सचिव के विरूद्ध धारा 420 व 120 बी भारतीय दण्ड संहिता में चालान प्रस्तुत किया गया है।

इस परिवाद के सम्बन्ध म. जिला कलेक्टर, पाली से पत्र दिनांक 23.07.14 से तथ्यात्मक रिपोर्ट मंगवायी गई जिन्होंने अपनी रिपोर्ट दिनांक 09.12.14 से अवगत करवाया कि गौ रक्षा समिति केशव नगर, पाली द्वारा अपने पत्र दिनांक 08.09.14 द्वारा दिनांक 30.06.14 से 15.08.14 तक की अवधि के बिल प्रस्तुत किये गये थे जिनके संदर्भ म. आदेश संख्या 4628 दिनांक 19.11.14 द्वारा रूपये 14,27,675/- का भुगतान कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को लगभग चार माह म. वाँछित अनुतोष प्राप्त हो जाने पर इस परिवाद को इस सचिवालय स्तर पर दिनांक 24.02.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.11(120)लोआस/2014

परिवादिया श्रीमती सुगणाई पत्नी भींयाराम जाट, निवासी झाक, तहसील बिलाड़ा, जिला जोधपुर ने दिनांक 27.06.14 को यह परिवाद इस सचिवालय म. प्रस्तुत कर निवेदन किया कि परिवादिया ने अप्रार्थीगण दूदाराम धर्माराम, डूंगरराम, भागूराम पिसरान भींयाराम जाति जाट, निवासी झाक, तहसील बिलाड़ा, जिला जोधपुर के विरूद्ध उपखण्ड अधिकारी, पीपाड़ शहर, जिला जोधपुर के समक्ष भरण-पोषण हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। भरण-पोषण अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी), पीपाड़ शहर ने दिनांक 24.10.11 को परिवादिया का प्रार्थना-पत्र स्वीकार कर अप्रार्थीगण को एक-एक हजार रूपये प्रत्येक माह की 7 तारीख तक प्रार्थिया के खाते म. जमा कराने के आदेश प्रदान किये थे। अप्रार्थीगण द्वारा उक्त राशि आदेशानुसार जमा नहीं कराये जाने पर उपखण्ड अधिकारी ने अप्रार्थीगण के विरूद्ध कुर्की आदेश दिनांक 10.06.14 को जारी किये थे किन्तु तहसीलदार, बिलाड़ा द्वारा उक्त आदेशा. की पालना नहीं की जा रही है। अत: अप्रार्थीगण की चल सम्पत्ति को कुर्क कर प्रार्थिया के बैंक

खाते म. 72,000 रूपये की राशि जमा कराने के आदेश तहसीलदार, बिलाड़ा को प्रदान किये जाये।

इस परिवाद की एक प्रति पत्र दिनांक 28.07.14 द्वारा जिला कलेक्टर, जोधपुर को प्रेषित की जाकर तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। जिला कलेक्टर, जोधपुर ने पत्र दिनांक 05.09.14 द्वारा अवगत करवाया कि भरण-पोषण अधिनियम के तहत परिवादिया के खाते म. दिनांक 07.08.14 को कुल रूपये 72,000/- जमा कराये जा चुके है।

इस प्रकार परिवादिया को तत्काल वाँछित अनुतोष प्राप्त हो जाने पर इस परिवाद को इस सचिवालय स्तर पर दिनांक 24.12.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.11(124)लोआस/2014

परिवादी श्री छोट्या पुत्र श्री देवा, निवासी ग्राम मालीहेड़ा, तहसील सांगोद, जिला कोटा हाल प्रेमनगर प्रथम, स्टार पब्लिक स्कूल के पास, जमनालाल मेघवाल का मकान, कोटा ने इस सचिवालय म. दिनांक 08.07.14 को यह परिवाद प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रार्थी की भूमि खसरा नं. 561 रकबा 1.76 हैक्टेयर ग्राम मालीहेड़ा पटवार क्षेत्र विनोदखुर्द, तहसील सांगोद, जिला कोटा म. स्थित है। उक्त भूमि पर अवैध रूप से छीतर बरानिया एवं भीमा पिसरान रामरतन गुर्जर निवासी मालीहेड़ा, तहसील सांगोद द्वारा कब्जा कर लिया गया। इसके सम्बन्ध म. परिवादी द्वारा कार्यवाही करने पर न्यायालय तहसीलदार, सांगोद द्वारा धारा 183बी, राजस्थान काश्तकारी अधिनियम के प्रकरण सं. 6/2012 म. दिनांक 19.06.13 को आदेश पारित कर प्रार्थी को कब्जा सुपुर्द करने के आदेश दिये गये परन्तु आदेश की पालना म. परिवादी को उसकी भूमि पर कब्जा सुपुर्द नहीं करवाया जा रहा है। अतः प्रार्थी को उसकी भूमि पर

कब्जा दिलाया जाये एवं अकर्मण्यता के लिए जिम्मेदार स्थानीय तहसीलदार कानूनगो, पटवारी आदि के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाये।

इस परिवाद के सम्बन्ध म. जिला कलेक्टर, कोटा को पत्र दिनांक 28.07.14 प्रेषित कर तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। जिला कलेक्टर, कोटा ने अपने पत्र दिनांक 22.09.14 द्वारा अवगत करवाया कि परिवादी को दिनांक 05.09.14 को उक्त आराजी खसरा नं. 561 की पैमाइश करवाई जाकर भूमि का कब्जा संभला दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को वाँछित अनुतोष लगभग एक माह की अल्प अवधि म. ही प्राप्त हो जाने पर इस परिवाद को इस सचिवालय स्तर पर दिनांक 17.03.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.11(155)लोआस/2014

परिवादी श्री जगदीश प्रसाद पुत्र श्री रेखाराम जाति जाट निवासी ग्राम शिवराना का बास, तहसील लक्ष्मणगढ़, जिला सीकर ने दिनांक 14.07.14 को यह परिवाद प्रस्तुत कर निवेदन किया कि ग्राम शिवराना का बास, तहसील लक्ष्मणगढ़, जिला सीकर का खसरा नं. 127 कटान का सार्वजनिक रास्ता है तथा उसके खेत म. जाने का एक मात्र रास्ता है। पड़ौसी खेत वाला. ने इस रास्ते को अपने खेता. म. मिलाकर खेती करना प्रारम्भ कर दिया है जिससे परिवादी को अपने खेत म. जाने म. परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अतः उक्त सार्वजनिक रास्ते को खुलवाया जावे।

इस परिवाद की एक प्रति जिला कलेक्टर, सीकर को दिनांक 14.08.14 को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु प्रेषित की गई जिसके प्रत्युत्तर म. जिला कलेक्टर सीकर ने अपने पत्र दिनांक 28.11.14 द्वारा अवगत करवाया कि ग्राम शिवराना का बास की भूमि खसरा नं.127 किस्म गैर मुमकिन रास्ता

को दिनांक 21.11.14 को परिवादी की उपस्थिति म. खुलवाया जा चुका है तथा वर्तमान म. मौके पर रास्ता चालू है। इस प्रकार परिवादी को लगभग 3 माह म. वाँछित अनुतोष प्राप्त हो जाने पर इस परिवाद को इस सचिवालय स्तर पर दिनांक 10.12.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

प्रकरण को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित कर दिये जाने पर भी विभाग द्वारा उचित कार्यवाही कर लिया जाना इस सचिवालय की महत्ता को प्रकट करता है।

एफ.11(162)लोआस/2014

परिवादी श्री लालचन्द सैनी पुत्र श्री केशरराम सैनी निवासी ढाणी ढायवाली, ग्राम लिसाड़िया, तहसील श्रीमाधोपुर, जिला सीकर ने दिनांक 14.07.14 को इस सचिवालय म. परिवाद प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि निदेशालय, संस्कृत शिक्षा, राजस्थान, जयपुर के आदेश क्रमांकः निसशि/शैक्ष-3/नवीन/क्रमोन्नति/पं.115/2011-12/-1055-376 दिनांक 12.07.11 के द्वारा राजकीय प्राथमिक संस्कृत विद्यालय, लिसाड़िया खोला गया था । उक्त विद्यालय म. 32 छात्र-छात्राएं नामांकित होकर अध्ययनरत हैं परन्तु विद्यालय के पास न तो भवन है और न ही अपनी भूमि है। भूमि आवंटन व अनापत्ति प्रमाण पत्र देने के लिए ग्राम पंचायत को कई बार प्रार्थना की जा चुकी है परन्तु राजनैतिक द्वेषभावना के कारण पंचायत न तो भूमि आवंटित कर रही है और न अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर रही है। अतः उक्त विद्यालय हेतु भवन एवं खेल मैदान हेतु निःशुल्क भूमि आवंटित करवाने की कार्यवाही शीघ्र करवाई जावे।

इस परिवाद की एक प्रति जिला कलेक्टर, सीकर को पत्र दिनांक 19.08.14 द्वारा आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की गई। जिला कलेक्टर, सीकर ने अपने पत्र दिनांक 17.10.14 द्वारा अवगत करवाया कि तहसीलदार/उपखण्ड अधिकारी, श्रीमाधोपुर की अभिशंसा के अनुसार आदेश

क्रमांकः एफ.3(87)शिसंअस/भू.आ./राजस्व/14/5389-5400 दिनांक 15.10.14 के द्वारा राजस्थान भू-राजस्व (स्कूलों, कॉलेजों, चिकित्सालया, धर्मशालाआ. एवं अन्य सार्वजनिक उपयोग के भवन निर्माणार्थ अनाधिवासित राजकीय कृषि भूमि का आवंटन) नियम, 1963 के अन्तर्गत ग्राम लिसाडिया, तहसील श्रीमाधोपुर स्थित भूमि खसरा सं. 1505 रकबा 0.62 हैक्टेयर किस्म बंजड़ 2 सिवायचक सम्पूर्ण राजकीय प्राथमिक संस्कृत विद्यालय, लिसाड़िया के भवन व खेल मैदान हेतु संस्कृत शिक्षा विभाग को निर्धारित शर्तो पर आवंटित कर दी गई है। इस प्रकार परिवादी को लगभग 2 माह की अवधि म. वाँछित अनुतोष प्राप्त हो जाने पर इस परिवाद को दिनांक 10.11.14 को अंतिम रूप से नस्तीबद्ध किया गया।

प्रकरण को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित कर दिये जाने पर विभाग द्वारा उचित कार्यवाही कर लिया जाना इस सचिवालय की महत्ता को प्रकट करता है।

एफ.11(165)लोआस/2014

परिवादिया श्रीमती विमलादेवी मीणा पत्नी श्री नाथूराम मीणा, निवासी वार्ड नं. 1 सबलपुरा पावर हाउस के सामने, सीकर हाल ताजसर खेलडोलियान, तहसील धोद जिला सीकर ने दिनांक 23.07.14 को यह परिवाद प्रस्तुत कर कथन किया उसके कब्जे, खातेदारी, अधिकार की कृषि भूमि खसरा नं. 267 क्षेत्रफल 0.70 हैक्टेयर खसरा नं. 268 क्षेत्रफल 0.69 हैक्टयेर, खसरा नं. 271 रकबा 1.16 हैक्टेयर ग्राम ताजसर खेलडोलियान पटवार हल्का श्यामपुरा तहसील व जिला सीकर पर विभिन्न लोगा. द्वारा नाजायज रूप से कब्जा कर लिया गया है जिसे नियमानुसार अतिक्रमणविहीन करवाया जाकर कब्जा परिवादिया को सुपुर्द करवाया जावे।

इस परिवाद के सम्बन्ध म. जिला कलेक्टर, सीकर को पत्र दिनांक 25.08.14 लिखा जाकर तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। इसके प्रत्युत्तर म.

जिला कलेक्टर, सीकर ने अपने पत्र दिनांक 05.11.14 द्वारा यह अवगत करवाया कि परिवादिया की उक्त कृषि भूमि के सम्बन्ध म. मुकदमा संख्या 2/2014 अन्तर्गत धारा 183बी न्यायालय तहसीलदार, धोद, जिला सीकर द्वारा दिनांक 16.09.14 को निर्णित किया गया एवं निर्णय की अनुपालना म. दिनांक 29.10.14 को परिवादिया श्रीमती विमला देवी को उक्त भूमि का कब्जा भौतिक रूप से संभला दिया गया है।

इस प्रकार परिवादिया को वाँछित अनुतोष लगभग 2 माह म. प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 05.01.15 को इस सचिवालय स्तर पर नस्तीबद्ध कर दिया गया।

एफ.11(175)लोआस/2014

परिवादी श्री हमीद मोहम्मद आत्मज ख्वाजू खां, ग्राम देहित, तहसील तालेड़ा, जिला बून्दी जरिये पुत्र रफीक मोहम्मद ने दिनांक 18.07.14 को यह परिवाद प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि उसको दिनांक 23.06.1986 को मि.स.607/86 से ग्राम देहित, तहसील तालेड़ा, जिला बून्दी की आराजी खसरा संख्या 1835 रकबा 4 बीघा भूमि आवंटित हुई थी। आवंटित भूमि म. से रकबा 0.17 बीघा भूमि पर रेलवे द्वारा नर्सरी लगा देने से प्रार्थी को दिनांक 22.07.1986 को रकबा 3.03 बीघा भूमि पर ही कब्जा दिया गया था जिस पर वह आज दिनांक तक निरन्तर काबिज होकर काश्त करता चला आ रहा है किन्तु वह आज भी गैर खातेदार के रूप म. दर्ज है। चूंकि आवंटन को लम्बा समय हो गया है तथा प्रार्थी द्वारा समय-समय पर सभी तरह की फीस आदि जमा की जाती रही है। अतः उसे उक्त आवंटित भूमि का खातेदारी अधिकार दिलवाया जाये।

इस परिवाद की एक प्रति जिला कलेक्टर, बून्दी को पत्र दिनांक 20.08.14 द्वारा प्रेषित कर तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई। जिला

कलेक्टर, बून्दी ने अपने पत्र दिनांक 20.02.15 के द्वारा अवगत करवाया कि परिवादी की भूमि खसरा नं. 3444/1835 रकबा 3 बीघा 3 बिस्वा पर उसे दिनांक 20.02.15 को खातेदारी अधिकार प्रदान कर सनद जारी की जा चुकी है।

इस प्रकार परिवादी को 6 माह म. ही वाँछित अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद इस सचिवालय स्तर पर दिनांक 03.03.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.11(245)लोआस/2014

परिवादी श्री शेषकरण बीठू पुत्र स्व.श्री मोहन सिंह बीठू निवासी लालसिंहपुरा, पोस्ट सींथल, तहसील व जिला बीकानेर ने दिनांक 26.08.14 को इस सचिवालय म. परिवाद प्रस्तुत कर निवेदन किया कि ग्राम लालसिंहपुरा, ग्राम पंचायत, सींथल, पंचायत समिति, बीकानेर म. स्थित है परन्तु सीमाकंन के नये प्रस्तावा. म. लालसिंहपुरा को अनुचित रूप से ग्राम पंचायत, बेलासर म. जोड़ा जा रहा है जो कि लगभग 6-7 किलोमीटर दूर है। इस प्रकार के आपत्तिपूर्ण प्रस्ताव को तुरन्त प्रभाव से रोका जाये तथा लालसिंहपुरा को ग्राम पंचायत, सींथल का हिस्सा ही रखा जाये।

इस परिवाद की प्रति जिला कलेक्टर, बीकानेर को इस सचिवालय के पत्र दिनांक 30.10.14 के संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु प्रेषित की गई। प्रत्युत्तर म. जिला कलेक्टर, बीकानेर ने अपने पत्र दिनांक 08.12.14 के द्वारा अवगत करवाया कि पंचायती राज संस्थाआ. के पुनर्सीमांकन/पुर्नगठन के पश्चात् ग्राम लालसिंहपुरा को ग्राम पंचायत, सींथल म. ही शामिल किया गया है।

इस प्रकार परिवादी को दो माह की अवधि म. ही वाँछित अनुतोष प्राप्त हो जाने पर इस परिवाद को इस सचिवालय स्तर पर अंतिम रूप से दिनांक 23.02.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

प्रकरण को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित कर दिये जाने पर विभाग द्वारा उचित कार्यवाही कर लिया जाना इस सचिवालय की महत्ता को प्रकट करता है।

एफ.11(298)/लोआस/2014

यह परिवाद श्री हनुमान सहाय जोगी, निवासी मानबाग, जयसिंहपुरा खोर, जयपुर ने इस सचिवालय म. दिनांक 11.09.14 को प्रस्तुत कर निवेदन किया कि ग्राम जयसिंहपुरा खोर म. सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर सुनियोजित तरीके से मकान बनाकर बेचे जा रहे हैं। इस कार्य में मुख्य भूमिका जिला कलेक्टर कार्यालय जयपुर म. पदस्थापित श्री गोविन्द शर्मा, च.श्रे.क. की है तथा इसने सरकारी चारागाह भूमि मानबाग जयसिंहपुरा खोर म. करीब 500 वर्गगज म. मकान बना रखा है एवं इसके चरपेटे करीब 500 वर्गगज सरकारी भूमि पर मकान बनाकर बेचने का धंधा किया जा रहा है। अतः सरकारी चारागाह भूमि को भूमाफिया के कब्जे से मुक्त करवाया जाये।

इस परिवाद की प्रति आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर को दिनांक 19.12.14 को प्रेषित कर कार्यवाही करने के लिए लिखा गया। सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर ने पत्र दिनांक 12.02.15 द्वारा अवगत करवाया कि मौके पर खसरा नं. 13/1 किल्लनगढ़ मानबाग जयसिंहपुरा खोर म. सरकारी भूमि पर बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कर अतिक्रमण कर लिया गया था जिसे सामूहिक अभियान चलाकर दिनांक 28.01.15 को जे.सी.बी. मशीन की सहायता से ध्वस्त करवा दिया गया है।

अतः इस प्रकार प्रकरण म. वाँछित कार्यवाही सम्पन्न हो जाने पर इस परिवाद को इस सचिवालय स्तर पर दिनांक 27.02.15 को अंतिम रूप से नस्तीबद्ध किया गया।

प्रकरण को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित कर दिये जाने पर विभाग द्वारा उचित कार्यवाही कर लिया जाना इस सचिवालय की महत्ता को प्रकट करता है।

एफ.11(387)/लोआस/2014

परिवादीगण श्री रामरतन पुत्र रामदेव, श्योजी पुत्र रामरतन, रामराय पुत्र रामरतन जाति जाट, निवासी नोहटा, तहसील निवाई, जिला टोंक ने अपने परिवाद म. कथन किया कि परिवादीगण ने भारतीय स्टेट बैंक म. अपना एक शामलाती किसान क्रेडिट कार्ड बनवा रखा था। परिवादीगण ने अपना अलग-अलग किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने हेतु बैंक में पूरी रकम जमा करवा दी और दिनांक 15.09.14 को तहसीलदार, निवाई को उनकी भूमि को रहन मुक्त करने का निवेदन किया किन्तु हल्का पटवारी, नोहटा ने इस कार्य के लिए परिवादीगण से नाजायज रूप से रूपया. की मांग की और बार-बार चक्कर काटने के बावजूद भी रहन मुक्ति का नामान्तकरण नहीं भरा। अतः उक्त पटवारी हल्का नोहटा के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाये।

इस परिवाद के सम्बन्ध म. जिला कलेक्टर, टोंक ने अपने पत्र दिनांक 13.03.15 के द्वारा अवगत करवाया कि तहसीलदार निवाई द्वारा शिकायतकर्त्ताआ. की उक्त भूमि का रहन मुक्ति का आदेश क्रमांक 9670 दिनांक 15.09.14 द्वारा जारी होने पर पटवारी हल्का द्वारा ग्राम कांटोली का नामान्तरकरण संख्या 748 दिनांक 19.09.14 को ही दर्ज किया जाकर बाद जाँच भू-अभिलेख निरीक्षक दिनांक 14.10.14 को ही स्वीकृत किया

जा चुका है। शिकायकर्ताआ. ने स्वयं बयान देकर यह प्रकट किया है कि उनका नामान्तरकरण स्वीकृत हो चुका है उनको हल्का पटवारी से कोई शिकायत नहीं है एवं उन्होंने शिकायत गलतफहमी एवं गलत जानकारी मिलने के कारण की थी।

इस प्रकार परिवादीगण को वाँछित अनुतोष प्राप्त हो जाने पर इस परिवाद को दिनांक 24.03.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.12(47)लोआस/2011

परिवादी श्री गोविन्द सिंह व अन्य निवासी ग्राम कुरका, तहसील रूपवास, जिला भरतपुर द्वारा यह परिवाद दिनांक 27.07.11 को इस सन्दर्भ म. पेश किया गया कि ग्राम हाडौली (जिला भरतपुर) म. खसरा सं. 909 म. स्थित गैर मुमकिन आम रास्ते पर नवल सिंह, हुकमी, महावीर, परभाती, रामस्वरूप, मनोहरी, किशनलाल आदि ने अतिक्रमण कर रास्ता अवरूद्ध कर दिया है जिसे खुलवाया जावे।

इस परिवाद के सम्बन्ध म. इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही की जाकर जिला कलेक्टर, भरतपुर से पत्र दिनांक 19.08.11 द्वारा तथ्यात्मक प्रतिवेदन आहूत किया गया तथा इस सचिवालय द्वारा निरन्तर कार्यवाही किये जाने पर जिला कलेक्टर, भरतपुर द्वारा प्रेषित तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 30.04.14 के अनुसार मौके पर खसरा सं. 909 म. गैर मुमकिन रास्ता के प्रारम्भ म. जाटव बस्ती के कुछ लोगा. द्वारा घूरे-बिटौरे आदि डालकर अतिक्रमण कर लिया गया था तथा पक्की दीवार बना ली थी। घूर-बिटौरे अतिक्रमिया. द्वारा हटा लिए गए हैं व पक्की दीवार का अधिकांश भाग हटा दिया गया है, केवल कुंए की सुरक्षा हेतु पक्की दीवार सुरक्षित रखी गयी है। अब गैर मुमकिन रास्ता (ग्राम कुरका से हाडौली) खुला हुआ है और परिवादी को अपने खेत म. आने-जाने हेतु 12 फुट का रास्ता उपलब्ध है जिससे वह सन्तुष्ट है।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही किये जाने के बाद खसरा नम्बर 909 म. गैर मुमकिन रास्ता पर से अतिक्रमण हटाया जाकर रास्ता खोल दिया गया है। अतः परिवादीगण को वाँछित अनुतोष प्राप्त हो जाने से यह परिवाद इस सचिवालय स्तर पर दिनांक 12.06.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.12(197)लोआस/2011

परिवादिया श्रीमती नोरती, निवासी ग्राम हचूकड़ा, पोस्ट कुड़ली, तहसील फागी, जिला जयपुर द्वारा यह परिवाद दिनांक 04.03.12 को इस सन्दर्भ म. पेश किया गया है कि प्रहलाद गुर्जर व जगदीश गुर्जर ने परिवादिया व उसके परिजना. द्वारा अकुशल श्रमिक मनरेगा मजदूर के रूप म. किये गये कार्य की राशि हड़प करने के उद्देश्य से षड़यन्त्र रचकर उनकी हाजिरिया. म. कांटछांट कर दी एवं राजकीय दस्तावेजात म. कूटरचना कर परिवादिया व उसके परिवार द्वारा की गई मजदूरी की राशि को हड़प लिया। परिवादिया ने उसके एवं उसके परिजना. द्वारा नरेगा म. किये गये कार्य का भुगतान दिलवाने की प्रार्थना की है।

इस परिवाद के सम्बन्ध म. सचिवालय स्तर पर कार्यवाही की जाकर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, जयपुर से पत्र दिनांक 15.10.13 एवं तत्पश्चात् जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं जिला कलेक्टर, जयपुर से पत्र दिनांक 21.02.14 द्वारा तथ्यात्मक प्रतिवेदन आहूत किया गया। जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं जिला कलेक्टर, जयपुर की ओर से प्रेषित तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 28.03.14 के अनुसार परिवादिया श्रीमती नोरती, निवासी ग्राम हचूकड़ा, पोस्ट कुड़ली, तहसील फागी को चैक सं. 3090786 दिनांक 18.03.14 के माध्यम से रूपये 900/- का एवं उसके परिजना. विमला, नीर, मन्ना, राजेश कंवर व प्रेम को चैक संख्या 3790788 लगायत 3790791 द्वारा मजदूरी का भुगतान कर दिया गया है।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही किये जाने के बाद परिवादिया व उसके परिजना. को मजदूरी का भुगतान कर दिया गया है।

अतः परिवाद म. वाँछित अनुतोष प्राप्त हो जाने से यह परिवाद इस सचिवालय स्तर पर दिनांक 04.04.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.12(19)लोआस/2012

परिवादी श्री झाबरमल जाट, निवासी वार्ड सं. 6 ग्राम लापुंवा वाया रींगस, जिला सीकर व अन्य द्वारा यह परिवाद दिनांक 03.05.12 को ग्राम लापुंवा के खसरा नं.52 रकबा 0.56 हैक्टेयर किस्म गैर मुमकिन रास्ता पर किये गये अतिक्रमण को हटवाने के संदर्भ म. पेश किया गया।

इस सचिवालय द्वारा परिवाद पर कार्यवाही करते हुए जिला कलेक्टर, सीकर से पत्र दिनांक 05.04.13 द्वारा तथ्यात्मक प्रतिवेदन आहूत किया गया जिसके संदर्भ म. जिला कलेक्टर, सीकर ने अपने पत्र दिनांक 25.06.14 द्वारा अवगत करवाया कि दिनांक 19.06.14 को ग्राम लापुंवा तहसील रींगस के खसरा सं. 52 रकबा 0.56 गैर मुमकिन रास्ते पर किये गये अतिक्रमण को तहसीलदार, श्रीमाधोपुर द्वारा हटा दिया गया है एवं मौके पर बेदखली रिपोर्ट तैयार कर अतिक्रमिया. के हस्ताक्षर करवाये गये हैं और उन्हे पुनः अतिक्रमण नहीं करने हेतु भी पाबन्द किया गया है।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही किये जाने के बाद परिवादी को वाँछित अनुतोष प्राप्त हो जाने से यह परिवाद इस सचिवालय स्तर पर दिनांक 06.08.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.12(154)लोआस/2012

परिवादी श्री प्रेम चन्द मीणा, निवासी ग्राम मूडिया जाट, पोस्ट नेवाड़ा, तहसील वैर, जिला भरतपुर द्वारा दिनांक 28.01.13 को यह परिवाद इस सन्दर्भ म. प्रस्तुत किया गया कि श्री गोविन्द मीणा, सरपंच एवं श्री अजीत जोशी, सचिव, ग्राम पंचायत, जहानपुर द्वारा वर्ष 2010 से 2012 तक की अवधि म. करवाये गये निर्माण कार्यों म. खुलेआम भ्रष्टाचार किया गया है एवं 10-10 हजार रूपये लेकर निजी जगहा. पर नवीन हैण्डपम्प लगवाये गये हैं। इसकी जाँच की जाकर दोषिया. को दण्डित किया जावे।

चूँकि परिवाद म. सचिव, ग्राम पंचायत के विरूद्ध भी आरोप लगाया गया था, इसलिये इस परिवाद पर कार्यवाही करते हुए प्रमुख शासन सचिव, पंचायती राज विभाग, जयपुर को पत्र दिनांक 16.07.13 व 27.09.13 प्रेषित किये गये एवं उसके बाद सम्भागीय आयुक्त, भरतपुर को पत्र दिनांक 07.11.13 प्रेषित कर तथ्यात्मक प्रतिवेदन आहूत किया गया । इस सचिवालय द्वारा निरन्तर कार्यवाही किये जाने पर सम्भागीय आयुक्त, भरतपुर द्वारा प्रेषित तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 19.09.14 के अनुसार प्रकरण में कराई गई जाँच म. श्री गोविन्द सिंह सरपंच, ग्राम पंचायत, जहानपुर द्वारा सामुदायिक भवन को अपनी निजी भूमि म. बनवाया जाना व हैण्डपम्पा. म. सिंगल फेस की मोटरें डालने वाला. के विरूद्ध कार्यवाही नहीं करना पाया गया।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, भरतपुर की रिपोर्ट दिनांक 22.09.14 के अनुसार ग्राम पंचायत, जहानपुर म. वर्ष 2011-12 म. कुल 36 हैण्डपम्प लगाये गये जिनमें से 29 हैण्डपम्प सार्वजनिक भूमि म. व 7 हैण्डपम्प राजस्व भूमि म. लगाये गये एवं इन हैण्डपम्पा. का समर्पण (दानपत्र) तहसीलदार, वैर द्वारा ग्राम पंचायत के नाम स्वीकृत कर दिया गया है एवं इनका राजस्व रिकॉर्ड म. विधिवत पंजीयन भी किया गया

है। इस प्रकार परिवाद म. वर्णित हैण्डपम्प का विनियमितीकरण हो चुका है।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही किये जाने के बाद परिवादी को वाँछित अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 26.09.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.12(107)लोआस/2013

परिवादी श्री प्रभुदयाल, निवासी वार्ड सं. 19 सूरजगढ़, जिला झुन्झुनूं द्वारा यह परिवाद दिनांक 10.10.13 इस सन्दर्भ म. पेश किया गया कि उसने व उसकी बावरिया जाति के 11-12 लोगा. ने पट्टा हेतु पत्रावलियाँ पंचायत समिति, सूरजगढ़ म. लगायी हुई हैं किन्तु श्री हरिशंकर कुमावत, कार्यवाहक विकास अधिकारी, सूरजगढ़ जानबूझकर पट्टा जारी नहीं करना चाहते। विकास अधिकारी द्वारा उसे सेवानिवृत्ति के बाद पी.एफ. की राशि नहीं दिलायी गयी है एवं पेंशन के सम्बन्ध म. भी कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। विकास अधिकारी द्वारा राज्य सरकार के पूर्ण प्रतिबन्ध होने के उपरान्त भी रोहिताश पुत्र लोकराम के नाम सम्पत्ति प्रमाण-पत्र जारी किया गया जिसके आधार पर उक्त सम्पत्ति की रजिस्ट्री तहसीलदार सूरजगढ़ के यहाँ हो गयी।

इस परिवाद के सम्बन्ध म. सचिवालय द्वारा कार्यवाही करते हुए निदेशक, स्थानीय निकाय विभाग, राजस्थान, जयपुर से पत्र दिनांक 31.10.13 द्वारा तथ्यात्मक प्रतिवेदन आहूत किया गया एवं सचिवालय द्वारा निरन्तर कार्यवाही किए जाने पर निदेशक, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर द्वारा तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 02.04.14 प्रेषित की गयी जिसमें यह अंकित किया गया कि परिवादी द्वारा जिस स्थल का पट्टा चाहा गया है, वह स्थल मुताबिक राजस्व रिकॉर्ड खसरा नम्बर 617 गैर मुमकिन रास्ते म. आने, उसकी किस्म बदलने के अभाव म. तथा उक्त भूमि नगरपालिका के

नाम करने की कार्यवाही राजस्व विभाग से नहीं होने के कारण पट्टा नगरपालिका, सूरजगढ़ द्वारा जारी नहीं किया गया है। परिवादी का पेंशन प्रकरण स्वीकृति हेतु निदेशालय, पेंशन विभाग को भेजा जाकर उसका पी.एफ. खाता तैयार कर चैक सं. 192576 दिनांक 22.01.14 द्वारा उसे रूपये 1,45,128/- का भुगतान दिया गया है।

इसके पश्चात् परिवादी के शेष आरोपा. के सम्बन्ध म. जिला कलेक्टर, झुन्झुनूं से पत्र दिनांक 12.05.14 द्वारा तथ्यात्मक प्रतिवेदन आहूत किया गया एवं सचिवालय द्वारा निरन्तर कार्यवाही करने पर जिला कलेक्टर, झुन्झुनूं द्वारा पत्र दिनांक 16.12.14 प्रेषित किया गया जिसमें यह अंकित किया गया कि परिवादी द्वारा रास्ते पर अतिक्रमण किये जाने से उसके विरूद्ध माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय म. रिट याचिका दर्ज करवाई गई है। उक्त रिपोर्ट पर परिवादी को आपत्ति प्रेषित करने हेतु पत्र दिनांक 22.12.14 प्रेषित किया गया किन्तु परिवादी द्वारा कोई आपत्ति पेश नहीं की गयी। इस प्रकार इस सचिवालय स्तर पर वाँछित कार्यवाही सम्पन्न हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 19.12.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.12(134)लोआस/2013

यह गुमनाम परिवाद दिनांक 29.10.13 को इस सन्दर्भ म. प्रेषित किया गया कि प्रधान, तहसील-लूणी एवं ग्राम पंचायत, पाल के सरपंच द्वारा भूमि आवंटन एवं पट्टा जारी करने म. 40-50 करोड़ का घोटाला किया गया है जिसके सम्बन्ध म. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो म. प्रकरण दर्ज किया गया है किन्तु भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की जा रही है। इसके अतिरिक्त प्रधान द्वारा जोधपुर-बाड़मेर हाईवे के रास्ते की भूमि पर अपना मकान बना रखा है जिसके विरूद्ध भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

हस्तगत परिवाद बेशकीमती भूमि के आवंटन म. करोड़. के घोटाले की जाँच का होने से इसमें दिनांक 18.11.13 को स्वप्रेरणा से प्रसंज्ञान लेकर कार्यवाही करते हुए अतिरिक्त महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर से पत्र दिनांक 20.11.13 द्वारा तथ्यात्मक प्रतिवेदन आहूत किया गया एवं इसके पश्चात् निरन्तर कार्यवाही किये जाने पर प्रत्युत्तर म. सर्वप्रथम उन्होंने अपने पत्र दिनांक 16.09.13 से यह अवगत कराया कि ब्यूरो द्वारा उक्त प्रकरण से सम्बन्धित परिवाद सं. 145/2009 दर्ज कर सत्यापन किया गया तथा बाद सत्यापन आरोप प्रमाणित पाये जाने पर 15 प्रकरण (225/10 से 239/10) दर्ज करने का निर्णय लेकर अनुसन्धान प्रारम्भ किया गया है। इसके पश्चात् सचिवालय स्तर पर निरन्तर कार्यवाही किये जाने पर उनके द्वारा पत्र दिनांक 07.07.14 व 10.09.14 द्वारा यह सूचित किया गया कि सम्बन्धित दोषी व्यक्तिया. के विरूद्ध दर्ज प्रकरण संख्या 226/2010, 229/2010, 232/2010, 233/2010, 234/2010, 235/2010 व 238/2010 म. भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 (1)(डी) व 13(2) एवं भा.दं.सं. की धारा 120बी के अपराधा. म. आरोप-पत्र पेश करने का निर्णय लिया जा चुका है।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही किये जाने के बाद परिवादी को वाँछित अनुतोष प्राप्त हो जाने से यह परिवाद इस सचिवालय स्तर पर दिनांक 27.10.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.12(37)लोआस/2014

परिवादी श्री जगराम मीना, निवासी मंडेरू, तहसील टोडाभीम, जिला करौली द्वारा यह परिवाद दिनांक 21.05.14 को इस सन्दर्भ म. प्रस्तुत किया गया कि उसके घर के रास्ते पर श्री केदार व श्री राम खिलाड़ी द्वारा अतिक्रमण कर रास्ते म. एक तरफ दुकान बना दी है एवं एक तरफ डंडा लगा दिया है। उप जिला कलेक्टर, टोडाभीम जिला-करौली द्वारा भी सरपंच को अतिक्रमण हटाने के लिए पत्र दिनांक 08.11.2009 लिखा

लेकिन आज दिनांक तक उक्त रास्ते से अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। परिवादी ने अतिक्रमण को हटवा कर रास्ता खुलवाने की प्रार्थना की है।

इस परिवाद के सम्बन्ध म. सचिवालय द्वारा कार्यवाही की जाकर जिला कलेक्टर, करौली से पत्र दिनांक 30.05.14 द्वारा तथ्यात्मक प्रतिवेदन आहूत किया गया एवं सचिवालय द्वारा निरन्तर कार्यवाही किये जाने पर जिला कलेक्टर, करौली ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 02.09.14 से अवगत करवाया कि प्रश्नगत रास्ते पर किये गये अतिक्रमण को दिनांक 23.07.14 को हटा दिया गया है।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही किये जाने के बाद परिवादी को वाँछित पूर्ण अनुतोष प्राप्त हो जाने से यह परिवाद इस सचिवालय स्तर पर दिनांक 27.10.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.12(73)लोआस/2014

परिवादी श्री दुर्गेश शर्मा, निवासी ग्राम पोस्ट खान भांकरी, तहसील व जिला दौसा द्वारा यह परिवाद दिनांक 27.06.14 को इस सन्दर्भ म. प्रस्तुत किया गया कि ग्राम पंचायत, भांकरी म. खेल की पूर्ण सुविधा नहीं है। खेल मैदान होने के बावजूद भी खेल उपकरणा. का अभाव है एवं खेल मैदान पर दबंग लोगा. द्वारा अतिक्रमण किया हुआ है। अतः इस सम्बन्ध म. कार्यवाही की जावे।

इस परिवाद के सम्बन्ध म. सचिवालय द्वारा कार्यवाही करते हुए जिला कलेक्टर, दौसा से पत्र दिनांक 16.07.14 द्वारा तथ्यात्मक प्रतिवेदन आहूत किया गया एवं निरन्तर कार्यवाही किये जाने पर जिला कलेक्टर, दौसा द्वारा प्रेषित तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 16.10.14 के अनुसार ग्राम पंचायत भांकरी द्वारा खेल मैदान पर से अतिक्रमण को हटवा दिया गया है एवं

तीन तरफ दीवार करवायी गयी है एवं शेष बची एक तरफ की चार दीवारी के लिए प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी गयी है।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही किये जाने के बाद परिवादी को लगभग 3 माह म. वाँछित अनुतोष प्राप्त हो जाने से यह परिवाद इस सचिवालय स्तर पर दिनांक 30.10.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.12(74)लोआस/2014

परिवादी श्री आनन्दीलाल पूर्विया, सेवानिवृत्त सहायक सांख्यिकी अधिकारी, निवासी प्लाट सं. 1/229-230, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, गुप्तेश्वर रोड़, जिला दौसा द्वारा यह परिवाद मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, दौसा से अपना पेंशन प्रकरण विभाग को भिजवाकर पी.पी.ओ. जारी करवाने के सन्दर्भ म. दिनांक 27.06.14 को पेश किया गया।

इस परिवाद के सम्बन्ध म. सचिवालय द्वारा कार्यवाही की जाकर जिला कलेक्टर, दौसा से पत्र दिनांक 15.07.14 द्वारा तथ्यात्मक प्रतिवेदन आहूत किया गया। जिला कलेक्टर, दौसा की ओर से मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, दौसा द्वारा प्रेषित तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 16.07.14 के अनुसार परिवादी व तीन अन्य कर्मचारिया. के पेंशन प्रकरणा. का जिला परिषद् द्वारा डीआरडीए नियमा. के अनुसार निस्तारण विलय करने से पूर्व ही कर दिया गया था। पेंशन फण्ड से नियमित रूप से पेंशन का भुगतान किया जा रहा है एवं जून 2014 तक पेंशन राशि का भुगतान किया जा चुका है। रिपोर्ट दिनांक 31.10.14 के अनुसार परिवादी सहित अन्य सभी सेवानिवृत्त कार्मिका. के पेंशन प्रकरण उनके कार्यालय के पत्र दिनांक 20.10.14 के माध्यम से निदेशक, पेंशन एवं पेंशनर्स वेलफेयर विभाग, जयपुर को प्रेषित किये जा चुके हैं तथा इस सम्बन्ध म. उनके स्तर पर अब कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है।

इस प्रकार परिवादी को वाँछित अनुतोष प्राप्त हो जाने से यह परिवाद इस सचिवालय स्तर पर दिनांक 13.11.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.12(140)लोआस/2014

परिवादी श्री गटुलाल बलुण्डा, निवासी ग्राम लिमथान, तहसील व जिला बाँसवाड़ा द्वारा यह परिवाद दिनांक 23.07.14 को इस सन्दर्भ म. प्रस्तुत किया गया कि मनरेगा कार्यक्रम के अन्तर्गत आवंटित माही परियोजना की बा.मु.नं. की आर.टी. 14 से 15 कि.मी. की मरम्मत के कार्य हेतु उसके द्वारा आपूर्ति की गई सामग्री की राशि 4,18,248/- का भुगतान दो वर्ष से अधिक समय बीत जाने पर भी नहीं किया गया है जो शीघ्र करवाया जावे।

इस परिवाद के सम्बन्ध म. सचिवालय द्वारा कार्यवाही की जाकर जिला कार्यक्रम समन्वयक (मनरेगा) एवं जिला कलेक्टर, डूंगरपुर से पत्र दिनांक 26.08.14 द्वारा तथ्यात्मक प्रतिवेदन आहूत किया गया जिसके प्रत्युत्तर म. पत्र दिनांक 29.12.14 द्वारा अवगत करवाया गया कि परिवादी श्री गटुलाल बलुण्डा, निवासी ग्राम लिमथान, तहसील व जिला बाँसवाड़ा को माही परियोजना की बा.मु.नं. की आर.टी. 14 से 15 कि.मी. की मरम्मत के कार्य हेतु आपूर्ति की गई सामग्री की राशि रूपये 4,18,220/- का भुगतान दिनांक 15.09.14 को कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को वाँछित अनुतोष प्राप्त हो जाने से यह परिवाद इस सचिवालय स्तर पर दिनांक 16.01.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.12(144)लोआस/2014

परिवादी श्री मणीलाल यादव, निवासी मु.पो. चनुगी का गड़ा, तहसील घाटोल, जिला बाँसवाड़ा द्वारा यह परिवाद दिनांक 23.07.14 को इस

सन्दर्भ म. प्रस्तुत किया गया है कि उसे पंचायत समिति घाटोल द्वारा इंदिरा आवास योजना के अन्तर्गत वर्ष 2013-14 म. आवास आवंटित हुआ किन्तु परिवादी द्वारा मकान का काम चालू करने के बावजूद उक्त आवास की प्रथम किश्त का भुगतान ग्राम पंचायत द्वारा नहीं किया गया है। परिवादी द्वारा ग्राम पंचायत, चन्दूजी का गढ़ के सरपंच व सचिव से इन्दिरा आवास की प्रथम किश्त का भुगतान करवाये जाने की प्रार्थना की गई।

इस परिवाद के सम्बन्ध म. सचिवालय द्वारा कार्यवाही की जाकर जिला कलेक्टर, बाँसवाड़ा से पत्र दिनांक 26.08.14 द्वारा तथ्यात्मक प्रतिवेदन आहूत किया गया जिसके प्रत्युत्तर म. उन्होंने अपने पत्र दिनांक 29.12.14 द्वारा अवगत करवाया कि परिवादी मणीलाल यादव, लेम्पस चन्दूजी का गढ़ के खाता क्रमांक 5231 म. प्रथम किश्त की राशि रूपये 17,500/- हस्तान्तरित कर दी गयी है।

इस प्रकार परिवादी को लगभग 4 माह म. वाँछित अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद इस सचिवालय स्तर पर दिनांक 04.02.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.12(149)लोआस/2014

परिवादी श्री शिवकुमार केड़िया, निवासी 86, गली नं. 4 मोहन कॉलोनी, बाँसवाड़ा द्वारा यह परिवाद दिनांक 04.08.14 को उसके द्वारा मनरेगा कार्यक्रम के अन्तर्गत आवंटित बा.मु.नं. की आर.डी. 11 से 12 कि.मी. की मरम्मत कार्य राशि रूपये 2,19,773/- व बी.मु.नं. की आर.डी. 13 से 14 कि.मी. की मरम्मत कार्य राशि रूपये 51,086/- की आपूर्ति की गई सामग्री का भुगतान विकास अधिकारी, पंचायत समिति, बाँसवाड़ा से कराये जाने के सम्बन्ध म. पेश किया गया।

इस परिवाद के सम्बन्ध म. सचिवालय द्वारा कार्यवाही की जाकर जिला कार्यक्रम समन्वयक (मनरेगा) एवं जिला कलेक्टर, डूंगरपुर से पत्र दिनांक 27.08.14 द्वारा तथ्यात्मक प्रतिवेदन आहूत किया गया। इस सम्बन्ध म. मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक (मनरेगा), जिला परिषद्, बांसवाड़ा ने अपने पत्र दिनांक 29.12.14 द्वारा अवगत करवाया कि फण्ड ट्रांसफर आदेश संख्या 245606 दिनांक 17.09.14 के द्वारा राशि रूपये 1,38,938/- तथा आदेश संख्या 268742 दिनांक 07.10.14 के द्वारा रूपये 80,840/- कुल रूपये 2,19,778/- तथा आदेश संख्या 242725 दिनांक 15.09.14 के द्वारा रूपये 51,086/- का भुगतान सम्बन्धित फर्म को कर दिया गया है। फर्म की नियमित कटौती राशि रूपये 41,984 का भुगतान चैक संख्या 882629 दिनांक 02.12.14 द्वारा कर दिया गया है। इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही किये जाने के बाद परिवादी की फर्म को पूर्ण भुगतान हुआ।

अतः परिवादी को वाँछित अनुतोष प्राप्त हो जाने से यह परिवाद इस सचिवालय स्तर पर दिनांक 16.01.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.12(192)लोआस/2014

परिवादी श्री राजाराम जाट, निवासी ग्राम पोस्ट बोसरिया, तहसील उनियारा, जिला टोंक द्वारा यह परिवाद दिनांक 25.08.14 को इस सन्दर्भ म. प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम पंचायत, बोसरिया म. उसका नाम बी.पी.एल. आवास सूची म. 17 नम्बर पर है व बीपीएल सूची म. प्राप्तांक 12 हैं। ग्राम पंचायत बोसरिया म. प्रतीक्षा सूची म. 45 नम्बर तक के व्यक्तिया. को बी.पी.एल. आवास का लाभ मिल चुका है किन्तु परिवादी को पात्र होते हुए भी लाभ नहीं मिल रहा है।

इस परिवाद के सम्बन्ध म. कार्यवाही करने पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, टोंक ने अपने पत्र दिनांक 02.02.15 द्वारा अवगत करवाया कि परिवादी राजाराम जाट की पत्नी श्रीमती कमला निवासी ग्राम पोस्ट बोसरिया, तहसील उनियारा, जिला टोंक के नाम आदेश दिनांक 27.10.14 द्वारा आवास निर्माण की स्वीकृति जारी की जा चुकी है।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही किये जाने के बाद परिवादी को वाँछित पूर्ण अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद इस सचिवालय स्तर पर दिनांक 23.02.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.12(240)लोआस/2014

परिवादी श्री पवन कुमार शर्मा, निवासी मुकाम-महेन्दी, पोस्ट पोटलां, तहसील सहाड़ा, जिला भीलवाड़ा द्वारा यह परिवाद दिनांक 11.09.14 को इस सन्दर्भ म. प्रस्तुत किया गया कि ग्राम पंचायत, सातलियास (पंचायत समिति, सहाड़ा जिला भीलवाड़ा) द्वारा पुरूष शिक्षा प्रेरक पद के चयन के सम्बन्ध म. दिनांक 30.09.13 को विज्ञप्ति निकाली गयी जिसमें परिवादी द्वारा निर्धारित प्रारूप म. फार्म भरकर ग्राम पंचायत म. जमा करवाया गया किन्तु चयन के समय ग्राम सभा की बैठक कार्यवाही रजिस्टर म. उसका फार्म सम्मिलित नहीं करके सरपंच और सचिव द्वारा भैरूलाल पूर्बिया का गोपनीय तरीके से चयन कर लिया गया जिसकी शिकायत उप जिला कलेक्टर, गंगापुर को करने पर उनके द्वारा उक्त चयन प्रक्रिया फर्जी पायी गयी। इसके बावजूद बार-बार सरपंच द्वारा गोपनीय रूप से भैरूलाल पूर्बिया को चयनित किये जाने का प्रयास किया जा रहा है।

इस परिवाद के सम्बन्ध म. कार्यवाही किये जाने पर जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी, भीलवाड़ा ने अपने पत्र दिनांक 14.11.14 द्वारा

अवगत करवाया कि उक्त चयन प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया है एवं भविष्य म. उक्त चयन प्रक्रिया को व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से करने हेतु सचिव, ग्राम पंचायत सातलिवास को निर्देशित भी किया गया है।

इस प्रकार परिवादी को वाँछित अनुतोष प्राप्त हो जाने से यह परिवाद इस सचिवालय स्तर पर दिनांक 08.12.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.12(327)लोआस/2014

परिवादी श्री जेताराम चोयल, अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, लोहिया सदन, बाईपास रोड़, जायल (शहर) नागौर द्वारा यह परिवाद दिनांक 14.10.14 को इस सन्दर्भ म. प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम पंचायत, कठौती म. मनरेगा योजना के अन्तर्गत मोदलाव की ग्रेवल सड़क पर 120 मजदूरा. द्वारा दिनांक 03.02.13 से 01.03.13 तक किये गये कार्य का भुगतान पंचायत समिति द्वारा 20 माह व्यतीत हो जाने के बाद भी नहीं किया गया है जो शीघ्र करवाया जावे।

इस परिवाद के सम्बन्ध म. कार्यवाही किए जाने पर जिला कलेक्टर, नागौर ने अपने पत्र दिनांक 07.01.15 द्वारा अवगत करवाया कि श्रमिका. की श्रम राशि 1,83,114/- का भुगतान कर दिया गया है।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही किये जाने के बाद परिवादी को वाँछित अनुतोष प्राप्त हो जाने से यह परिवाद इस सचिवालय स्तर पर दिनांक 23.02.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.14(2)लोआस/2014

परिवादी श्री मदन नारायण गोस्वामी, निवासी मकान नं. 2695, मन्दिर श्री रंग बिहारी जी रास्ता, राजा शिवदास जी, पुरानी बस्ती, जयपुर द्वारा यह परिवाद पेन्शन का पुनर्निधारण करवाने के संदर्भ म. दिनांक 09.04.14 को पेश किया गया। इस परिवाद के संदर्भ म. तथ्यात्मक रिपोर्ट हेतु सचिवालय द्वारा परिवहन आयुक्त, जयपुर को पत्र दिनांक 07.05.14 प्रेषित किया गया एवं इसके बाद निरन्तर कार्यवाही किये जाने पर अपर परिवहन आयुक्त (प्रशासन) का पत्र दिनांक 16.07.14 प्राप्त हुआ जिसके अनुसार परिवादी का पेन्शन प्रकरण सहायक निदेशक, पेन्शन विभाग को पेन्शन पुनः निर्धारण हेतु अग्रेषित किया जा चुका है अतः अब इस प्रकरण म. विभागीय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा निरन्तर कार्यवाही किये जाने के पश्चात् परिवादी को अनुतोष प्राप्त हो जाने के फलस्वरूप यह परिवाद दिनांक को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.15(12)लोआस/2011

परिवादी श्री नरेश जोशी पुत्र श्री मोहन लाल जोशी निवासी एन.एच. चौकी गोरधनपुरा तहसील कोटपूतली जिला जयपुर द्वारा यह परिवाद उपवन संरक्षक (उत्तर) पानी पेंच, जयपुर द्वारा अपने पद का दुरूपयोग कर एवं विष्णुदत्त शर्मा से मिलीभगत करके अवैध आरा मशीना. की जाँच किसी उच्चाधिकारी के बजाय कनिष्ठ अधिकारी से करवाये जाने के संदर्भ म. दिनांक 14.10.11 को पेश किया गया।

इस परिवाद के संदर्भ म. तथ्यात्मक रिपोर्ट हेतु सचिवालय द्वारा प्रधान मुख्य वन संरक्षक, राजस्थान जयपुर को पत्र दिनांक 01.11.11 प्रेषित

किया गया एवं इसके बाद निरन्तर कार्यवाही किये जाने पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, जयपुर से तथ्यात्मक प्रतिवेदन दिनांक 24.04.14 को प्राप्त हुआ। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार वरिष्ठ अधिकारी की जाँच कनिष्ठ अधिकारी से नहीं कराई गई तथा आरा मशीन के नाम व पंजीयन म. कोई भिन्नता नहीं है। वन विभाग द्वारा जाँच किये जाने पर अवैध संचालित मशीन के विरूद्ध न्यायालय म. परिवाद प्रस्तुत किया गया है जिसमें अवैध संचालक को अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है एवं क्षतिपूर्ति राशि 33000/- रूपये वसूल किये गये हैं।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही किये जाने के पश्चात् परिवादी को अनुतोष प्राप्त हो जाने के फलस्वरूप यह परिवाद दिनांक 09.05.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.15(12)लोआस/2013

परिवादी श्री केवला राम मीणा, सेवानिवृत्त क्षेत्रीय वन अधिकारी, द्वितीय, मण्डावर रोड़, महुआ, जिला दौसा द्वारा यह परिवाद सेवानिवृत्ति के 9 माह पश्चात पेंशन एवं अन्य परिलाभा. व इन पर 18 प्रतिशत दण्डात्मक ब्याज दिलाये जाने के संदर्भ म. दिनांक 16.01.14 को पेश किया गया।

इस परिवाद के संदर्भ म. तथ्यात्मक रिपोर्ट हेतु सचिवालय द्वारा प्रधान मुख्य वन संरक्षक, राजस्थान, जयपुर को पत्र दिनांक 27.03.14 प्रेषित किया गया जिसके प्रत्युत्तर म. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, राजस्थान, जयपुर से तथ्यात्मक प्रतिवेदन दिनांक 20.06.14 को प्राप्त हुआ। प्राप्त तथ्यात्मक प्रतिवेदन के अनुसार परिवादी के विरूद्ध बकाया जाँच का निस्तारण किया

जाकर परिवादी की प्रोविजनल पेन्शन स्वीकृत करते हुए अंतिम पेन्शन स्वीकृति हेतु प्रकरण पेन्शन विभाग को भिजवा दिया गया है।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा निरन्तर कार्यवाही किये जाने के पश्चात् परिवादी को न्यायोचित अनुतोष प्राप्त हो जाने के फलस्वरूप यह परिवाद दिनांक 25.06.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(58)लोआस/2007

परिवादी श्री सोहनलाल अग्रवाल निवासी–ई–47, शास्त्रीनगर, जयपुर द्वारा दिनांक 27.08.2007 को यह परिवाद ई–38, शास्त्रीनगर, जयपुर म. किये गये अवैध निर्माण व आवासीय भू–खण्ड म. चल रही व्यावसायिक गतिविधिया. के सन्दर्भ म. पेश किया गया। इस परिवाद पर कार्यवाही किए जाने पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम, जयपुर ने अपने पत्र दिनांक 07.05.14 द्वारा अवगत करवाया कि आवासीय भू–खण्ड सं. ई–38 शास्त्री नगर, जयपुर म. चल रही व्यावसायिक गतिविधिया. एवं सैटबैक म. किये गये अवैध निर्माण को दिनांक 27.07.12 को हटा दिया गया है।

इस प्रकार लोकायुक्त सचिवालय द्वारा की गई कार्यवाही के फलस्वरूप परिवादी को अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 11.08.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(3)लोआस/2011

श्रीमती संतरो देवी निवासी–रतन कॉलोनी, म.नं.17, गली नं.1, वार्ड नं.32, हनुमानगढ़ रोड़, श्रीगंगानगर ने यह परिवाद पार्क, सड़क व अन्य स्थाना. पर सहीराम, जगदीश, दयाराम, आत्माराम व रतनलाल द्वारा नगर विकास

न्यास, श्रीगंगानगर के कर्मचारिया. के साथ मिलीभगत कर अवैध निर्माण करने के सन्दर्भ म. दिनांक 29.03.11 को पेश किया। इस परिवाद पर कार्यवाही किए जाने पर नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर ने अपने पत्र दिनांक 14.03.14 द्वारा अवगत करवाया कि उक्त अतिक्रमणा. को हटा दिया गया है तथा परिवादिया ने भी अपने बयान म. उक्त कार्यवाही से सन्तुष्ट होना कहा है।

इस प्रकार लोकायुक्त सचिवालय द्वारा की गई कार्यवाही के फलस्वरूप परिवादिया को पूर्ण अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 03.04.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(28)लोआस/2011

इस प्रकरण म. परिवादी श्री ए.एम.कोठारी, निवासी-157-158, महावीर नगर, पाली ने दिनांक 10.05.11 को यह शिकायत की थी कि श्री रामसिंह पालावत, अधिशासी अधिकारी, नगर परिषद्, पाली ने शेषमणी नगर स्थित खसरा नं. 505/1 व 505/1/1 मण्डली खुर्द, सुमेरपुर रोड़ के भू-उपयोग परिवर्तन के लिए भारी रिश्वत ली है। कुछ भू-खण्डा. का आकार बढ़ा दिया है तथा उन्हें अच्छी जगह पर भू-उपयोग परिवर्तन की अनुमति दे दी है। मूल मालिक के बजाए अन्य व्यक्ति को पट्टा जारी कर दिया है।

इस परिवाद पर कार्यवाही किये जाने पर निदेशक, स्वायत्त शासन विभाग ने अपने पत्र दिनांक 29.02.12, 12.07.12, 04.12.13 एवं 01.05.14 द्वारा अवगत करवाया कि उक्त प्रकरण म. न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त, जोधपुर द्वारा अपीलान्ट की अपील सं. 180/2011 म. दिनांक 13.01.12 को निर्णय कर नगर परिषद्, पाली द्वारा दिनांक 21.07.11 को पारित किया गया अपीलाधीन आदेश निरस्त कर दिया गया है तथा परिवादी

द्वारा आवेदित भूखण्ड सं. 24 व 25 के आवंटन पत्र दिनांक 20.03.12 को जारी किये जा चुके हैं। परिवादी ने इस सचिवालय को सम्बोधित कर एक पत्र दिनांक 29.03.12 को लिखकर दिया कि विभाग की रिपोर्ट सही है और उसे लोक सेवक श्री रामसिंह पालावत के विरूद्ध कोई शिकायत नहीं है और वह उसके विरूद्ध प्रस्तुत की गई शिकायत को वापस लेता है।

इस प्रकार लोकायुक्त सचिवालय द्वारा की गई कार्यवाही के फलस्वरूप परिवादी को अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 20.05.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(93)लोआस/2011

परिवादी श्री नाथूराम लोहिया निवासी-जहाजपुर, भीलवाड़ा ने नगरपालिका जहाजपुर द्वारा खसरा नं. 6588 व 6589 रकबा दो बीघा 10 बिस्वा म. से 3183 वर्गगज भूमि का फर्जी पट्टा जारी करने तथा भू-रूपान्तरण पत्रावली मिलीभगत कर गायब करने के सन्दर्भ म. दिनांक 26.07.11 को इस सचिवालय म. यह परिवाद पेश किया। इस परिवाद के सम्बन्ध म. सचिवालय द्वारा कार्यवाही किए जाने पर निदेशक, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर ने अपने पत्र दिनांक 13.04.12, 11.06.12, 08.01.14, 12.02.14, 29.05.14 एवं 14.07.14 द्वारा अवगत करवाया कि श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री कल्याणमल को जारी पट्टा सं. 31 दिनांक 31.05.2000 को निकाय के पत्र क्रमांकः 1873-75 दिनांक 08.11.13 से निरस्त कर दिया गया है। यह भी अवगत करवाया कि खसरा नं.6588, 6589 म. श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री कल्याणमल लोहिया को जारी पट्टा क्रमांक 31 दिनांक 31.05.2000 क्षेत्रफल 3183 वर्गगज के सम्बन्ध म. महालेखाकार, राजस्थान द्वारा अपनी अंकेक्षण रिपोर्ट वर्ष 4/1999 से 3/2003 म. निर्धारित सीमा से अधिक क्षेत्रफल का नियमन कर दिये जाने पर राशि रूपये 83,623/- वसूल करने के लगाये गये आक्षेप के संदर्भ म. श्री ओमप्रकाश से उक्त

राशि वसूल कर पालिका के कोष म. जमा करवाई जा चुकी है। गलत नियमन का आदेश करने वाले अधिकारी श्री ओमप्रकाश औदिच्य, तत्कालीन अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, जहाजपुर सेवानिवृत्त हो चुके हैं, अतः उसके विरूद्ध कोई कार्यवाही किया जाना सम्भव नहीं है। परिवादी ने यह व्यक्त किया कि राजस्व वाद म. न्यायालय द्वारा यथास्थिति का आदेश प्रदान किया गया है।

इस प्रकार लोकायुक्त सचिवालय द्वारा की गई कार्यवाही के फलस्वरूप परिवादी को विधि अनुसार देय अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 09.10.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(250)लोआस/2011

परिवादी श्री गंगाशरण श्रीवास्तव निवासी-एल-476, श्रीनाथ नगर, हिरणमगरी, सेक्टर-9, उदयपुर द्वारा यह परिवाद दिनांक 30.01.12 को एल.आई.जी. फ्लैट सं. 479 व 480 के भू-स्वामी द्वारा किये गये अतिक्रमण के विरूद्ध कार्यवाही करने के सन्दर्भ म. पेश किया गया। इस परिवाद पर इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही करने पर सचिव, नगर विकास न्यास, उदयपुर द्वारा प्रेषित तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 15.04.14 के अनुसार फ्लैट सं. 473, 474, 479 व 480 के सीढ़ी मार्ग पर किये गये निर्माण व उपस्थित बाधा को हटा दिया गया है।

इस प्रकार लोकायुक्त सचिवालय द्वारा की गई कार्यवाही के फलस्वरूप परिवादी को अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 11.06.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(4)लोआस/2012

परिवादी सूरजमल गर्ग पता-राजेश कटपीस सेन्टर, सुभाष बाजार, टोंक द्वारा यह परिवाद वार्ड नं.5 म. श्री जाकिर अली पुत्र मोहम्मद नबी द्वारा सार्वजनिक कुएं के चौक की सार्वजनिक भूमि पर किये गये अतिक्रमण को हटवाने तथा इस अतिक्रमण को होने देने व अब न हटाने के जिम्मेदार नगर परिषद्, टोंक के अधिकारिया. के विरूद्ध कार्यवाही करने के सम्बन्ध म. दिनांक 11.04.12 को पेश किया गया।

इस परिवाद पर इस सचिवालय द्वारा निरन्तर की गई कार्यवाही के फलस्वरूप अन्ततः आयुक्त, नगर परिषद्, टोंक ने अपनी रिपोर्ट दिनांक 12.09.14 द्वारा अवगत करवाया कि अतिक्रमी जाकिर अली ने न्यायालय सिविल न्यायाधीश (क.ख.), टोंक के यहां वाद प्रस्तुत कर रखा था जिसमें न्यायालय ने विधिक प्रक्रिया अपनाये बिना कार्यवाही न करने हेतु नगर परिषद् को पाबन्द किया हुआ था। न्यायालय के आदेश की पालना म. अतिक्रमी को दिनांक 02.07.14 का नोटिस वास्ते सुनवाई एवं अपना पक्ष म. सबूत, दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु जारी किया गया था जिसके उत्तर म. अतिक्रमी द्वारा कोई जवाब और सबूत प्रस्तुत न करने पर दी गई समयावधि समाप्त हो जाने पर विधि अनुसार उसके द्वारा किया गया अतिक्रमण हटा दिया गया है।

इस प्रकार लोकायुक्त सचिवालय द्वारा की गई कार्यवाही के फलस्वरूप सार्वजनिक सम्पत्ति से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सम्पन्न हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 19.09.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(80)लोआस/2012

परिवादिया श्रीमती रतनी निवासी-आलनपुर, हरिजन बस्ती, सवाईमाधोपुर द्वारा यह परिवाद दिनांक 04.07.12 को इस सन्दर्भ म. पेश किया गया

कि वह अनपढ़ स्त्री है इसलिये उसे पता ही नहीं चला कि वह कब सेवानिवृत्त हो गई। इस प्रकार उससे सेवानिवृत्ति के 27 माह बाद तक कार्य करवाया गया। उसकी आयु 70 वर्ष की हो चुकी है परन्तु अभी तक पेंशन नहीं मिली है।

इस परिवाद म. सचिवालय द्वारा कार्यवाही करने पर निदेशक, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर ने अपने पत्र दिनांक 04.10.13, 05.02.14, 10.04.14, 23.06.14 एवं 30.06.14 द्वारा अवगत करवाया कि परिवादिया दिनांक 01.04.1973 से सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत थी। उसे रोजगार कार्यालय के द्वारा लिया गया था जिस पर उसकी जन्म तिथि 1949 लिखी गई थी। कर्मचारी द्वारा जन्म तिथि का सबूत देने पर श्री राजेन्द्र प्रसाद जैन, तत्कालीन लिपिक द्वारा सेवाभिलेख म. परिवादिया की जन्म तिथि अंकित नहीं की जाकर केवल 1949 ही लिख दिया गया। इस सम्बन्ध म. निदेशालय द्वारा दिये गये आदेश दिनांक 13.04.1944 को आधार जन्म तिथि मानते हुए परिवादिया का पेंशन प्रकरण स्वीकृति हेतु प्रेषित कर दिया गया। प्रकरण म. दोषी पाये गये कर्मचारी श्री राजेन्द्र कुमार जैन, तत्कालीन वरिष्ठ लिपिक 10 वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त हो चुके थे तथा तत्कालीन आयुक्त श्री खलीलुर्रहमान भी सेवानिवृत्त हो चुके थे।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा की गई कार्यवाही के फलस्वरूप परिवादिया को वाँछित अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 11.08.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(94)लोआस/2012

परिवादी श्री भंवर सिंह, निवासी–19 बी, विनायक विहार, जयपुर रोड़, अजमेर द्वारा यह परिवाद नगर निगम पार्षद् श्रवण टोनी द्वारा नगर निगम की भूमि पर वार्ड नम्बर 10 म. कब्जा कर अतिक्रमण कर व्यावसायिक कार्य करने व निगम की सार्वजनिक लाईट का कनेक्शन लेकर निगम को

आर्थिक हानि पहुँचाने के सन्दर्भ म. दिनांक 24.07.12 को पेश किया गया।

आरोपित पार्षद् के राजस्थान लोकायुक्त तथा उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1973 के अन्तर्गत लोक सेवक की परिभाषा म. नहीं आने के कारण परिवाद की प्रति जिला कलेक्टर, अजमेर को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु प्रेषित करते हुए प्रकरण को दिनांक 02.07.13 को नस्तीबद्ध किया गया जिसके उत्तर म. जिला कलेक्टर, अजमेर ने अपने पत्र दिनांक 22.07.14 द्वारा अवगत करवाया कि पार्षद् श्रवण टोनी द्वारा किये गये अतिक्रमण को नगर निगम द्वारा ध्वस्त कर दिया गया है। अतिक्रमण हटाने के छाया चित्र की प्रति व इस सम्बन्ध म. अखबार म. छपी खबर की प्रति भी पत्र के साथ प्रेषित की गयी।

प्रकरण को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित कर दिये जाने पर विभाग द्वारा उचित कार्यवाही कर लिया जाना इस सचिवालय की महत्ता को प्रकट करता है।

एफ.16(118)लोआस/2012

परिवादिया श्रीमती विमला कंवर निवासी-वार्ड नं.8, उनियारा, जिला-टोंक द्वारा यह परिवाद दिनांक 12.09.12 को इस सन्दर्भ म. पेश किया गया कि उसके मकान के पास श्री लालसिंह का मकान है तथा मकाना. के पास सरकारी परकोटा बना हुआ है। श्री लालसिंह ने परकोटे की दीवार को तोड़कर खुला शौचालय बना लिया है जिससे होने वाली गन्दगी से उसे काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। अधिशासी अधिकारी नगरपालिका, उनियारा भ्रष्टाचार म. लिप्त होकर अतिक्रमी को संरक्षण दे रहे हैं।

इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही करने पर जिला कलेक्टर, टोंक से प्राप्त तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 22.05.14 के अनुसार उक्त श्री लालसिंह द्वारा

बनवाये गये खुले शौचालय को दिनांक 14.05.14 को तुड़वा दिया गया है। इस प्रकार परिवाद म. पूर्ण अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 19.08.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(137)लोआस/2012

परिवादी हरीश चण्डक निवासी-कल्याणपुरा मार्ग, नम्बर-5, बाड़मेर द्वारा यह परिवाद दिनांक 02.11.12 को इस सन्दर्भ म. पेश किया गया कि उसके द्वारा अपने रिश्तेदारा. की तीन पत्रावलियां भू-खण्डा. के पट्टे प्राप्त करने हेतु नगर परिषद्, बाड़मेर म. प्रस्तुत की गयी थीं जिनके पेटे लिपिक योगेश आचार्य द्वारा रूपये 1500/- के हिसाब से कुल 4500/- लिये गए परन्तु उनकी कोई रसीद नहीं दी गयी। बाद म. लिपिक द्वारा उक्त पत्रावलियां ही गायब कर दी गयीं। इस परिवाद म. कार्यवाही किए जाने पर नगर परिषद्, बाड़मेर से प्राप्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के अनुसार उपर्युक्त तीना. पत्रावली सं. 47, 48 एवं 49 म. पट्टे जारी किए जा चुके हैं एवं पंजीयन भी करवाया जा चुका है।

परिवादी श्री हरीश चण्डक ने इस सचिवालय की कार्यवाही से संतुष्ट होकर आभार व्यक्त करते हुए पत्र दिनांक 03.12.14 प्रेषित किया जिसकी संक्षिप्त प्रति निम्नवत् है:-

> ''मैंने इस प्रकरण म. आपके सचिवालय से पहले कई अधिकारिया. एवं विभागा. म. शिकायतें कीं मगर मुझे कोई राहत नहीं मिली। मगर जब मैंने आपके सचिवालय म. प्रकरण दर्ज करवाया तो मुझे, मेरे रिश्तेदारा. को नगर परिषद्, बाड़मेर से पट्टे मिल गये हैं जिससे मेरी समस्या का निस्तारण हो गया है। इसलिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूँ।''

इस प्रकार लोकायुक्त सचिवालय द्वारा की गई कार्यवाही के फलस्वरूप परिवादी को अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 11.12.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(173)लोआस/2012

परिवादिया श्रीमती मिश्री देवी व अन्य निवासी–वार्ड संख्या 18, सांसी मौहल्ला, सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर द्वारा यह परिवाद उसके मकान के सामने रास्ते म. अनाधिकृत रूप से किए गए कब्जे की शिकायत करने के बावजूद अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका, सूरतगढ़ श्री पृथ्वीराज जाखड़ द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किये जाने के सन्दर्भ म. दिनांक 21.02.13 को पेश किया गया।

इस परिवाद पर इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही किये जाने के बाद निदेशक, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर ने अपने पत्र दिनांक 14.02.14 के द्वारा अवगत करवाया कि अतिक्रमी श्री सोहनलाल द्वारा माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर म. प्रस्तुत की गई एस.बी. क्रिमिनल मिसलेनियस पिटीशन सं.1600/08 को न्यायालय द्वारा अपने निर्णय दिनांक 23.01.13 द्वारा खारिज कर अतिरिक्त जिला कलेक्टर, सूरतगढ़ के निर्णय दिनांक 31.03.2008 को बहाल रखने का आदेश देने पर प्रश्नगत अतिक्रमण को दिनांक 12.02.13 को हटा दिया गया है।

इस प्रकार परिवाद म. पूर्ण अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 09.04.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(22)लोआस/2013

परिवादी श्री रामेदव किशनपुरिया निवासी–वार्ड नम्बर 15, लूदी बास, राजगढ़, सादुलपुर, जिला–चूरू द्वारा यह परिवाद दिनांक 18.04.13 को इस

सन्दर्भ म. पेश किया गया कि गोपाल सोनी वार्ड नम्बर 15 कस्बा राजगढ़, जिला-चूरू द्वारा आवासीय भवन निर्माण की अनुमति लेने के बाद 9 व्यावसायिक दुकाना. का निर्माण करवा लिया गया है परन्तु निर्माण स्वीकृति के विपरीत निर्माण करवाने पर नगरपालिका के अधिकारिया. एवं कर्मचारिया. द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस परिवाद पर कार्यवाही किए जाने के बाद अध्यक्ष, नगरपालिका, राजगढ़ ने अपने पत्र दिनांक 29.04.14 द्वारा अवगत करवाया कि आरोपी द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन का प्रार्थना-पत्र पेश करने पर उसके द्वारा नियमानुसार भू-उपयोग परिवर्तन की राशि रूपये 1,01,253/- तथा व्यावसायिक निर्माण स्वीकृति की राशि रूपये 6644/- जमा करवा दी गई है। परिवादी द्वारा उक्त रिपोर्ट पर कोई आक्षेप भी पेश नहीं किए गए।

इस प्रकार लोकायुक्त सचिवालय द्वारा की गई कार्यवाही के फलस्वरूप परिवादी को अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 03.07.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(37)लोआस/2013

परिवादी श्री औंकार सिंह निवासी-ग्राम कचोलिया, तहसील-मकराना, जिला-नागौर ने यह परिवाद दिनांक 01.05.13 को इस आशय का पेश किया कि उसने जोधपुर विकास प्राधिकरण की विवेक विहार आवासीय योजना म. भू-खण्ड आवंटन हेतु दिनांक 19.08.11 को पंजीकरण राशि रूपये 20,000/- यस बैंक म. जरिये चालान जमा करवाई थी। भूखण्ड का आवंटन न होने पर उसने उक्त पंजीकरण राशि लौटाने के लिए जोधपुर विकास प्राधिकरण एवं यस बैंक के कई चक्कर लगाये, पंजीकृत नोटिस भी दिया लेकिन फिर भी उसकी पंजीकरण राशि नहीं लौटाई जा रही है।

इस सचिवालय द्वारा परिवाद म. निरन्तर कार्यवाही किए जाने के बाद जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर ने अन्ततः अपने पत्र दिनांक 12.06.14 द्वारा अवगत करवाया कि परिवादी श्री औंकार सिंह को पंजीकरण राशि रूपये 20,000/- का भुगतान डी.डी. सं.128516 द्वारा कर दिया गया है जिसका भुगतान परिवादी को दिनांक 21.05.13 को ही प्राप्त हो चुका है।

इस प्रकार लोकायुक्त सचिवालय द्वारा की गई कार्यवाही के फलस्वरूप परिवादी को पूर्ण अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 20.06.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(38)लोआस/2013

डॉ. मदन राज चौधरी निवासी 17ई/797, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, जोधपुर द्वारा यह परिवाद श्री महेश जावा, स्वास्थ्य निरीक्षक द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने के सन्दर्भ म. दिनांक 01.05.13 को पेश किया गया।

इस सचिवालय द्वारा निरन्तर कार्यवाही किये जाने के बाद नगर निगम, जोधपुर ने अपने पत्र दिनांक 21.05.14 द्वारा अवगत करवाया कि परिवादी अपने उक्त आवास म. सीवर का कनेक्शन करवा रहा था जिसके लिए उसके द्वारा कोई स्वीकृति नहीं ली गई थी। निगम के वार्ड प्रभारी द्वारा बिना स्वीकृति सीवर कनेक्शन करवाने के विषय पर रोके जाने पर दोना. म. तकरार हो गई जिससे नाराज होकर परिवादी ने शिकायत की है। परिवादी से व्यक्तिशः सम्पर्क किया जाकर उसकी समस्या का समाधान कर दिया गया है। वार्ड प्रभारी को भविष्य म. आमजन से विनम्र व्यवहार करने तथा अवैध कार्य को रोकने के मामलों मे तकरार करने के बजाय नियमानुसार विधिक कार्यवाही करने के निर्देश दे दिये गये हैं।

परिवादी द्वारा पत्र दिनांक 01.06.14 लिखे जाने के बावजूद भी उक्त रिपोर्ट के परिप्रेक्ष्य म. कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई। अतः सम्पूर्ण अनुतोष प्रदान किया जाना मानते हुए यह परिवाद दिनांक दिनांक 19.08.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(129)लोआस/2013

परिवादी कृष्ण गोपाल निवासी-बस स्टेण्ड के बाहर, हरिजन बस्ती, मालपुरा जिला टोंक द्वारा यह परिवाद दिनांक 18.07.13 को इस आशय का पेश किया गया कि उसकी माताजी स्व.श्रीमती भगवती देवी पत्नी श्री बुद्धाराम हरिजन की दिनांक 29.09.11 को नगरपालिका, मालपुरा म. सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत रहते हुए ब्लड कैन्सर से मृत्यु हो गई थी। दो वर्ष की अवधि व्यतीत हो जाने के बावजूद भी न तो सेवापुस्तिका पूर्ण की जा रही है और न ही सेवानिवृत्ति के परिलाभा. का भुगतान किया जा रहा है। श्री श्यामलाल चंवरिया, लिपिक द्वारा इन कार्यो के लिए रिश्वत की मांग की जा रही है।

इस सम्बन्ध म. कार्यवाही करने पर अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, मालपुरा ने अपने पत्र दिनांक 28.03.14 के द्वारा अवगत करवाया कि श्रीमती भगवती की मृत्यु उपरान्त देय ग्रेच्यूटी, उपार्जित अवकाश एवं कर्मचारी अंशदान का भुगतान नगरपालिका द्वारा उसके पति श्री बुद्धाराम को किया गया है। पेंशन प्रकरण उप निदेशक क्षेत्रीय, अजमेर को भिजवाया जा चुका है। 142 अनुपयोजित उपार्जित अवकाशा. का नगद भुगतान कर दिया गया है। श्री श्यामलाल चंवरिया, लिपिक के विरूद्ध आरोप प्रमाणित नहीं होना बताया गया।

इस प्रकार लोकायुक्त सचिवालय द्वारा की गई कार्यवाही के फलस्वरूप परिवादी को अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 11.04.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(186)लोआस/2013

परिवादी श्री नरेश सुखाड़िया निवासी–जटिया. का मोहल्ला, भीनमाल, जिला–जालौर ने यह परिवाद दिनांक 07.10.13 को इस आशय का पेश किया कि उसने अपनी पत्नी श्रीमती विद्या सुखाड़िया के नाम से दो प्लाट रजिस्ट्रीशुदा नीलकण्ठ कॉलोनी म. क्रय किए थे। उक्त भू–खण्डा. के पट्टे बनाने हेतु नगरपालिका, भीनमाल म. पत्रावलियां लगाई थी। श्री कैलाशचन्द व्यास, कनिष्ठ अभियन्ता से मिलने पर उसने सही रिपोर्ट करने के लिए परिवादी से रूपये 4000/- की रिश्वत की मांग की जो नहीं देने पर एक प्लाट की राशि रूपये 22,000/- निकाल दिये।

इस सम्बन्ध म. निरन्तर कार्यवाही करने पर अन्ततः निदेशक, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर ने अपने पत्र दिनांक 06.05.14 द्वारा अवगत करवाया कि परिवादी को दिनांक 26.12.13 को पट्टे जारी कर दिये गये हैं तथा क्रय किये गये भूखण्डा. के खसरे म. 17.6.1999 से पूर्व की बसावट होने के सम्बन्ध म. सबूत प्राप्त होने व दिनांक 14.12.12 को निकले 90 ए के आदेश के आधार पर डिमाण्ड राशि म. त्रुटिवश लिया गया विकास शुल्क वापस कर दिया गया है।

परिवादी द्वारा इस सचिवालय म. दिनांक 07.10.13 को शिकायत प्रस्तुत की गई थी जिसके सम्बन्ध म. निदेशक, स्थानीय निकाय विभाग से पत्र दिनांक 24.10.13 से तथ्यात्मक प्रतिवेदन मांगा गया। प्राप्त तथ्यात्मक प्रतिवेदन दिनांक 06.05.14 के अनुसार परिवादी को दिनांक 26.12.13 को ही पट्टे जारी कर दिये गये। इस प्रकार लोकायुक्त सचिवालय द्वारा की गई कार्यवाही के फलस्वरूप परिवादी को लगभग 2 माह के रिकार्ड समय म. पूर्ण अनुतोष प्राप्त हो गया जिस पर यह परिवाद परिवादी से कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर दिनांक 02.07.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(188)लोआस/2013

परिवादी श्री बजरंग लाल पुत्र श्री बालाराम, बाजार नं.2, रामगंजमण्डी, कोटा ने यह परिवाद दिनांक 07.10.13 को इस आशय का पेश किया कि उसकी एक जमीन 0.89 हैक्टेयर खसरा नं. 411, 412 ग्राम सांडपुर म. स्थित है। उसने दिनांक 06.12.12 को रामगंजमण्डी नगरपालिका म. उक्त भूमि म. धनिया क्लिनिंग व ग्रेडिंग कृषि आधारित लघु उद्योग हेतु भू-उपयोग परिवर्तन का आवेदन प्रस्तुत किया था जिस पर नरगपालिका द्वारा वरिष्ठ नगर नियोजक, कोटा से तकनीकी राय मांगी गई। परिवादी का आरोप है कि वरिष्ठ नगर नियोजक ने उसके आवेदन के सम्बन्ध म. बार-बार अनुचित आक्षेप लगा दिये जबकि रामगंजमण्डी के मास्टर प्लान के पेज नं.66 पर स्पष्ट रूप से लिखा है कि परिधि नियंत्रण पट्टी म. कृषि आधारित लघु उद्योग आ सकग़े। अतः दोषी वरिष्ठ नगर नियोजक को जाँच कर दण्डित किया जावे।

इस परिवाद के सम्बन्ध म. निदेशक, स्थानीय निकाय विभाग, राजस्थान, जयपुर ने अपने पत्र दिनांक 14.05.14 एवं 13.10.14 द्वारा अवगत करवाया कि वरिष्ठ नगर नियोजक, कोटा द्वारा नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण करने हेतु समय-समय पर आक्षेपा. की पूर्ति करवाकर अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, रामगंजमण्डी को उनके विभागीय पत्रांक 1894 दिनांक 17.09.13 के द्वारा निर्देशित करते हुए भवन निर्माण स्वीकृति रीको के निर्धारित मानदण्डा. के अनुरूप किये जाने हेतु लिखा। तदुपरान्त परिवादी को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क के अधीन पारित किये गये आदेश दिनांक 12.05.14 के तहत दिनांक 18.06.14 को पट्टा जारी कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को सम्पूर्ण अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह प्रकरण इस सचिवालय स्तर पर दिनांक 04.03.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(219)लोआस/2013

परिवादी श्री आनन्द चौधरी निवासी-1-सी-7, तलवण्डी, कोटा द्वारा यह परिवाद नगर विकास न्यास व नगर निगम, कोटा के अधिकारिया. के विरूद्ध दिनांक 21.10.13 को इस सन्दर्भ म. पेश किया कि उसके द्वारा जरिये नीलामी 112.98 वर्गफीट का भू-खण्ड सं. 21 तलवण्डी योजना म. क्रय किया गया था। परिवादी ने उसके पेटे कुल रूपये 5,08,096/- जमा करवाये लेकिन उक्त भू-खण्ड के सन्दर्भ म. उसे 96.84 वर्गफीट क्षेत्रफल का ही भू-खण्ड आवंटित किया गया।

इस परिवाद के सम्बन्ध म. संभागीय आयुक्त, कोटा से पत्र दिनांक 17.12.13 द्वारा तथ्यात्मक प्रतिवेदन मांगा गया जिसके उत्तर म. सम्भागीय आयुक्त, कोटा ने अपने पत्र दिनांक 21.04.14 द्वारा अवगत करवाया कि परिवादी को अन्तर राशि 79,053/- का चैक सं.319313/28.02.14 दिनांक 05.03.14 को दे दिया गया है।

इस प्रकार लोकायुक्त सचिवालय द्वारा की गई कार्यवाही के फलस्वरूप परिवादी को लगभग ढाई माह म. पूर्ण अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 11.04.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(228)लोआस/2013

परिवादी श्री गजेन्द्र प्रकाश शर्मा निवासी-जेठिया. का अखाड़ा, किशोरपुरा, कोटा द्वारा यह परिवाद दिनांक 22.10.13 को श्रीमती सन्तोष बाई द्वारा उसके रजिस्ट्रीशुदा मकान के आगे 20×16 की सरकारी ओपन लैण्ड पर किये गए अतिक्रमण को हटवाये जाने के सन्दर्भ म. पेश किया गया।

इस सम्बन्ध म. नगर निगम, कोटा से इस सचिवालय के पत्र दिनांक 17.12.13 के द्वारा तथ्यात्मक प्रतिवेदन मांगा गया जिसके उत्तर म. पत्र दिनांक 18.06.14 द्वारा अवगत करवाया गया कि प्रकरण म. समय पर पुलिस बल नहीं मिलने के कारण अतिक्रमण हटाने म. विलम्ब हुआ। अब दिनांक 18.06.14 को मौके से अतिक्रमण हटा दिया गया है।

इस प्रकार लोकायुक्त सचिवालय द्वारा की गई कार्यवाही के फलस्वरूप लगभग 6 माह के भीतर अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही सम्पन्न हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 19.06.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(266)लोआस/2013

परिवादी श्री चैननाथ निवासी ग्राम केलवाड़ा, पंचायत समिति, कुम्भलगढ़, जिला राजसमंद ने यह परिवाद दिनांक 25.11.13 को ग्राम केलवाड़ा म. सी.सी. रोड़ बनाने म. घटिया सामाग्री का उपयोग करने के सम्बन्ध म. प्रस्तुत किया है।

इस परिवाद पर कार्यवाही करने पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, राजसमंद ने अपने पत्र दिनांक 21.05.14 एवं अधीक्षण अभियन्ता, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, वृत्त राजसमंद ने अपने पत्र दिनांक 21.08.14 के द्वारा अवगत करवाया कि पानी की पाइप लाइन डालने से क्षतिग्रस्त हुई सी.सी. रोड़ की मरम्मत कर दी गई है। घटिया सामग्री का उपयोग नहीं किया गया है। परिवादी से इस संदर्भ म. आक्षेप प्रस्तुत करने हेतु लिखा गया जो कि प्राप्त नहीं हुए। अतः इस प्रकरण को सम्पूर्ण अनुतोष प्रदान किया गया मानते हुए परिवाद कार्यवाही को इस सचिवालय स्तर पर दिनांक 02.01.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(305)लोआस/2013

परिवादी श्री संजय शर्मा पुत्र श्री ब्रहमदेव शर्मा, एस-2, बालाजी फार्म, सोडाला, जयपुर ने दिनांक 05.12.14 को करतारपुरा नाले म. अवैध रूप से भराव कर भूखण्ड काटे जाने की शिकायत की और पुष्टि म. छाया चित्रा. की फोटो प्रतियां भी प्रेषित कीं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पत्र दिनांक 09.05.14 लिखा जाकर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम, जयपुर से तथ्यात्मक प्रतिवेदन मांगा गया जिसके प्रत्युत्तर म. प्रश्नगत क्षेत्र के जयपुर विकास प्राधिकरण के क्षेत्राधिकार म. होने के तथ्य से अवगत कराने पर पत्र दिनांक 21.07.14 लिखा जाकर जयपुर विकास प्राधिकरण से तथ्यात्मक रिपोर्ट मंगवाई गई। इस संदर्भ म. सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण ने अपने पत्र दिनांक 09.09.14 द्वारा अवगत करवाया कि अतिक्रमिया. के विरूद्ध पुलिस थाना म. एफ.आई.आर. सं. 89/13 व 146/13 दर्ज करवाई गई है तथा दिनांक 21.08.14 को निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया है तथा भविष्य म. कोई शिकायत प्राप्त होने पर प्रभावी कार्यवाही की जायेगी। इस सम्बन्ध म. परिवादी से दो पत्र दिनांक 22.09.14 व 21.11.14 लिखे जाने के बावजूद भी कोई आपत्तियां प्राप्त नहीं हुई जिस पर इस प्रकरण को सम्पूर्ण अनुतोष प्रदान किया जाना मानते हुए दिनांक 16.01.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

उपर्युक्त विवरण से प्रकट है कि इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही करने पर प्राधिकरण द्वारा एक माह की अवधि म. ही अतिक्रमिया. के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जो इस सचिवालय की महत्ता और उपयोगिता को दर्शित करता है।

एफ.16(317)लोआस/2013

परिवादी श्री महेश शर्मा, करधनी गोविंदपुरा नागरिक समिति, दुकान नं. 209, करधनी स्कीम गोविंदपुरा, कालवाड रोड़, जयपुर ने यह परिवाद दिनांक 07.02.14 को करधनी आवासीय योजना म. आवासीय भूखण्ड सं.ए–40, ए–151, बी–19, बी–158, बी–167 एवं बी–168 म. बहुमंजिला व्यावसायिक निर्माण करवाने के आरोप के सम्बन्ध म. पेश किया। परिवादी द्वारा दो पत्र लिखे जाने के बावजूद भी शिकायत के समर्थन म. शपथ–पत्र पेश नहीं किया गया परन्तु मामला जनहित से जुड़ा हुआ होने के कारण स्वप्रेरणा से प्रसंज्ञान लेकर जयपुर विकास प्राधिकरण को पत्र दिनांक 20.05.14 लिखा जाकर तथ्यात्मक प्रतिवेदन मांगा गया।

इस सम्बन्ध म. सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण ने अपने पत्र दिनांक 03.09.14 द्वारा अवगत करवाया कि भूखण्ड संख्या ए–40 के स्वामी को अवैध निर्माण के विरूद्ध जयपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1982 की धारा 32, 33 के अधीन नोटिस दिया जाकर न्यायालय क्रम–1, जविप्रा म. चालान पेश किया जा चुका है जो विचाराधीन है। शेष दुकान/भूखण्ड स्वामिया. का पता नहीं लगने के कारण दिनांक 30.06.14 को धारा 32 के नोटिस जारी चस्पा करवाये गये तथा दिनांक 27.08.14 को न्यायालय क्रम–1, जविप्रा म. चालान प्रस्तुत किये जा चुके हैं। इस कार्यवाही के सम्बन्ध म. परिवादी को कोई आपत्ति हो तो पेश करने के लिए पत्र दिनांक 01.01.15 द्वारा लिखा गया। परिवादी द्वारा कोई आपत्ति पेश नहीं किये जाने पर इस प्रकरण को अनुतोष प्रदान किया गया मानते हुए दिनांक 10.02.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(327)लोआस/2013

परिवादी श्री कैलाश चन्द विजय, 26 कैलाशपुरी, कांटा झोटवाड़ा, जयपुर ने यह परिवाद दिनांक 06.02.14 को इस सचिवालय म. इस आशय का

पेश किया कि जोन–2 जयपुर शहर म. अवैध निर्माण व आम रास्ते म. रखे गए कियोस्क सं. 17–18 को हटाया जाये।

इस परिवाद पर इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही करने पर जयपुर विकास प्राधिकरण ने अपने पत्र दिनांक 15.06.14 द्वारा अवगत करवाया कि विद्याधर नगर–बी म. स्थित कियोस्क सं. 17–18 को दिनांक 14.11.11 को सामूहिक अभियान म. हटाया जाकर जब्त कर लिया गया है। इस प्रकार परिवाद में वांछित अनुतोष प्राप्त होने के फलस्वरूप यह परिवाद दिनांक 12.12.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(357)लोआस/2013

परिवादी श्री प्रशान्त मेहता निवासी–236, ओम टैक्सटाईल्स टॉवर, भीलवाड़ा द्वारा यह परिवाद राजस्थान आवासन मण्डल के विरूद्ध नीलामी म. खरीदे गए भू–खण्ड पर आरक्षित दर से अधिक दर पर लीज रेन्ट वसूल किए जाने व सम्पूर्ण राशि जमा कराने के बावजूद कब्जा न देने एवं रजिस्ट्री न करवाने के सन्दर्भ म. दिनांक 18.03.14 को पेश किया गया।

इस सम्बन्ध म. पत्र दिनांक 21.04.14 से आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर से तथ्यात्मक प्रतिवेदन मांगा गया जिसके उत्तर म. पत्र दिनांक 11.12.14 एवं 27.02.15 द्वारा अवगत करवाया कि परिवादी श्री प्रशान्त मेहता को रिजर्व प्राइस पर लीज की गणना कर संशोधित आवंटन पत्र दिनांक 18.11.14 जारी किया जा चुका है। अदेय प्रमाण पत्र एवं लीज मुक्ति प्रमाण पत्र दिनांक 23.02.15 को जारी किया जा चुका है एवं रजिस्ट्री के कागजात तैयार करके परिवादी को रजिस्ट्री हेतु दिये जा चुके हैं। अतः परिवादी की समस्त आपत्तिया. का निराकरण कर दिया गया।

इस प्रकार लोकायुक्त सचिवालय द्वारा की गई कार्यवाही के फलस्वरूप परिवादी को अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 30.03.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(374)लोआस/2013

परिवादी श्री सोमेश आर्य, पता-डी 79, शिवाड़ एरिया, मंगल मार्ग, बापू नगर, जयपुर ने यह परिवाद दिनांक 21.03.14 को उक्त आवासीय परिसर म. व्यावसायिक गतिविधिया. के संचालन को रूकवाने के सम्बन्ध म. प्रस्तुत किया। इस परिवाद पर इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही करने के उपरान्त नगर निगम, जयपुर से प्राप्त तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 13.01.15 के अनुसार तहखाने म. व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करना पाया जाने पर नियमानुसार नोटिस जारी कर उक्त परिसर को सीज कर दिया गया है।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही किए जाने के बाद परिवादी को अनुतोष प्राप्त होने पर यह परिवाद दिनांक 13.01.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(396)लोआस/2013

परिवादी श्री रमेश चंद कोली, निवासी-पी-15, नीलकण्ठ महादेव मन्दिर के पास, सुभाष नगर, वार्ड नम्बर 46, भीलवाड़ा द्वारा यह परिवाद उसके पड़ौसी नन्दलाल बैरवा द्वारा नाली के रास्ते म. 3×15 फीट म. स्थाई रूप से किये गये अतिक्रमण तुड़वाने, बाथरूम के सामने निकाली गयी खिड़की को स्थाई रूप से बन्द करवाने, मकान के बाहर सरकारी नाली का निर्माण करने व कचरा पात्र रखवाने के सन्दर्भ म. दिनांक 27.03.14 को पेश किया गया।

इस परिवाद के सन्दर्भ म. कार्यवाही करने पर जिला कलेक्टर, भीलवाड़ा ने नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा से प्राप्त सूचना के आधार पर अपने पत्र दिनांक 20.01.15 द्वारा यह अवगत करवाया कि सुभाषनगर म. परिवादी के मकान के सामने पड़ौसी श्री नन्दलाल बैरवा द्वारा नाली के रास्ते पर चबूतरी का निर्माण कर किये गये अतिक्रमण को हटा दिया गया है एवं न्यास द्वारा नाली का निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही किए जाने के बाद परिवादी को लगभग 9 माह म. पूर्ण अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 26.03.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(403)लोआस/2013

परिवादी राधेश्याम मीणा निवासी-जोधा मण्डल खेडा, ट्रांसपोर्ट नगर, भीलवाड़ा द्वारा यह परिवाद जोधा मण्डल खेड़ा, ट्रांसपोर्ट नगर म. सड़क, नाली व हैण्डपम्प के अभाव के सन्दर्भ म. दिनांक 27.03.14 को पेश किया गया। इस सम्बन्ध म. सम्भागीय आयुक्त, अजमेर से पत्र दिनांक 21.04.14 से तथ्यात्मक प्रतिवेदन मांगे जाने पर उन्होंने पत्र दिनांक 03.09.14 द्वारा अवगत करवाया गया कि नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा 30 लाख रूपए खर्च कर सी.सी. रोड़ व नालिया. का निर्माण करवा दिया गया है। हैण्डपम्प स्वीकृति की प्रक्रिया जारी है।

इस प्रकार लोकायुक्त सचिवालय द्वारा की गई कार्यवाही के फलस्वरूप परिवादी को लगभग साढ़े पांच माह म. अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 19.09.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(441)लोआस/2013

परिवादी श्री विरेन्द्र सिंह निवासी–बी–182 ट्रांसपोर्ट नगर, अलवर द्वारा यह परिवाद विजयनगर, अलवर म. मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने व दुकान सं. बी–110 ट्रांसपोर्ट नगर म. विद्युत् कनेक्शन करवाने के सन्दर्भ म. दिनांक 31.03.14 को पेश किया गया।

इस सम्बन्ध म. अध्यक्ष, नगर विकास न्यास, अलवर से पत्र दिनांक 21.04.14 से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगे जाने पर उनके पत्र दिनांक 03.09.14 के द्वारा अवगत करवाया गया कि परिवादी का विद्युत् कनेक्शन दिनांक 20.03.14 को जारी किया जाकर दिनांक 24.03.14 को चालू कर दिया गया है। मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार का नीतिगत मामला है।

इस प्रकार लोकायुक्त सचिवालय द्वारा की गई कार्यवाही के फलस्वरूप परिवादी को अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 10.11.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(452)लोआस/2013

परिवादी रमेश चंद निवासी–म.नं.–566 बी/28, गीतानगर, बिहारीगंज, अजमेर द्वारा यह परिवाद दिनांक 31.03.14 को सीवर लाईन म. घटिया सामग्री इस्तेमाल करने एवं मेन–होल लीक होने के सन्दर्भ म. पेश किया गया। इस परिवाद के सम्बन्ध म. आयुक्त, अजमेर विकास प्राधिकरण से पत्र दिनांक 23.04.14 से तथ्यात्मक रिपोर्ट मंगवाई गई जिसके उत्तर म. उनके पत्र दिनांक 11.06.14 द्वारा अवगत करवाया गया कि ठेकेदार द्वारा निर्धारित समय म. कार्य पूर्ण न करने पर उसे हटा दिया गया है। सीवर लाईन का कार्य अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है एवं ओवरफ्लो की समस्या समाप्त कर दी गयी है। परिवादी ने पत्र दिनांक

05.08.14 लिखे जाने के बावजूद कोई आपत्ति पेश नहीं की। अतः इस प्रकरण को वाँछित अनुतोष प्रदान किया गया मानते हुए दिनांक 19.11.14 को नस्तीबद्ध किया गया। लगभग 2 माह की अल्पावधि म. अनुतोष प्राप्त होना इस सचिवालय की महत्ता को प्रकट करता है।

एफ.16(459)लोआस/2013

परिवादी श्री गुलाबचंद पुत्र श्री जेठानंद, जे.के.सीमेन्ट, सरवाड़, जिला अजमेर ने दिनांक 31.03.14 को यह परिवाद श्री दुर्गा लाल द्वारा निर्माण स्वीकृति के विपरीत दस फीट अधिक भूमि पर अवैध रूप से निर्माण करवा लेने के सम्बन्ध म. पेश किया।

इस सम्बन्ध म. अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, सरवाड़, जिला अजमेर से पत्र दिनांक 11.06.14 से तथ्यात्मक प्रतिवेदन मांगे जाने पर उनके पत्र दिनांक 06.08.14 के द्वारा अवगत करवाया गया कि श्री दुर्गालाल निवासी सरवाड़ को भवन निर्माण स्वीकृति दिनांक 21.11.12 को दी गई थी जिसमें उसको रोड़ के मध्य से 40 फीट रास्ता छोड़ते हुए स्वीकृति दी गई थी किन्तु उसके द्वारा पड़ौसी की बनी हुई दुकाना. की लाइन म. 10 फीट भूमि पर अतिक्रमण करते हुए दुकाना. का निर्माण करवा लिया गया। इस पर निर्माणकर्त्ता को राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 194, 245 के अधीन अतिक्रमण हटाने हेतु नोटिस क्रमांक 437-39 दिनांक 21.06.13 व 134 दिनांक 19.03.14 व 132 दिनांक 17.06.14 जारी किये गये। श्री दुर्गालाल द्वारा उक्त भूमि को पड़ौसी दुकाना. की लाइनिंग होने से 32.3×10 फीट भूमि को क्रय करने हेतु पत्रावली दिनांक 03.07.14 को नगरपालिका म. प्रस्तुत की जिस पर मण्डल सभा म. ही निर्णय किया जाना प्रस्तावित है। परिवादी श्री गुलाबचन्द की ओर निकाला गया जंगला बंद हो चुका है।

परिवादी को उक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट पर यदि कोई आपत्ति हो तो पेश करने हेतु पत्र दिनांक 27.10.14 एवं स्मरण पत्र दिनांक 09.12.14 लिखे गये। परिवादी द्वारा कोई आपत्ति पेश नहीं करने पर अनुतोष प्रदान किया गया मानते हुए दिनांक 20.01.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(468)लोआस/2013

परिवादी श्री परमानंद गोयल, 706, शरतकुंज अपार्टमेंट, सी–58/18 सेक्टर 62, नोएड़ा, उत्तरप्रदेश ने यह परिवाद दिनांक 31.03.14 को इस आशय का पेश किया कि भूखण्ड संख्या बी–53, त्रिवेणी नगर, जयपुर म. भवन नियमा. के विरूद्ध सेटबैक म. अवैध निर्माण कराया जा रहा है जिसे रूकवाया जावे एवं ध्वस्त करवाया जावे।

परिवादी द्वारा शिकायत के समर्थन म. शपथ पत्र पेश न करने पर यह परिवाद दिनांक 20.06.14 को नस्तीबद्ध कर इसकी एक प्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर को प्रेषित की गई जिसके प्रत्युत्तर म. उनके कार्यालय के पत्र दिनांक 25.07.14 एवं 29.12.14 के द्वारा अवगत करवाया गया कि भूखण्ड सं.बी–53, त्रिवेणी नगर, जयपुर म. अनधिकृत रूप से सेटबैक कवर करते हुए प्रथम मंजिल पर निकाली गई बालकोनी के निर्माण को ध्वस्त करवा दिया गया है और रोड़ पर लगाई गई लोहे की ग्रिल को भी हटवा दिया गया है।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही किए जाने के बाद परिवादी को पूर्ण अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 06.01.15 को अंतिम रूप से नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(36)लोआस/2014

परिवादी डॉ.राजेश कटेवा, प्लाट नं. 33, जय जवान कॉलोनी–प्रथम, टोंक

रोड़, जयपुर ने यह परिवाद दिनांक 02.05.14 को इस सचिवालय म. पेश कर जय जवान कॉलोनी प्रथम, टोंक रोड़ के अनुमोदित ले-आऊट प्लान को सड़क चौडाई म. गैर कानूनी रूप से रद्दोबदल कर भूमाफियाआ. को फायदा पहुँचाने की शिकायत की है।

इस परिवाद पर इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही करने के उपरान्त जयपुर विकास प्राधिकरण से प्राप्त रिपोर्ट दिनांक 30.06.14 के अनुसार जोनल लेवल कमेटी की बैठक दिनांक 28.03.13 म. रखकर मौके पर उपलब्धता के मुताबिक प्रश्नगत 60 फीट की सेक्टर रोड़ को 30 फीट रखने का निर्णय लेकर अनुमोदित मानचित्र पर संशोधन नोट अंकित किया गया। उक्त संशोधन सेन्ट्रल रिकार्ड म. जमा नक्शे एवं जोन के नक्शे पर किया गया परन्तु जोन का उक्त नक्शा पत्रावली पर नत्थी नहीं होने से पूर्व म. जारी जय जवान कॉलोनी-प्रथम के अनुमोदित मूल नक्शे के अनुसार ही 60 फीट रोड़ मानते हुए ख.नं. 1/204 पर सृजित भूखण्ड सं. 2, 3 व 4 की आवंटन कार्यवाही की गई। चूंकि संशोधित मानचित्र ख.नं. 1/204 की पत्रावली पर नत्थी नहीं था, इस कारण सहवन से उक्त भूखण्डा. के पट्टे 30 फीट की बजाय 60 फीट पर जारी हो गये, ध्यान म. लाये जाने पर उक्त त्रुटि को नियमानुसार दुरूस्त करते हुए भूखण्ड सं. 2, 3 व 4 के संशोधित साईट प्लान दिनांक 02.06.14 को जारी हुए पत्रावली के नक्शे पर भी दुरूस्ती कर ली गई है।

इस प्रकार परिवादी को वाँछित अनुतोष प्राप्त होने के फलस्वरूप यह परिवाद दिनांक 15.12.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(41)लोआस/2014

परिवादी श्यामसुन्दर तापड़िया पुत्र श्री कन्हैयालाल तापड़िया, ए-24, चन्दवरदाई नगर, अजमेर ने यह परिवाद दिनांक 06.05.14 को इस सचिवालय म. इस आशय का पेश किया कि पृथ्वीराज नगर योजना म.

प्लॉट सं. सी–123 की लीज डीड जारी नहीं की जा रही है जबकि आवंटन पत्र जारी हो चुका है। साथ ही श्री नवलकिशोर गुप्ता, भूमि अवाप्ति अधिकारी के विरूद्ध भी शिकायत प्रस्तुत की है।

इस परिवाद पर सचिवालय द्वारा कार्यवाही करने के उपरान्त कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, अजमेर से प्राप्त रिपोर्ट दिनांक 16.07.14 के अनुसार परिवादी के भू–खण्ड संख्या सी–123 पर अतिक्रमण होने से लीज डीड जारी नहीं की गई। उक्त क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करवाये जाने के बाद ही लीज डीड जारी करने की कार्यवाही की जावेगी। श्री नवलकिशोर गुप्ता, भूमि आवाप्ति अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। उनका लीज डीड जारी करने से कोई सम्बन्ध नहीं है। भू–खण्ड की लीज डीड जारी करने का कार्य योजना प्रभारी का होता है। परिवादी से उक्त रिपोर्ट पर आपत्ति पेश करने हेतु लिखे जाने पर उसने अपने पत्र दिनांक 20.9.14 द्वारा अवगत करवाया है कि प्रश्नगत भू–खण्ड संख्या सी–123 की लीज डीड जारी कर दी गई है।

इस प्रकार परिवादी को वाँछित अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 10.12.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(49)लोआस/2014

परिवादी डॉ.यदुनाथ दशानन ने यह परिवाद दिनांक 07.05.14 को प्रस्तुत कर प्रार्थना की कि मैसर्स एन.एस.पब्लिसिटी इण्डिया प्राईवेट लि. के विरूद्ध जयपुर म. जे.एल.एन. मार्ग पर स्थापित गैंन्ट्रिया. की बकाया विज्ञापन राशि रूपये 6,13,85,180/–की वसूली करने म. कोताही बरतने वाले जयपुर नगर निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राजस्व अधिकारी एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारिया/कर्मचारिया. के खिलाफ राजकोष को नुकसान पहुंचाने बाबत मुकदमा दर्ज करवा कर फर्म से बकाया राशि वसूल कर उसे ब्लैक लिस्टेड कर कार्यवाही की जाये।

इस परिवाद पर इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही करने के उपरान्त स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर के पत्र दिनांक 23.09.14 द्वारा अवगत करवाया गया कि नगर निगम जयपुर द्वारा मैसर्स एन.एस.पब्लिसिटी से नगर निगम कोष म. रसीद सं. 9002/2830 दिनांक 12.06.14 के द्वारा राशि रूपये 1,85,26,117 जमा करवा लिये गये हैं।

लोकयुक्त सचिवालय द्वारा कार्यवाही किए जाने के बाद नगर निगम के कोष म. इतनी बड़ी बकाया राशि का प्राप्त होना इस संस्था की महत्ता को दर्शित करता है। परिवाद म. वाँछित कार्यवाही पूर्ण होने पर यह परिवाद दिनांक 11.02.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(57)लोआस/2014

परिवादी नीलेश बुरड़, पता-संयोजक, आम आदमी पार्टी, फिरोज कॉम्प्लेक्स, सतपुलिया, बस स्टेण्ड के पास, ब्यावर, जिला अजमेर द्वारा यह परिवाद नगर परिषद्, ब्यावर म. अवैध निर्माण, अनियमितताआ, सार्वजनिक लाईट, सफाई एवं ट्रैफिक व्यवस्थाआ. के सन्दर्भ म. दिनांक 07.05.14 को पेश किया गया।

इस सम्बन्ध म. पत्र दिनांक 16.05.14 द्वारा तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगे जाने पर जिला कलेक्टर, अजमेर ने अपने पत्र दिनांक 06.06.14 के द्वारा अवगत करवाया कि सार्वजनिक लाईटा. के 24 घंटे जले रहने के सन्दर्भ म. टाईमर स्विच लगा दिए गए हैं। कचरा वाहना. को त्रिपाल से ढक कर ले जाने के लिए व्यवस्था कर दी गयी है। आवारा पशुआ. को पकड़ने का कार्य ठेके पर देने के लिए निविदाएं आमंत्रित की जा रही हैं। नगर परिषद् म. लगे सी.सी.टी.वी. कैमरे ठीक करवा दिए गए हैं। लोक सूचना बोर्ड, जो क्षतिग्रस्त था, नया बनवा दिया गया है। ट्रैफिक व्यवस्था व अवैध कॉम्प्लेक्स निर्माण के विरूद्ध नोटिस जारी कर सीज करने की

कार्यवाही की जा रही है। सड़क के दोना. ओर नाली बनवाकर दुरूस्ती का काम किया जा रहा है। सड़क के बीच म. डिवाइडर बनवाया जा रहा है।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा की गई कार्यवाही के फलस्वरूप परिवादी को लगभग एक माह म. पूर्ण अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 03.09.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(60)लोआस/2014

परिवादी राजेन्द्र कुमार सुराणा, पता–सुराणा मंगल मार्केट, पाली बाजार, ब्यावर, जिला–अजमेर द्वारा यह परिवाद नगर परिषद्, ब्यावर द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के अधीन सूचनाएँ उपलब्ध नहीं करवाए जाने के सन्दर्भ म. दिनांक 09.05.14 को पेश किया गया।

इस सम्बन्ध म. पत्र दिनांक 16.05.14 के द्वारा जिला कलेक्टर, अजमेर से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगे जाने पर उनके पत्र दिनांक 23.06.14 के द्वारा अवगत करवाया गया कि परिवादी को चाही गयी सूचनाएँ उपलब्ध करवायी गई हैं।

इस प्रकार परिवादी को पूर्ण अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 25.06.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(61)लोआस/2014

परिवादिया श्रीमती कमला, गंगानगर कॉलोनी, ब्यावर ने यह परिवाद दिनांक 09.05.14 को इस सचिवालय म. इस आशय का पेश किया कि गंगानगर कॉलोनी के प्लाट नं. 7 के पास सरकारी (पड़त) भूमि पड़ी है जिस पर आए दिन भू–माफिया. और असामाजिक तत्वा. की नजर रहती

है। सन् 2011-12 म. भी कुछ लोगा. ने वहाँ पर अवैध कब्जा कर लिया था जिसकी सूचना, नगर परिषद् म. देने पर उस वक्त उस अवैध कब्जे को गिरा दिया था। उसके बाद परिषद ने कोई ध्यान नहीं दिया और अब वहाँ पर वापस अवैध कब्जा कर लिया गया है जिसे हटवाया जावे।

इस परिवाद पर इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही करने के उपरान्त कार्यालय जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, अजमेर ने अपने पत्र दिनांक 26.08.14 द्वारा अवगत करवाया कि श्रीमती कमला देवी के पास गंगानगर कॉलोनी के प्लाट न. 7 के पास सरकारी पड़त भूमि पर बाउण्ड्रीवाल बना कर किये गये अतिक्रमण को नगर परिषद्, ब्यावर द्वारा नियमानुसार दिनांक 12.08.14 को ध्वस्त कर दिया गया है।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही किए जाने के बाद परिवादिया को अनुतोष प्राप्त होने के फलस्वरूप यह परिवाद दिनांक 12.12.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(70)लोआस/2014

परिवादी श्री हरिचरण, अनाज मण्डी, करौली ने यह परिवाद दिनांक 14. 05.14 को इस सचिवालय म. इस आशय का पेश किया कि खसरा नं. 4713, 14, 15, 16, 17, 18, 23 व 24 के आगे रियासतकालीन नाला निकला हुआ था। कुछ समय पहले नगर परिषद् द्वारा इस नाले के ऊपर रोड़ बना दी गई है जिससे उसके घर का पानी नहीं निकल पा रहा है। अतः रोड़ के दोना. तरफ नाले का निर्माण कराया जावे।

इस परिवाद पर कार्यवाही करने पर आयुक्त, नगर परिषद्, करौली ने अपने पत्र दिनांक 07.08.14 द्वारा अवगत करवाया कि परिवादी की स्वयं

की भूमि म. मंदिर बना हुआ है और वहां पर पानी भरा हुआ है। पानी के निकासी के लिये पक्की नाली का निर्माण कराया जाना है जिसमें अनुमानित लागत लगभग 20 लाख रूपये है। नगर परिषद् म. बजट उपलब्ध होने पर कार्य करवा दिया जावेगा। इस प्रकार परिवाद म. इस सचिवालय स्तर की कार्यवाही पूर्ण हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 20.01.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(130)लोआस/2014

परिवादी श्री एन.एस.सिंह व अन्य, पता-मनोचिकित्सालय, गोविन्द मार्ग, आदर्श नगर, जयपुर द्वारा यह परिवाद मनोचिकित्सालय आदर्श नगर, जयपुर के बाहर तम्बू लगाकर चलाए जा रहे ढ़ाबे को हटाए जाने के सन्दर्भ म. दिनांक 10.06.14 को पेश किया गया।

चूँकि परिवाद म. किसी भी परिवादी का पता अंकित नहीं था, अत: इसकी एक प्रति मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम, जयपुर को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु प्रेषित करते हुए इसे दिनांक 20.06.15 को नस्तीबद्ध किया गया जिसके उत्तर म. नगर निगम ने अपने पत्र दिनांक 18.07.14 द्वारा यह सूचित किया कि परिवाद म. वर्णित उक्त अतिक्रमण दिनांक 10.07.14 को हटा दिया गया है।

प्रकरण को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित कर दिये जाने पर विभाग द्वारा उचित कार्यवाही कर लिया जाना इस सचिवालय की महत्ता को प्रकट करता है।

एफ.16(178)लोआस/2014

परिवादी जगाराम गुजराती, मण्डिया रोड़, हरिजन बस्ती, पाली ने यह परिवाद दिनांक 04.07.14 को इस सचिवालय म. इस आशय का पेश

किया है कि नगर परिषद्, पाली द्वारा दिनांक 17.12.13 को 283 सफाई कर्मचारिया. के स्वीकृत सीधी भर्ती के रिक्त पदा. पर धांधली करते हुए नियुक्ति आदेश जारी किये गये हैं। इस सम्बन्ध म. कार्यवाही की जावे। इस परिवाद के सम्बन्ध म. कार्यवाही करने पर स्वायत्त शासन विभाग ने यह अवगत करवाया कि कुछ अभ्यर्थिया. द्वारा माननीय उच्च न्यायालय म. रिट याचिका प्रस्तुत की गई थी जिसमें पारित निर्णय म. माननीय न्यायालय ने याचिकाकर्त्ताआ. को निदेशक, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान जयपुर के समक्ष प्रतिवेदन प्रस्तुत करने व ऐसे प्रतिवेदन पर एक माह म. विधिवत निर्णय लिये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। इस सम्बन्ध म. निदेशक, स्वायत्त शासन विभाग के पत्रांक 1087 दिनांक 11.02.15 के द्वारा उक्त प्रतिवेदन पर निर्णय पारित करते हुए (62-6) 56 व्यक्तिया. को सफाई कर्मचारी के पद पर नियुक्ति हेतु पात्र मानते हुए नियमानुसार नियुक्ति हेतु नगर परिषद् को निर्देशित किया गया है।

इस प्रकार परिवादी को वाँछित अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 27.03.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(214)लोआस/2014

परिवादी ग्यारसीलाल, सरपंच, ग्राम धर्मपुरा, बाड़ा-पदमपुरा, तहसील-चाकसू, जिला-जयपुर द्वारा यह परिवाद ग्राम गोरधनपुरा, तहसील-चाकसू म. सार्वजनिक श्मशान हेतु भूमि आवंटन के सन्दर्भ म. दिनांक 12.07.14 को पेश किया गया। इस सम्बन्ध म. पत्र दिनांक 22.07.14 द्वारा आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगे जाने पर उनके पत्र दिनांक 12.03.15 द्वारा अवगत करवाया गया कि जयपुर विकास प्राधिकरण की भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति की 114वीं बैठक दिनांक 19.02.15 म. लिये गये निर्णयानुसार ग्राम गोरधनपुरा तहसील चाकसू म. स्थित प्राधिकरण के स्वामित्व के खसरा नं. 65 किस्म चरागाह

रकबा 8.24 हैक्टेयर म. से 2500 वर्गमीटर भूमि श्मशान हेतु आरक्षित करने का निर्णय ले लिया गया है।

इस प्रकार लोकायुक्त सचिवालय द्वारा की गई कार्यवाही के फलस्वरूप परिवादी को 7 माह म. पूर्ण अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 25.03.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(281)लोआस/2014

परिवादी लोकेश अग्रवाल, निवासी-प्लाट नम्बर-88, गीजगढ़ विहार, हवा सड़क, बाईस गोदाम, जयपुर द्वारा यह परिवाद भू-खण्ड सं. 89 गीजगढ़ विहार, बाईस गोदाम, जयपुर म. किये जा रहे अवैध निर्माण के सन्दर्भ म. दिनांक 11.08.14 को पेश किया गया।

इस सचिवालय द्वारा मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम, जयपुर को परिवाद के सन्दर्भ म. तथ्यात्मक रिपोर्ट हेतु पत्र दिनांक 21.08.14 व 15.09.14 प्रेषित किये जाने के बाद नगर निगम, जयपुर से प्राप्त तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 10.10.14 के अनुसार भूखण्ड सं. 89, गीजगढ़ विहार, बाईस गोदाम, कच्ची बस्ती म. फ्रन्ट सैटबैक म. किये गये निर्माण को हटवा दिया गया है एवं उक्त प्रकरण म. न्यायालय अपर सिविल न्यायाधीश (क.ख.) एवं महानगर मजिस्ट्रेट संख्या-4, जयपुर महानगर म. वाद विचाराधीन है।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही किए जाने के बाद परिवादी को लगभग 2 माह म. अनुतोष प्राप्त हो जाने के फलस्वरूप यह परिवाद दिनांक 23.03.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(289)लोआस/2014

परिवादी श्री हीरालाल पंवार, निवासी-7/3, खान्दू कॉलोनी, मैनगेट, बांसवाड़ा द्वारा यह परिवाद प्लाट सं. 14 व 208, खान्दू कॉलोनी म. किए गए अवैध निर्माण को हटाने के सन्दर्भ म. दिनांक 23.07.14 को पेश किया गया।

इस परिवाद के सन्दर्भ म. तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु आयुक्त, नगर परिषद्, बांसवाड़ा को पत्र दिनांक 13.08.14 भेजा गया एवं इसके बाद सचिवालय द्वारा निरन्तर कार्यवाही किए जाने पर नगर परिषद्, बाँसवाड़ा के पत्र दिनांक 10.02.15 द्वारा अवगत करवाया गया कि भू-खण्ड सं. 14 व 208 पर किये गये अवैध निर्माण को हटा दिया गया है।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही किए जाने के बाद परिवादी को पूर्ण अनुतोष प्राप्त हो जाने के फलस्वरूप यह परिवाद दिनांक 25.03.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(308)लोआस/2014

परिवादिया श्रीमती टीना लोहिया, निवासी-कबूतरा. का चौक, भजन चौकी, जालोरी गेट के अन्दर, जोधपुर द्वारा यह परिवाद अपने भू-खण्ड सं. सी-182, कमला नेहरू नगर, प्रथम विस्तार योजना, जोधपुर का नाम हस्तान्तरण करने के सन्दर्भ म. नगर निगम, जोधपुर के लोक सेवका. के विरूद्ध दिनांक 11.08.14 को पेश किया गया।

इस परिवाद के सम्बन्ध म. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम, जोधपुर को पत्र दिनांक 19.08.14 प्रेषित कर तथ्यात्मक प्रतिवेदन मांगा गया। इसके बाद निरन्तर कार्यवाही किए जाने के बाद नगर निगम, जोधपुर ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 30.01.15 द्वारा अवगत करवाया कि मकान

सं. 182, सेक्टर 'सी', कमला नेहरू नगर, प्रथम विस्तार योजना, जोधपुर का हस्तान्तरण श्रीमती टीना लोहिया व श्री रमेश लोहिया के नाम करने की स्वीकृति निगम के हस्तान्तरण आदेश क्रमांक 3444 दिनांक 13.10.14 द्वारा प्रदान कर दी गयी है।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही किए जाने के बाद परिवादिया को लगभग 2 माह म. पूर्ण अनुतोष प्राप्त हो जाने के फलस्वरूप यह परिवाद दिनांक 26.03.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(312)लोआस/2014

परिवादी फूलचंद शर्मा, निवासी-मकान नम्बर 21, आदित्य नगर, ग्रामीण पुलिस लाइन, बोरखेड़ा, कोटा द्वारा यह परिवाद भू-खण्ड सं. 5, आदित्य नगर म. मशरूल हसन द्वारा मस्जिद व मदरसे का निर्माण बिना इजाजत किए जाने के सन्दर्भ म. दिनांक 14.08.14 को पेश किया गया।

इस सचिवालय द्वारा परिवाद के सन्दर्भ म. तथ्यात्मक रिपोर्ट हेतु अतिरिक्त मुख्य सचिव, नगरीय विकास विभाग, जयपुर को पत्र दिनांक 21.08.14 को प्रेषित किया गया एवं इसके बाद निरन्तर कार्यवाही किये जाने पर अतिरिक्त मुख्य सचिव की ओर से प्राप्त तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 05.02.15 के अनुसार भू-स्वामी मशरूल हसन को नगर विकास न्यास, कोटा द्वारा विधि विरूद्ध निर्माण के सन्दर्भ म. नोटिस दिया गया एवं नोटिस का जबाव सन्तोषजनक न पाए जाने पर भू-खण्ड सं. 5 का पट्टा निरस्त किया गया एवं भू-खण्ड का कब्जा नगर विकास न्यास द्वारा वापस लेकर सुरक्षा गार्ड नियुक्त किया गया है।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही किए जाने के बाद परिवादी को लगभग 6 माह म. पूर्ण अनुतोष प्राप्त हो जाने के फलस्वरूप यह परिवाद दिनांक 01.04.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(316)लोआस/2014

परिवादी श्री ओ.पी.अग्रवाल, सचिव, श्याम नगर विकास समिति, निवासी-डी-90, जनपथ, श्यामनगर, जयपुर द्वारा यह परिवाद भू-खण्ड सं. ए-157-ए, अयोध्या पथ, श्यामनगर, जो कि पब्लिक पार्क (Facility Area) के लिए आरक्षित था, पर सत्यनारायण सिंह राठौड द्वारा स्वयं को 1/3 हिस्से का मालिक बताते हुए, उसके गैर कृषि रूपान्तरण के सन्दर्भ म. प्रस्तुत प्रार्थना-पत्र पर जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से प्रकाशित लोक सूचना के आक्षेप के बतौर यह परिवाद दिनांक 13.08.14 को पेश किया गया है।

इस सम्बन्ध म. पत्र दिनांक 13.08.14 द्वारा जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई जिसके उत्तर म. उनके पत्र दिनांक 17.12.14 द्वारा अवगत करवाया गया कि अनुमोदित योजना मानचित्र म. प्रश्नगत भूमि को सुविधा क्षेत्र/पार्क दर्शाये हुए होने तथा माननीय उच्च न्यायालय द्वारा सुविधा क्षेत्र के रूप म. घोषित भूखण्डा. का अन्य उपयोग हेतु परिवर्तन करने पर डी.बी.सिविल रिट पिटीशन संख्या 13084/2009 म. पारित आदेश दिनांक 07.07.11 द्वारा पूर्णतः रोक लगाई हुई होने के कारण सत्यनारायण सिंह द्वारा प्रस्तुत गैर कृषि कार्य हेतु रूपान्तरण का प्रार्थना-पत्र जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर द्वारा खारिज कर दिया गया है।

इस प्रकार लोकायुक्त सचिवालय द्वारा की गई कार्यवाही के फलस्वरूप अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 13.01.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(318)लोआस/2014

परिवादी ओमप्रकाश लोहार, निवासी-राईका बस्ती, जैतारण, पाली द्वारा यह परिवाद राईका बस्ती म. नाली निर्माण, नए तालाब पर सीसी रोड़ के निर्माण व रोड़ लाईट लगवाए जाने के सन्दर्भ म. दिनांक 04.08.14 को पेश किया गया।

इस सचिवालय द्वारा परिवाद पर कार्यवाही किये जाने के बाद उप निदेशक (क्षेत्रीय), स्वायत्त शासन निकाय विभाग, जोधपुर से प्राप्त तथ्यात्मक रिपोर्ट दिनांक 12.03.15 के अनुसार परिवादी द्वारा बताये गये स्थल पर सड़क व नालिया. के निर्माण के लिए नगरपालिका द्वारा वर्ष 2009 म. आई.एच.एस.डी.पी. योजना स्वीकृत होकर टेण्डर आमंत्रित किये जाकर निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया लेकिन संवेदक द्वारा कार्य, बीच म. छोड़ देने के कारण कार्य पूर्ण नहीं हो सका। दो बार निविदा जारी करने के बाद भी किसी फर्म द्वारा निविदा पेश नहीं की गयी है। इस बीच नगरपालिका म. पदस्थापित आई.एच.एस.डी.पी. योजना के कनिष्ठ अभियन्ता को हटा दिया गया है। रोड़ लाईट सम्बन्धी कार्य पूर्ण किया जा चुका है। परिवादी द्वारा भी कार्यवाही से सन्तुष्ट होना बताया गया है।

इस प्रकार लोकायुक्त सचिवालय द्वारा की गई कार्यवाही के फलस्वरूप परिवादी को अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 24.03.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(336)लोआस/2014

परिवादी रूपराम मेघवाल, पार्षद, वार्ड नम्बर-4, सादुलशहर, जिला श्रीगंगानगर द्वारा यह परिवाद वार्ड नम्बर-4 म. विकास कार्य करवाने व विकास कार्यो म. भेदभाव के सन्दर्भ म. दिनांक 12.08.14 को पेश किया गया।

इस सम्बन्ध म. पत्र दिनांक 22.10.14 से निदेशक, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगे जाने पर उनके पत्र दिनांक 11.03.15 द्वारा अवगत करवाया गया कि वार्ड संख्या-4 म. विभिन्न विकास कार्य करवाए जा चुके हैं। परिवादी की शिकायत का समाधान नगरपालिका, सादुलशहर द्वारा किया जा चुका है।

इस प्रकार लोकायुक्त सचिवालय द्वारा की गई कार्यवाही के फलस्वरूप परिवादी को अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 26.03.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(437)लोआस/2014

परिवादी श्री बनवारी लाल छीपा, निवासी-6/37, गणेश कॉलोनी, सांगानेर, जयपुर द्वारा यह परिवाद दिनांक 03.09.14 को इस सन्दर्भ म. पेश किया गया कि जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर द्वारा अनुमोदित कुशल नगर, सांगानेर स्थित प्लाट सं. 144 से 170 का एक ब्लॉक है लेकिन प्लॉट सं. 144 के मालिक द्वारा प्लाट सं. 145 पर अनाधिकृत निर्माण करवाया जा रहा है।

इस परिवाद के सन्दर्भ म. जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर को तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु पत्र दिनांक 02.10.14 को प्रेषित किया गया जिसके क्रम म. जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा पत्र दिनांक 13.11.14 द्वारा अवगत करवाया गया कि उक्त भूखण्ड सं. 145 के ग्राउण्ड फ्लोर पर सैटबैक को कवर कर बनाये गये अवैध पिलरा. को जेडीए एक्ट की धारा 32-33 के नोटिस जारी कर ध्वस्त कर दिया गया है एवं न्यायालय म. चालान पेश कर दिया गया है। उक्त रिपोर्ट म. परिवादी ने जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा की गई कार्यवाही से सन्तुष्ट होना कहा है।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही किए जाने के बाद परिवादी को लगभग 6 माह म. पूर्ण अनुतोष प्राप्त हो जाने पर यह परिवाद दिनांक 17.03.15 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.16(565)लोआस/2014

परिवादी बाबूलाल सैनी, निवासी–नवीन बस स्टेण्ड के पीछे, मानसरोवर कॉलोनी, राजगढ़, अलवर द्वारा यह परिवाद दिनांक 26.09.14 को इस आशय का पेश किया कि लगभग सात माह पहले नगरपालिका द्वारा उसके भवन के साइड की नाली म. भरी हुई गन्दगी के ऊपर ही रोड़ी–सीमेंट डालकर बीच म. से ऊंचा कर दिया गया जिसके कारण पीछे की नाली नीची रह गई जिसमें लगभग डेढ़–दो फुट गन्दगी भरी हुई है जिसे ठीक करवाया जावे।

परिवादी द्वारा शिकायत के समर्थन में शपथ पत्र प्रस्तुत न करने पर परिवाद की एक प्रति आवश्यक कार्यवाही करने हेतु अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, राजगढ़ को प्रेषित करते हुए यह परिवाद दिनांक 19.02.15 को नस्तीबद्ध किया गया जिसके उत्तर म. अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, राजगढ़ ने अपने पत्र दिनांक 12.03.15 द्वारा अवगत करवाया कि परिवादी की समस्या का पूर्ण समाधान कर दिया गया है एवं परिवादी पूर्णतः सन्तुष्ट है।

प्रकरण को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित कर दिये जाने पर विभाग द्वारा उचित कार्यवाही शीघ्र कर लिया जाना इस सचिवालय की महत्ता को प्रकट करता है।

एफ.18(3)लोआस/2013

परिवादी श्री मनीराम, सरपंच, ग्राम पंचायत, भोजासर बड़ा, पंचायत समिति लक्ष्मणगढ़, जिला सीकर व अन्य के द्वारा यह परिवाद गांव म. अवैध रूप से चलने वाले देशी व अंग्रेजी शराब के ठेकों को बंद करवाने के संदर्भ म. दिनांक 24.04.13 को पेश किया गया।

इस सम्बन्ध म. जिला कलेक्टर, सीकर को पत्र दिनांक 31.10.13 प्रेषित किया गया जिसके प्रत्युत्तर म. पत्र दिनांक 20.02.14 द्वारा अवगत करवाया गया कि ग्राम भोजासर बड़ा म. चल रही शराब की दुकान आबकारी विभाग से नियमानुसार आवंटित होकर चल रही थी जिसे ग्रामवासिया. की शिकायत पर अन्यत्र स्थानान्तरित कर दिया गया है।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही किये जाने के पश्चात् परिवादी को अनुतोष प्राप्त हो जाने के फलस्वरूप यह परिवाद दिनांक 19.05.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.18(17)लोआस/2014

परिवादी श्री श्रवण कुमार व अन्य, वार्ड नं. 10 गुलाबपुरा, तहसील हुरड़ा जिला भीलवाड़ा द्वारा यह परिवाद वार्ड नं. 10 म. स्थित देशी शराब की दुकान को मंदिर एवं विद्यालय के नजदीक होने के कारण हटाने के संदर्भ म. दिनांक 23.05.14 को पेश किया गया।

इस परिवाद के संदर्भ म. तथ्यात्मक रिपोर्ट हेतु सचिवालय द्वारा आबकारी आयुक्त, उदयपुर को पत्र दिनांक 10.06.14 प्रेषित किया गया जिसके प्रत्युत्तर म. पत्र दिनांक 30.06.14 द्वारा यह अवगत करवाया गया कि वार्ड

नं. 10 गुलाबपुरा म. स्थित मदिरा की दुकान को अन्यत्र स्थानान्तरित किया जाकर परिवादी की परिवेदना का समाधान किया जा चुका है।

इस प्रकार इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही किये जाने के पश्चात् परिवादी को अनुतोष प्राप्त हो जाने के फलस्वरूप यह परिवाद दिनांक 31.12.14 को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.22(6)/लोआस/2011 एवं एफ.22(38)/लोआस/2011

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर की इन पत्रावलिया. म. राजस्व ग्राम, रानीपुर, चाकसू की 10.61 हैक्टेयर, राजस्व ग्राम शिवदासपुरा, चंदलाई व रामपुराबास गोनेर की 23.20 हैक्टेयर भूमि का भू-उपयोग परिवर्तन राज्य स्तरीय भू-उपयोग परिवर्तन समिति द्वारा स्वीकृत किया गया है। यह भू-उपयोग परिवर्तन ग्रामीण क्षेत्र से आवासीय प्रयोजनार्थ किया गया है। पत्रावलिया. का परीक्षण इस सचिवालय द्वारा किये जाने पर यह पाया गया कि संबंधित भूमि के खातेदारा. द्वारा श्री अशोक कुमार अग्रवाल के पक्ष म. मुखत्यारनामे आम निष्पादित किये जाकर इनमें भूमि विक्रय के अधिकार भी दिये गये हैं। राजस्थान वित्त अधिनियम, 2004 के अनुसार अचल सम्पत्ति के विक्रय का अधिकार देने वाले मुखत्यारनामा आम पर संपत्ति की मार्केट वैल्यू का 2 प्रतिशत मुद्रांक शुल्क देय होता है। इन पत्रावलिया. म. प्रस्तुत मख्त्यारनामा आम म. न तो मुद्रांक शुल्क की वसूली की गई है और न ही इनका पंजीयन करवाया गया है। इस सचिवालय के पत्र दिनांक 04.02.14 के द्वारा आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर को उक्त अमुद्रांकित एवं अपंजीकृत मुखत्यारनामा आम पर निर्धारित स्टाम्प ड्यूटी की वसूली की कार्यवाही करने हेतु लिखा गया। सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर ने अपने पत्र दिनांक 19.06.14 के द्वारा अवगत कराया कि प्रकरण म. मुद्रांक शुल्क की वसूली हेतु उप महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के न्यायालय म. रेफरेन्स दर्ज

करवा दिया गया है। उप महानिरीक्षक, पंजीयन एवं पदेन कलेक्टर, मुद्रांक वृत-तृतीय ने अपने पत्र दिनांक 20.10.14 के द्वारा यह अवगत कराया है कि मुद्रांक शुल्क वसूली हेतु उनके न्यायालय म. प्रकरण संख्या 410/2014 दर्ज कर लिया गया है।

इस प्रकार प्रकरण म. मुद्रांक शुल्क की अपवंचना पाई गई थी। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अमुद्रांकित मुखत्यारनामा आम के आधार पर ही कार्यवाही कर दी गई थी। इस सचिवालय के निर्देश पर प्रश्नगत मुखत्यारनामा आम पर मुद्रांक शुल्क की वसूली करने हेतु सक्षम न्यायालय म. रेफरेन्स प्रकरण दर्ज करवा दिया गया है। पत्रावली म. रेफरेन्स प्रकरण की त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट इस सचिवालय द्वारा ली जा रही है।

एफ.22(179)/लोआस/2011

यह पत्रावली जिला कलेक्टर, कोटा के कार्यालय से संबंधित है। इस पत्रावली म. ग्राम कनवास, तहसील सांगोद, जिला कोटा की श्रीमती जेबुनिशा की खातेदारी कृषि भूमि खसरा नं. 2219 रकबा 5800 वर्गमीटर भूमि का राजस्थान भू-राजस्व (ग्रामीण क्षेत्रा. म. कृषि भूमि का अकृषिक प्रयोजना. के लिए सम्परिवर्तन) नियम 1992 के अन्तर्गत आवासीय प्रयोजनार्थ सम्परिवर्तन किया गया है। पत्रावली का परीक्षण करने पर यह पाया गया कि प्रकरण म. उक्त नियमा. के बजाय राजस्थान भू-राजस्व (ग्रामीण क्षेत्रा. म. कृषि भूमि का अकृषिक प्रयोजना. के लिए सम्परिवर्तन) नियम 2007 के तहत कार्यवाही की जानी थी।

इस प्रकार पत्रावली म. 24,300/- की भूमि रूपान्तरण राशि कम वसूल होना पाया गया। इस सचिवालय के पत्र दिनांक 13.03.14 के द्वारा जिला कलेक्टर, कोटा को प्रकरण म. भूमि सम्परिवर्तन की बकाया राशि वसूल कर अवगत कराने के निर्देश दिये गये। उन्होंने अपने पत्र दिनांक 02.03.15 के द्वारा अवगत कराया कि बाकीदार जेबुनिशा ने रसीद संख्या

305883/06 दिनांक 20.02.15 के द्वारा बकाया राशि रूपये 24,300/- राजकोष म. जमा करा दी हैं।

प्रकरण म. अप्रचलित एवं पुराने नियमा. के तहत कम रूपान्तरण राशि जमा कर भूमि रूपान्तरण कर दिये जाने से इस सचिवालय द्वारा दिये गये निर्देशा. की पालना म. आवेदक से नये एवं प्रचलित नियमा. के तहत निर्धारित सम्परिवर्तन की अन्तर राशि जमा करवा लिये जाने से पत्रावली को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.22(312)/लोआस/2011

यह प्रकरण नगर विकास न्यास, उदयपुर से संबंधित है। पत्रावली म. डूंगरपुरिया मोची समाज समिति, उदयपुर को सामाजिक कार्यो हेतु न्यास की भुवाणा विस्तार योजना, श्याम नगर, बी-ब्लॉक म. 6000 वर्गफीट भूमि रियायती दर पर आवंटित की जाकर दिनांक 04.03.2005 को न्यास द्वारा आवंटन-पत्र जारी किया गया है। इस आवंटन बाबत न्यास ने दिनांक 18.08.2008 को लाईसेंस डीड भी जारी कर दी। संस्था को किया गया आवंटन राज्य सरकार के अनुमोदन से किया गया है। प्रकरण की पत्रावली का इस सचिवालय द्वारा परीक्षण किये जाने एवं आवंटित भूमि की मौका रिपोर्ट लिये जाने पर यह तथ्य उजागर हुआ कि संस्था ने उसको जारी लाईसेंस डीड की शर्त संख्या तीन की अनुपालना म. निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करवाया है।

इस सचिवालय के पत्र दिनांक 17.09.14 के द्वारा सचिव, नगर विकास न्यास, उदयपुर को संस्था द्वारा आवंटन शर्तो की पालना न करने से नियमानुसार आवंटन निरस्त करने अथवा संस्था के आवेदन पर राजस्थान नगर सुधार न्यास (शहरी भूमि निस्तारण) नियम 1974 के तहत नियमितीकरण की कार्यवाही करने हेतु लिखा गया, जिसके क्रम म. उन्होंने अपने पत्र दिनांक 21.01.15 के द्वारा अवगत कराया कि संस्था ने

आवंटित भूमि पर बेसमेंट+भूमि से तल का निर्माण कार्य पूर्ण करवा लिया गया है तथा आवंटन शर्तो की पालना करवा ली गई है। उन्होंने मौके पर हुए निर्माण के फोटोग्राफ्स भी साथ म. प्रेषित किये। प्रकरण म. लीज डीड दिनांक 18.08.2008 को जारी होने के बावजूद संस्था द्वारा इसकी शर्तो की पालना म. निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करवाया था। इस सचिवालय द्वारा निर्देश दिये जाने के पश्चात् न्यास ने उक्त संस्था से आवंटित भूमि पर निर्माण कार्य पूर्ण करवाकर आवंटन शर्तो की पालना सुनिश्चित करवा ली है। आवंटन शर्तो की पालना म. सम्पूर्ण कार्यवाही सम्पन्न हो जाने से प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.22(320)/लोआस/2011

नगर विकास न्यास, उदयपुर की इस पत्रावली म. राजस्थान क्षत्रिय दमामी (ढ़ोली) महासभा, उदयपुर को छात्रावास निर्माण हेतु न्यास की भुवाणा विस्तार योजना, श्याम नगर, बी–ब्लॉक म. 6000 वर्गफीट भूमि आरक्षित दर पर आवंटित की जाकर दिनांक 15.04.05 को आवंटन पत्र जारी किया गया। संस्था को दिनांक 18.04.07 को लाईसेंस डीड भी जारी कर दी गई। यह आवंटन राज्य सरकार की स्वीकृति के उपरांत किया गया है।

इस सचिवालय द्वारा पत्रावली का परीक्षण किये जाने एवं जिला कलेक्टर, उदयपुर से जाँच करवाये जाने के पश्चात् यह तथ्य सामने आया कि संस्था द्वारा उसको जारी लाईसेंस डीड की शर्त संख्या तीन के अनुसरण म. आवंटित भूमि पर छात्रावास निर्माण का कार्य निर्धारित समयावधि म. नहीं करवाया गया है। इस सचिवालय के पत्र दिनांक 17.09.14 से सचिव, नगर विकास न्यास, उदयपुर को संस्था द्वारा आवंटन शर्तो की पालना न करने से नियमानुसार आवंटन निरस्त करने अथवा संस्था के आवेदन पर प्रकरण के नियमितीकरण की कार्यवाही किये जाने बाबत लिखा गया। उन्होंने अपने पत्र दिनांक 21.01.15 के द्वारा अवगत कराया

कि संस्था से आवंटित भूमि पर भूमि तल+प्रथम तल का निर्माण कार्य पूर्ण करवा लिया गया है। उन्होंने मौके के फोटोग्राफ्स भी साथ म. प्रेषित किये। इस प्रकार संस्था को वर्ष 2007 म. लाईसेंस डीड जारी होने के बाद भी संस्था ने आवंटित भूमि पर निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया था। इस सचिवालय द्वारा निर्देश दिये जाने के बाद नगर विकास न्यास, उदयपुर द्वारा प्रकरण म. संस्था से निर्माण कार्य पूर्ण करवाकर आवंटन शर्तो की पालना सुनिश्चित करवा ली गई है अतः पालना पूर्ण हो जाने से प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.22(323)/लोआस/2011

नगर विकास न्यास, उदयपुर की इस पत्रावली म. श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज, नवयुवक मण्डल संस्थान, उदयपुर को सामाजिक गतिविधिया. हेतु न्यास की हिरण मगरी योजना, सेक्टर 14 म. 8500 वर्गफीट भूमि आरक्षित दर की 25 प्रतिशत की रियायती दर से आवंटित की जाकर न्यास द्वारा दिनांक 28.05.2004 को आवंटन पत्र जारी किया गया। आवंटन के सम्बन्ध म. दिनांक 13.03.2006 को संस्था के पक्ष म. लाईसेंस डीड का निष्पादन किया गया। आवंटन की स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा प्रदान की गई है। पत्रावली का परीक्षण इस सचिवालय द्वारा किये जाने पर यह तथ्य सामने आया कि संस्था द्वारा आवंटन के सम्बन्ध म. जारी लीज डीड की शर्तो की पालना म. निर्धारित अवधि म. निर्माण कार्य पूर्ण कर आवंटन प्रयोजनार्थ भूमि को काम म. नहीं लिया है।

इस सचिवालय के पत्र दिनांक 17.09.14 के द्वारा सचिव, नगर विकास न्यास, उदयपुर को संस्था द्वारा आवंटन शर्तो की पालना न करने से नियमानुसार आवंटन निरस्त करने अथवा संस्था के आवेदन पर राजस्थान नगर सुधार न्यास (शहरी भूमि निस्तारण) नियम 1974 के तहत प्रकरण के नियमितीकरण की कार्यवाही करने हेतु लिखा गया। उन्होंने अपने पत्र दिनांक 16.04.15 के द्वारा अवगत कराया कि संस्था द्वारा निर्धारित

समयावधि म. निर्माण नहीं करने के सम्बन्ध म. भूखण्ड की कीमत का 5 प्रतिशत प्रतिवर्ष के हिसाब से 7 वर्ष के लिए विलम्ब शुल्क की राशि न्यास कोष म. जमा करवाई जाकर प्रकरण का नियमितीकरण कर दिया गया है। प्रकरण म. संस्था को जारी लाईसेंस डीड की शर्त संख्या तीन के अनुसार दो वर्ष की अवधि म. निर्माण कार्य पूरा करना था जिसकी अनुपालना न्यास द्वारा सुनिश्चित नहीं की गई थी।

इस सचिवालय द्वारा निर्देश दिये जाने के पश्चात् न्यास ने आवंटी से निर्धारित शास्ति राशि वसूल कर प्रकरण का नियमितीकरण कर दिया है जिससे पत्रावली को नस्तीबद्ध किया गया है।

एफ.22(327)/लोआस/2011

नगर विकास न्यास, उदयपुर की इस पत्रावली म. राजस्व ग्राम, बलीचा तह0 गिर्वा, उदयपुर के खसरा नं. 100, 242 से 246, 256, 257, 1854/258, 259 से 262, 264 से 266, 268, 331 से 344, 355, 356 व 417 किता 24 रकबा 13.24 हैक्टेयर खातेदारी भूमि के सम्बन्ध म. राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 बी के तहत पुनर्ग्रहण की कार्यवाही तथा ले-आउट प्लान अनुमोदन के पश्चात् भूमि का नियमन किया जाकर आवंटन पत्र/पट्टा विलेख जारी करने की कार्यवाही की गई है। इस सचिवालय द्वारा पत्रावली का परीक्षण किये जाने पर यह तथ्य प्रकट हुआ कि धारा 90 बी एल.आर.एक्ट की कार्यवाही के विरूद्ध न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त, उदयपुर के यहाँ अपील प्रस्तुत हुई जिसमें खसरा नं. 245 व 246 की भूमि को तालाब पेटा की भूमि मानते हुए प्रश्नगत पुनर्ग्रहण आदेश को निरस्त किया गया तथा प्रकरण को नये सिरे से निर्णीत करने के निर्देश दिये गये।

इस सचिवालय के पत्र दिनांक 23.04.14 के द्वारा सचिव, नगर विकास न्यास, उदयपुर को तालाब पेटा की प्रतिबंधित भूमि के सम्बन्ध म. की

गई धारा 90 बी एल.आर.एक्ट के तहत पुनर्ग्रहण की कार्यवाही के सम्बन्ध म. उचित निर्णय लेकर अवगत कराने हेतु लिखा गया। उन्होंने अपने पत्र दिनांक 19.06.14 के द्वारा अवगत कराया कि नदिया, तालाबों, झीला. की डूब क्षेत्र व जलग्रहण क्षेत्र की भूमिया. की धारा 90 बी भू-राजस्व अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही नहीं की जानी चाहिए थी। अब्दुल रहमान की जनहित याचिका सं. 1536/03 म. पारित निर्णय के अन्तर्गत प्रतिबंधित किस्म की होने से न्यास द्वारा खसरा नं. 245 व 246 की भूमि के सम्बन्ध म. की गई पुनर्ग्रहण की कार्यवाही को निरस्त कर दिया गया है।

प्रकरण म. प्रतिबंधित भूमि के सम्बन्ध म. 90 बी की कार्यवाही अनियमित रूप से संपादित कर दी गई थी, जिसे इस सचिवालय के निर्देशोपरान्त निरस्त कर दिया गया है जिससे पत्रावली को नस्तीबद्ध किया गया।

एफ.22(345)/लोआस/2011

नगर विकास न्यास, उदयपुर की इस पत्रावली म. सर्वधर्म समिति, उदयपुर को सामाजिक/धार्मिक प्रयोजनार्थ चिकित्सालय भवन निर्माण एवं संचालन हेतु न्यास की हरिदास जी की मगरी योजना म. 17,950 वर्गफीट भूमि आरक्षित दर की 25 प्रतिशत दर पर आवंटित करने की कार्यवाही की गई है। पत्रावली का इस सचिवालय द्वारा परीक्षण किये जाने पर यह पाया गया कि इस आवंटन को निरस्त करने के लिए एक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिसमें यह उल्लेख किया गया कि उक्त संस्था अस्तित्व म. नहीं है एवं यह भूमि व्यायामशाला के रूप म. उपयोग म. लाई जा रही है। संस्था ने संसाधना. के सम्बन्ध म. बैलेन्सशीट आदि प्रस्तुत नहीं की है। संस्था को आवंटित भूमि का आवंटन पत्र भी जारी नहीं होना पाया गया।

